हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● मंगलवार ● 09.06.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 312 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 4 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### पीओके में पुलिस-पब्लिक में भिड़ंत, 7 की मौत

**मुजफ्फराबाद** : पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक असंतोष अब हिंसक रूप ले चुका है। चुनावी व्यवस्था में बदलाव की मांग को लेकर पीओके के लोगों में भारी गुस्सा है। लोग अब सड़कों पर उतर आए हैं और पर्दर्शन कर रहे हैं। इस बीच, स्थानीय प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़प की खबरें हैं, जिसमें अब तक कम से कम सात लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 63 से अधिक लोग इस झड़प में घायल बताए जा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, आंदोलनकारी संगठन 'जॉइंट आर्मी एक्शन कमेटी' के समर्थकों और पुलिस के बीच कई स्थानों पर हिंसक टकराव हुआ है। झड़पों में मरने वालों में तीन नागरिकों और चार पुलिसकर्मी शामिल हैं। पाक की मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि जैसे-जैसे 'जॉइंट आर्मी एक्शन कमेटी' प्रदर्शनकारियों ने अपना आंदोलन तेज किया, क्षेत्रीय सरकार ने 'जॉइंट आर्मी एक्शन कमेटी' को आतंकवाद-रोधी कानूनों के तहत प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया। लेकिन 'जॉइंट आर्मी एक्शन कमेटी' ने अपना आंदोलन जारी रखा हुआ है। इस कार्रवाई से भड़के 'जॉइंट आर्मी एक्शन कमेटी' ने अब आज यानी (मंगलवार को) पूरे इलाके में हड़ताल और बंद का आह्वान किया है।

### संजय सेठ ने राजनाथ सिंह से की मुलाकात



**नयी दिल्ली** : रांची के सांसद और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की और उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर संजय सेठ ने रांची में आयोजित सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला की कॉफी टेबल बुक रक्षा मंत्री को अवलोकन के लिए भेंट की। यह महोत्सव हाल ही में रांची में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था। मुलाकात के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय संस्कृति, परंपराओं और स्वदेशी उत्पादों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आयोजित इस पहल की सराहना की। उन्होंने इस तरह के आयोजनों को स्थानीय कारीगरों और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण बताया। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श भी हुआ।

## राज्यसभा चुनाव : इंडिया गठबंधन और एनडीए ने चली चाल, नामांकन के साथ जीत का दावा

# झामुमो के बैद्यनाथ राम, कांग्रेस के प्रणव झा व निर्दलीय परिमल नाथवाणी ने दाखिल किया पर्चा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। सोमवार को झारखंड विधानसभा परिसर में इंडिया गठबंधन और एनडीए समर्थित प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी प्रणव झा और झामुमो प्रत्याशी बैद्यनाथ राम ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, राज्यसभा चुनाव के लिए नियुक्त एआईसीसी पर्यवेक्षक एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, एआईसीसी सचिव अजय शर्मा, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत गठबंधन के कई विधायक और वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नामांकन के बाद झामुमो प्रत्याशी बैद्यनाथ राम ने कहा कि इंडिया गठबंधन पूरी तरह एकजुट है और दोनों सीटों पर जीत दर्ज करेगा। उन्होंने दावा किया कि गठबंधन के सभी विधायक उनके साथ हैं और चुनाव में बेहतर परिणाम मिलेगा।

कांग्रेस प्रत्याशी प्रणव झा ने भी गठबंधन की एकजुटता पर भरोसा जताते हुए कहा कि सभी सहयोगी दल और विधायक एक साथ हैं, इसलिए उनकी जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि गठबंधन राज्यसभा चुनाव में मजबूती के साथ उतरा है और दोनों उम्मीदवारों को पर्याप्त समर्थन प्राप्त है। राज्यसभा की दो सीटों के लिए हो रहे चुनाव में नामांकन के साथ ही राजनीतिक गतिविधियां और तेज हो गई हैं तथा सभी दल अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं।

### परिमल नाथवानी ने विकास कार्यों के दम पर मांगा समर्थन



**रांची** : भाजपा समर्थित प्रत्याशी परिमल नाथवानी ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधायक सी.पी. सिंह तथा नवीन जायसवाल उपस्थित रहे।

उधर, भाजपा समर्थित उम्मीदवार परिमल नाथवानी ने कहा कि झारखंड उनकी कर्मभूमि रही है और उन्होंने राज्य के विकास के लिए लगातार कार्य किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में कई विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका रही है और भविष्य में भी वे झारखंड के हित में काम करते रहेंगे। नाथवानी ने विश्वास जताया कि उन्हें सभी विधायकों का समर्थन और आशीर्वाद मिलेगा। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि परिमल नाथवानी पहले भी झारखंड से राज्यसभा सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव में केवल संख्या बल ही नहीं, बल्कि उम्मीदवार द्वारा किए गए कार्यों को भी देखा जाना चाहिए। हालांकि भाजपा ने अभी तक आधिकारिक रूप से समर्थन की घोषणा नहीं की है, लेकिन मरांडी के बयान को नाथवानी के पक्ष में सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

## 12 साल में बदला भारत, केंद्र में रहा गरीब और वंचित वर्ग : प्रधानमंत्री



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जानता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार में पिछले 12 वर्षों में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि इस 12 साल में भारत ने अनेक परिवर्तन देखे हैं और इन बदलावों के केंद्र में गरीब, वंचित तथा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का कल्याण रहा है। अंत्योदय की भावना से प्रेरित होकर सरकार ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि विकास का लाभ उन लोगों तक पहुंचे, जो दशकों तक इससे वंचित रहे।

प्रधानमंत्री ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि जनधन खातों, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का उद्देश्य लोगों को सम्मानजनक जीवन और बेहतर अवसर उपलब्ध कराना रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण की दिशा में प्रौद्योगिकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डीबीटी और डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से सरकारी सहायता सीधे और पारदर्शी तरीके से लाभार्थियों तक पहुंच रही है। इससे रिसाव में कमी आई है, कार्यकुशलता बढ़ी है और शासन व्यवस्था में लोगों का विश्वास मजबूत हुआ है।

### तृणमूल सांसद सुखेंदु शेखर राय ने छोड़ी पार्टी, सांसद पद से भी दिया इस्तीफा

**कोलकाता** : तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर राय ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने के साथ-साथ राज्यसभा की सदस्यता भी छोड़ दी है। सोमवार सुबह दिल्ली से उन्होंने पार्टी छोड़ने की घोषणा की और आरजी कर अस्पताल की चर्चित घटना तथा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर पार्टी नेतृत्व के खिलाफ खुलकर नाराजगी जताई। सुखेंदु शेखर राय ने दावा किया कि उन्होंने आरजी कर प्रकरण के बाद ही पार्टी छोड़ने का निर्णय ले लिया था, जिसे अब अमल में लाया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में बढ़ते भ्रष्टाचार तथा जनता के भीतर बढ़ते असंतोष ने तृणमूल के पतन को अपरिहार्य बना दिया था।

## तृणमूल कांग्रेस के 20 सांसदों की लोकसभा स्पीकर को चिट्ठी, एनडीए का किया समर्थन




एजेंसी

**कोलकाता** : तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर घिरा राजनीतिक संकट अब और गहराता जा रहा है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद 58 विधायकों की बगावत अब टीएमसी के संसदीय दल तक भी पहुंच गई है। तृणमूल कांग्रेस में टूट की अटकलों पर सोमवार को पार्टी की लोकसभा सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने मुहर लगा दी है। सांसद काकोली घोष ने कहा है कि मेरे साथ टीएमसी के करीब 20 सांसदों ने भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को समर्थन देने का फैसला किया है। यह एलान ऐसे समय में सामने आया है, जब टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी दिल्ली में भाजपा के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी रणनीति तैयार करने के लिए इंडिया ब्लॉक की बैठक में भाग ले रही थीं। न्यूज एजेंसी से काकोली घोष ने कहा कि लगभग 20 टीएमसी सांसदों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के समर्थन के लिए लोकसभा अध्यक्ष को अपनी स्थिति से अवगत करा दिया है।

## विशाखापत्तनम स्टील प्लांट हादसे में आठ श्रमिकों की मौत



कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका

एजेंसी

**विशाखापत्तनम** : आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में हुए एक बड़े हादसे में आठ श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना एसएमएस-2 और एसटीसी-3 हीट फैसिलिटी में बड़ी मात्रा में पिघले हुए स्टील के रिसाव के कारण हुई। जानकारी के अनुसार, हादसा एक लैडल में विस्फोट होने के बाद हुआ, जिसके चलते पिघला हुआ स्टील बाहर फैल गया। घटना में कई श्रमिक इसकी चपेट में आ गए। पुलिस ने बताया कि हादसे के समय पिघला हुआ स्टील लगभग 1,600 डिग्री सेल्सियस के अत्यधिक तापमान पर था। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए सभी संबंधित विभागों को राहत कार्य में समन्वय के साथ तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

शुरूआती जानकारी के मुताबिक, इस घटना में साइट पर मौजूद कई कर्मचारी बुरी तरह झुलस गए हैं। रिसाव के बाद आग लगने से कुछ कर्मचारियों के यूनिट के अंदर फंसे होने की आशंका है। फायर और इमरजेंसी सर्विस की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और आग बुझाने व बचाव कार्य में जुटी हैं। घायल और फंसे हुए कर्मचारियों की सही संख्या की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री वंगलापुडी अनिता ने हादसे पर प्रतिक्रिया देते हुए विशाखापत्तनम के जिला कलेक्टर और पुलिस आयुक्त से फोन पर बात कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गृह मंत्री ने बचाव एवं राहत कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए हैं। गृह मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) के अनुसार, घटना की जानकारी मिलते ही वंगलापुडी अनिता दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हो गईं। साथ ही वह लगातार अधिकारियों के संपर्क में रहकर आवश्यक निर्देश दे रही हैं।

### फैजल खान सर को जमानत या जेल आज होगा तय, जमानत याचिका दायर



**पटना** : दो कोचिंग के संचालकों के बीच का विवाद अब कोर्ट तक पहुंच गया है। फायरिंग मामले में शिक्षक फैजल खान उर्फ खान सर और उनके अंगरक्षकों पर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद आज उनके वकील कोर्ट पहुंचे। वकील ने अग्रिम जमानत की याचिका दायर की। हालांकि, कोर्ट में सोमवार को सुनवाई नहीं हुई। इस मामले में मंगलवार को सुनवाई होगी। इधर, फैजल खान के अंगरक्षकों की बेल पर कोर्ट में आज सुनवाई हुई। हालांकि, फैजल खान के विरोधी रौशन आनंद के वकील की ओर से इस मामले में विरोध किया गया। रौशन आनंद के वकील ने कोर्ट में कहा कि इनलोगों ने साजिश के तरह गोली चलाई थी। फैजल खान के अंगरक्षक का आपराधिक इतिहास भी है। भीड़ हटाने के लिए गोलियां नहीं चलाई गई थी। रौशन आनंद के वकील ने उनके लिए भी जमानत की अपील की।

## ओमान तट पर तेल टैंकर में आग, 24 भारतीय नाविक हैं सवार



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : होर्मुज स्ट्रेट में तनाव कम होने के फिलहाल कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। इसी बीच ओमान के तट के निकट एक भारतीय नाविक वाले तेल टैंकर में आग लगने की खबर है। जहाज पर सवार सभी 24 भारतीय चालक दल के सदस्य सुरक्षित बताए जा रहे हैं। शिपिंग मंत्रालय ने आधिकारिक रूप से जानकारी देते हुए कहा कि ओमान के तट पर मेडागास्कर ध्वज वाला तेल टैंकर 'मारिवेक्स' में आग लग गई है। जहाज पर सवार 24 भारतीय नाविक पूरी तरह सुरक्षित हैं। मंत्रालय के संघीय बंदरगाह एवं जहाजरानी निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने बताया कि आग स्थानीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे लगी।

### बीजापुर में पीडिया के जंगल से 3 आईईडी और 2 नक्सल डंप बरामद

**बीजापुर** : छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलवाद समाप्त होने के बाद भी लगातार एंटी नक्सल ऑपरेशन जारी है। गोपनीय सूचना के आधार पर हर्रा/अर्रा (पीडिया) गांव के जंगल में चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान आज सोमवार को 3 आईईडी और 2 नक्सल डंप बरामद किए गए। यह कार्रवाई कमांडेंट आनंद कुमार के मार्गदर्शन में की गई। बरामद डंप से गन पाउडर, जिलेटिन स्टिक, कमर्शियल डेटोनेटर और मेडिकल सामग्री सहित कुल 21 प्रकार के नक्सल सामग्री बरामद किए गए, जिन्हें नक्सलियों ने छिपाकर रखा था। गोपनीय सूचना के आधार पर कमांडेंट आनंद कुमार के मार्गदर्शन एवं द्वितीय कमान अधिकारी कुमार नीरज की देख-रेख में एफ/199 कंपनी ने हर्रा/अर्रा (पीडिया) गांव के घने जंगलों में सघन तलाशी अभियान चलाया। कंपनी कमांडर केबी. पांडा के नेतृत्व में जवानों ने योजनाबद्ध तरीके से इलाके की घेराबंदी कर चरणबद्ध सर्च ऑपरेशन को अंजाम दिया गया।

## इंडिया ब्लॉक की बैठक, 'हम लड़ेंगे और आगे बढ़ेंगे': खरगे



महंगाई और बेरोजगारी पर सरकार को घेरने की तैयारी

विदेश नीति और वोटर अधिकारों पर भी उठे सवाल

विपक्ष अब हर दो महीने में करेगा बड़ी बैठक

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : दिल्ली में हुई इंडिया ब्लॉक की मैराथन बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा सरकार के खिलाफ बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। बैठक के बाद खरगे ने कहा कि विपक्षी दल अब और मजबूती से लड़ाई लड़ेंगे और जनता के मुद्दों को लगातार उठाएंगे। उन्होंने कहा कि गठबंधन पांच बड़े मुद्दों पर एकमत हुआ है और आने वाले समय में सरकार को संसद से लेकर सड़क तक घेरने की तैयारी की जाएगी। खरगे ने साफ कहा कि हम लड़ेंगे और आगे बढ़ेंगे।

बैठक में करीब 25 विपक्षी दलों ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद खरगे ने नीट पेपर लीक मामले को युवाओं के भविष्य के साथ धोखा बताया। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली में लगातार हो रही गड़बड़ियां लाखों छात्रों की मेहनत और उम्मीदों को बर्बाद कर रही हैं। इसी मुद्दे को लेकर इंडिया ब्लॉक ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। खरगे ने आरोप लगाया कि सरकार परीक्षा व्यवस्था संभालने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि गठबंधन मॉनसून सत्र में भी इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाएगा और छात्रों के साथ न्याय की मांग करेगा।

खरगे ने कहा कि बैठक में आर्थिक स्थिति, महंगाई और बेरोजगारी को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में आम लोगों की जिंदगी मुश्किल होती जा रही है, लेकिन सरकार इन मुद्दों पर गंभीर नहीं दिख रही। विपक्ष का कहना है कि बढ़ती कीमतों और बेरोजगारी ने युवाओं और मध्यम वर्ग को सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। इंडिया ब्लॉक ने तय किया है कि आने वाले महीनों में इन मुद्दों पर संयुक्त अभियान चलाया जाएगा। इंडिया ब्लॉक की बैठक में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, उमर अब्दुल्ला समेत कई बड़े चेहरे नजर आए।

**ये पांच बड़े एलान किये-**

- महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक स्थिति के मुद्दे को देशभर में जोरदार तरीके से उठाया जाएगा।
- नीट पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली में गड़बड़ियों को लेकर केंद्र सरकार को घेरा जाएगा और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग जारी रहेगी।
- विपक्षी गठबंधन मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर एसआईआर प्रक्रिया और मतदान अधिकारों से जुड़े मुद्दे उठाएगा।
- इंडिया ब्लॉक की बैठक अब हर दो महीने में होगी। अगली बैठक आठ अगस्त को हैदराबाद में आयोजित की जाएगी।
- संसद के मॉनसून सत्र में सभी विपक्षी दल मिलकर भाजपा सरकार के खिलाफ साझा रणनीति के तहत मुद्दे उठाएंगे।

## ईरान के पेट्रोकेमिकल प्लांट पर इस्राइल का हमला



एजेंसी

**तेहरान** : ईरान की सेना ने इस्राइल पर हमले रोकने की घोषणा की है। यह दोनों देशों के बीच कई दिनों से जारी तनाव के बाद स्थिति को शांत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। एएफपी की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

वेस्ट बैंक में सोमवार को एक ईरानी मिसाइल को इंटरसेप्ट करने के दौरान मलबा एक बस्ती में गिरा, जिससे तीन घर क्षतिग्रस्त हो गए। इस्राइली मीडिया की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में घटनास्थल से धुएं कागुबार उठता दिखाई दिया। हालांकि, इस्राइल की आपातकालीन बचाव सेवा मैगन डेविड एडोम ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली है। हमले के बाद यरुशलम क्षेत्र और वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बज उठे। इस दौरान मिसाइलों को रोकने की कोशिश कर रही वायु रक्षा प्रणालियों की वजह से धमाकों की आवाजें भी सुनी गईं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ये आवाजें मिसाइलों को बीच रास्ते में नष्ट करने के प्रयास के दौरान सुनाई दीं। इसके बाद ईरान ने मिसाइलों की दूसरी खेप भी दागी, जिसके चलते इस्राइली सेना ने मध्य इस्राइल के लोगों को सुरक्षित स्थानों और बंकरों में जाने का निर्देश दिया।

यह तनाव ऐसे समय में बढ़ा है, जब अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत चल रही है। इससे पहले रविवार को इस्राइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में हवाई हमले किए थे, जिनमें दो लोगों की मौत हो गई थी। इसके जवाब में ईरान ने कई मिसाइलें दागीं। वहीं, सोमवार तड़के इस्राइल ने पश्चिमी और मध्य ईरान के कई ठिकानों पर जवाबी हमले किए।

## एक नजर

### धनबाद व हजारीबाग रोड में बनेगा भव्य मार्केट, सर्वे कार्य पूरा, जताई खुशी

**बरही :** बरही विधानसभा क्षेत्र के विकास और स्थानीय व्यवसाय को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए एक बेहद ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के साझा प्रयासों से बरही के दो सबसे प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों—धनबाद रोड एवं हजारीबाग रोड—में आधुनिक मार्केट (दुकानों) का निर्माण कार्य होगा। इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने के लिए आज दोनों चिन्हित स्थानों का विस्तृत सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया। बरही वासियों के लिए यह एक बड़ी सौगात है, जो क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी। इस भव्य मार्केट का निर्माण माननीय सांसद मनीष जायसवाल, माननीय विधायक मनोज कुमार यादव, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव और जिला परिषद सदस्य प्रीति गुप्ता के विशेष दिशा-निर्देशन एवं माननीय उपायुक्त व उप विकास आयुक्त के कुशल प्रशासनिक सहयोग और प्रयासों का परिणाम है।

### दैनिक बाजार के पास सड़क किनारे कचरे का पहाड़, प्रशासन को जल्द हटाने की चेतावनी



**बड़कागांव :** बड़कागांव काली मंदिर मार्ग स्थित दैनिक बाजार के समीप रोड किनारे कूड़े का पहाड़ बना हुआ है। जमा कचरा विगत 40 वर्षों से जमा है। फलस्वरुप मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है ,अंबेडकर मोहल्ला निवासियों को कई बीमारियों से जूझना पड़ रहा है। मच्छरों के काटने से मलेरिया जैसे खतरनाक बीमारी के अलावा टाइफाइड चिकनगुनिया और बीमारी चपेट में लोग आ जा रहे हैं। पिछले वर्ष 2025 में बड़कागांव अंबेडकर मोहल्ला में चिकनगुनिया बीमारी से भारी संख्या में ग्रामीण ग्रसित हुए थे। फिर भी प्रशासन ने बीमार होने के कारण जानने का भी प्रयास नहीं किया। परंतु स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जब से कूड़ा कचरा जमा हो गया है। तब से बीमारी फैल रही है सरकार को इस ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। ताकि लोगों को बीमार होने से बचाया जा सके। सबसे अधिक बरसात के दिनों में यह विकराल रूप धारण कर लेता है। और पूरे मोहल्ले में मच्छरों का प्रकोप काफी, बढ़ जाता है। हालांकि बीमारियों से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रत्येक वर्ष दवा का छिड़काव किया जाता है परंतु कारगर साबित नहीं हो पा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए बड़कागांव मध्य पंचायत मुखिया तकरीमुल्लाह खान से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इससे बीमारी फैलने का आशंका है कचरे की अंबार को को जल्द से जल्द हटाने का काम किया जाएगा ।

# अपराध समीक्षा बैठकः मोहर्रम शांतिपूर्ण नशा और अवैध गतिविधियों पर सख्ती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राधा प्रेम किशोर ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में पिछले छह माह के दौरान बरही अनुमंडल क्षेत्र में घटित अपराधों की जांच प्रगति एवं उद्भेदन की स्थिति की गहन समीक्षा की गई।

**मोहर्रम को लेकर सतर्कता के निर्देश**

एसडीपीओ ने आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में शांति समिति की बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी तरह की अफवाह या विवाद की स्थिति न बने, इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर दें और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें।

**नशा के खिलाफ चलेगा विशेष अभियान**

बैठक में अवैध नशा के कारोबार पर अंकुश लगाने पर विशेष जोर दिया गया। एसडीपीओ ने नशा करने वाले स्थानों को चिन्हित कर वहां लगातार गश्ती करने और छापेमारी अभियान चलाने को कहा। साथ ही नशे के दुष्परिणामों को लेकर स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया।

सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावाः आम जनता और पुलिस के बीच मधुर संबंध स्थापित करने पर बल दिया गया ताकि अपराध नियंत्रण में जनसहयोग मिल सके।

. लंबित मामलों का निष्पादनः थानों में लंबित कांडों, वारंट और कुर्की के मामलों का त्वरित निष्पादन करने को कहा गया।

अपराधिक तत्वों पर निगरानीः क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर, फरार अपराधी और सक्रिय गिरोहों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया।

अवैध कार्यों पर रोकः अवैध खनन, शराब बिक्री, जुआ सहित सभी अवैध कार्यों पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया।एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने कहा कि अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।सभी को अपने-अपने थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने और दिए गए निदेशों का सख्ती से पालन करने को कहा गया।

बैठक में बैठक में बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार, बरही अंचल पुलिस निरीक्षण अनिल कुमार, बरकट्ठा थाना प्रभारी आशीष कुमार भगत, चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार एवं चलकुसा थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार, महिला थाना प्रभारी बरही समेत अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना के थाना प्रभारी मौजूद थे।

**पेलावल विकास मंच का 20वां रक्तदान शिविर संपन्न**

## 23 रक्तवीरों ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए किया रक्तदान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** पेलावल विकास मंच द्वारा आयोजित 20वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर शनिवार को पेलावल दक्षिणी पंचायत भवन एवं एसबीएमसीएच ब्लड बैंक में दो चरणों में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रातः 10:20 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक चले इस शिविर में कुल 23 रक्तदाताओं ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान कर मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का अनुकरणीय परिचय दिया। शिविर की अध्यक्षता केबी विमेंस कॉलेज के केमिस्ट्री विभागाध्यक्ष एवं मंच के संरक्षक डॉ. श्रवण कुमार सहाय ने की, जबकि संचालन मंच के संस्थापक एम. हक भारती ने किया। शिविर का शुभारंभ नियमित रक्तदाता अमजद आलम ने किया, जबकि समापन सोनू ठाकुर द्वारा एसबीएमसीएच ब्लड बैंक में रक्तदान के साथ हुआ। विशेष रूप से मो. शादाब अंसारी ने अपने जीवन का 25वां रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर की एक उल्लेखनीय उपलब्धि यह रही कि फरजाना परवीन एवं इबराना खातून ने स्वैच्छिक रक्तदान कर महिला सहभागिता का संदेश दिया। वहीं पहली बार रक्तदान करने वाले मो. द्रक्षिद आलम एवं मो. शीस अली ने युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। भीषण गर्मी के बावजूद विभिन्न क्षेत्रों से रक्तदाता शिविर में पहुंचे और उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। पेलावल उत्तरी के सरपंच मो. साबिर तथा वार्ड सदस्य मो. मंजर आलम ने भी रक्तदान कर सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

## चमेली झरनाः खूबसूरती के पीछे छिपा मौत का रहस्य, प्रकृति के सीने पर खनन का गहरा जख्म

प्रत्यूष नवबिहार (रविंद्र राणा)



**हजारीबाग :** दूर से देखने पर यह किसी फिल्मी दृश्य से कम नहीं लगता। ऊंची चट्टानों से घिरा गहरा नीला पानी, चारों ओर फैली हरियाली और प्रकृति का मनमोहक नजारा। पहली नजर में चमेली झरना किसी स्वर्ग जैसी अनुभूति देता है। लेकिन इसकी खूबसूरती के पीछे एक ऐसी सच्चाई छिपी है, जो रोंगटे खड़े कर देती है।

हजारीबाग-बरही मार्ग के बीच स्थित चमेली झरना आज लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है। छुट्टियों और सप्ताहांत पर यहां बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। लोग तस्वीरें खिंचवाते हैं, वीडियो बनाते हैं और इसकी प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेते हैं। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि यह स्थान कभी एक सामान्य पहाड़ी इलाका हुआ करता था।

स्थानीय लोगों की मानें तो वर्षों तक इस क्षेत्र में पत्थर और ग्रेनाइट का बड़े पैमाने पर खनन हुआ। मुनाफे की अंधी दौड़ में पहाड़ों को काटा गया, धरती को खोदा गया और प्रकृति के सीने पर ऐसे जख्म दिए गए, जिनके निशान आज भी मौजूद हैं। खनन के बाद छोड़ दिए गए विशाल गड्ढे समय के साथ बारिश और प्राकृतिक जलस्रोतों से भर गए। देखते ही देखते यह स्थान एक विशाल जलकुंड में बदल गया, जिसे आज लोग चमेली झरना के नाम से जानते हैं। लेकिन यह जलकुंड जितना सुंदर दिखाई देता है, उतना ही खतरनाक भी है। इसकी गहराई का सही अनुमान आज तक किसी को नहीं है। ऊपर से शांत और आकर्षक दिखने वाला पानी भीतर कई रहस्य और खतरे समेटे हुए है। यही वजह है कि बीते वर्षों में यहां कई हादसे हो चुके हैं। कई लोग इस पानी में डूबकर अपनी जान गंवा चुके हैं। कुछ परिवारों ने अपने बच्चों को खोया, तो कुछ ने अपने घर के कमाऊ सदस्यों को। खतरे को देखते हुए प्रशासन ने चेतावनी बोर्ड लगाए हैं और पानी में उतरने से मना किया है। बावजूद इसके रोमांच की तलाश में आने वाले लोग अपनी जान जोखिम में डालकर नीचे उतर जाते हैं। कई बार सेल्फी और वीडियो बनाने की कोशिश भी हादसों का कारण बनती है।

## कृष्णा नगर में पहली बार होगा भव्य सूर्य देव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, 13 से 17 जून तक धर्ममय रहेगा पूरा क्षेत्रं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** शहर के कृष्णा नगर, उत्तरी शिवपुरी स्थित नव निर्मित सूर्य देव मंदिर में आगामी 13 जून से 17 जून 2026 तक आयोजित होने वाले श्री श्री 1008 सूर्य देव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल चरम पर है। पांच दिवसीय इस धार्मिक महाआयोजन की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। आयोजन समिति के सदस्य दिन-रात जुटकर कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने में लगे हुए हैं। महोत्सव के दौरान वैदिक अनुष्ठान, हवन, पूजन, नगर भ्रमण, प्राण प्रतिष्ठा, भक्ति जागरण सहित कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

महोत्सव का शुभारंभ 13 जून (शनिवार) को सुबह 7:30 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। यह यात्रा कृष्णा नगर स्थित सूर्य देव मंदिर यज्ञ स्थल से निकलकर हजारीबाग के बड़ा महादेव तालाब तक जाएगी। वहां से जल उठाव के बाद श्रद्धालु यज्ञ मंडप में प्रवेश करेंगे। इसके बाद मंडप प्रवेश, वैदिक अनुष्ठान, वृक्षारोपण तथा संध्या आरती का आयोजन किया जाएगा।

14 जून (रविवार) को प्रातः 8:30 बजे से वैदिक पूजन, अग्नि प्राकट्य, जलाधिवास, हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। 15 जून (सोमवार) को अन्नाधिवास हवन, वैदिक पूजन, आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। 16 जून (मंगलवार) को वस्त्राधिवास, देव स्थापना एवं भव्य नगर भ्रमण का आयोजन होगा। वहीं 17 जून (बुधवार) को प्राण प्रतिष्ठा हवन, पूणार्हुति, महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव का समापन किया जाएगा। इसी दिन रात्रि 9 बजे से विशाल भक्ति जागरण का आयोजन भी होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वर्मा, सचिव संजय साहू, कोषाध्यक्ष सीताराम सिंह तथा संयोजक सुनील सिंह एवं धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पूरे आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। वहीं उपाध्यक्ष रमेश राम एवं विनोद राम, सह कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार एवं समीर शाह, उपसंयोजक जितेंद्र विश्वकर्मा एवं अर्जुन दीप तथा पूजा प्रभारी समीर सिंह एवं अनुप सिंह महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। महोत्सव को सफल बनाने में विशेष सहयोगी पूजन विश्वकर्मा, दिलीप सिन्हा एवं बाबू ठाकुर की भूमिका भी अत्यंत सराहनीय रही है।

## बेहराबाद निवासी रामायण के प्रकांड ज्ञाता महावीर पाण्डेय का निधन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** प्रखंड अंतर्गत बेहराबाद निवासी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने वाले वरिष्ठ नागरिक महावीर पाण्डेय (95) का रविवार को नई दिल्ली स्थित एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को बराकर नदी स्थित श्मशान घाट पर पूरे विधि-विधान एवं गाजे-बाजे के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में परिजन, रिश्तेदार, शुभचिंतक एवं ग्रामीण मौजूद रहे। महावीर पाण्डेय अपने पीछे दो पुत्र पवन पाण्डेय एवं पंकज पाण्डेय, बहुएं, पोते-पोतियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। रामायण के प्रकांड ज्ञाता के रूप में उनकी विशेष पहचान थी। वे धार्मिक आयोजनों, कथा-प्रवचनों तथा सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। धर्म और संस्कृति के प्रति उनकी गहरी आस्था के कारण समाज में उन्हें विशेष सम्मान प्राप्त था। सरल स्वभाव और सादगीपूर्ण जीवन के लिए वे क्षेत्र में जाने जाते थे। पुत्र पवन पाण्डेय एवं पंकज पाण्डेय ने कहा कि पिता का जाना अपूरणीय क्षति है। उनका जीवन सेवा, सादगी और आध्यात्मिक मूल्यों से परिपूर्ण था। उन्होंने हमेशा लोगों को धार्मिक और नैतिक मूल्यों के प्रति प्रेरित किया। उनके निधन से परिवार एवं क्षेत्र ने एक सम्मानित मार्गदर्शक खो दिया है। अंतिम संस्कार में सीताराम पांडेय, अर्जुन पाण्डेय, अरुण पाण्डेय, शंकर पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व रिश्तेदार शामिल हुए।

# सांसद खेल महोत्सव-2026 और नमो फुटबॉल टूर्नामेंट को वर्ल्ड क्लास स्तर पर भव्य बनाने का लिया संकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के हुड़हुडू स्थित फुडीज कैफे सभागार में आगामी सांसद खेल महोत्सव-2026 और नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के व्यापक आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमें सांसद मनीष जायसवाल सहित लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधियों, रेफरियों और टूर्नामेंट संचालन से जुड़े खेल प्रेमियों ने हिस्सा लिया। इस महामंथन में निर्णय लिया गया कि झारखंड के इस सबसे बड़े खेल आयोजन को इस वर्ष और अधिक अनुशासित, भव्य और उपयोगी बनाया जाएगा, जिसके तहत सभी 22 प्रखंडों में एक सप्ताह के भीतर मुकाबले शुरू कराकर महज एक पखवाड़े में टूर्नामेंट संपन्न कराया जाएगा। तिथि की घोषणा भी जल्द की जायेगी। खेल को राजनीतिक दांव-पेंच से दूर रखने की प्रतिबद्धता जताते हुए इस बार खिलाड़ियों को पारंपरिक पोटली के बजाय एक आकर्षक किट बैग में 15 सेट वर्ल्ड क्लास जर्सी दी जाएगी और फुटबॉल के साथ-साथ अन्य स्थानीय खेलों को भी इसमें शामिल कर खिलाड़ियों का डेटाबेस तैयार किया जाएगा। आयोजन समिति ने ऐसे मैदानों और समय के चयन पर जोर दिया है जहां दर्शकों की भारी भीड़ जुटे, ताकि स्थानीय खेल प्रतिभाओं को बड़ा मंच मिल सके और युवाओं को नशाखोरी व अपराध की मानसिकता से दूर रखकर सामाजिक विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हम राजनीतिक क्षेत्र के लोग हैं लेकिन हमारे कई कार्य जैसे बेटियों का सम्मान और खेल प्रतिस्पधाएं राजनीति से कतई प्रेरित नहीं होते। यह टूर्नामेंट सिर्फ हजारीबाग ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड का सबसे बड़ा आयोजन है जिसमें गत वर्ष 1500 टीमों के 25 हजार खिलाड़ियों का समागम होता है। खेल युवाओं को आपराधिक मानसिकता और नशाखोरी से दूर रखता है, इसलिए इसे और अधिक भव्य बनाने तथा अधिक से अधिक स्थानीय टीमों को जोड़ने में आप सभी अपनी सामाजिक जवाबदेही निभाएं। मनीष जायसवाल, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, लोकसभा क्षेत्र के सह सांसद प्रतिनिधि विनोद झुनझुनवाला, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, सदर विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, बरही विधानसभा क्षेत्र के मुकुंद साव, सीसीएल सांसद प्रतिनिधि रंजीत पांडेय, सांसद प्रतिनिधि रेणुका साहू, दामोदर साव, अनूप ठाकुर इन्द्रनारायण कुशवाहा, बालदेव बाबू, कृष्णा साव, शिव साहू, बंटी तिवारीभाजपा नेता अनिल मिश्रा, मुकेश कुमार, रंजन चौधरी, रूपम ओझा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

## संक्षिप्त खबरें

### लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**चौपारण :** फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चौपारण थाना पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कांड संख्या 163/25 के अभियुक्त चांद साह उर्फ फजले हसन, पिता मोशीर साह, निवासी चयकला, थाना चौपारण को गिरफ्तार किया गया। वहीं एनआई एक्ट (ढकअूइ) सी-3550/23 मामले के वारंटी अभियुक्त पंकज कुमार, पिता मानकी रविदास, निवासी केंदुआ, थाना चौपारण को भी पुलिस ने दबोच लिया। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि दोनों आरोपी काफी समय से फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए विशेष छापेमारी अभियान के दौरान पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में वारंटियों एवं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। कानून से बचने का प्रयास करने वाले आरोपियों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### बरकट्ठा के नये बीडीओ जयपाल महतो ने संभाला पदभार



**बरकट्ठा :** बरकट्ठा में नये प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने सोमवार को योगदान दिया। बरकट्ठा बीडीओ रोशमा डुंगडुंग का स्थानांतरण बरही में अपर समाहर्ता के पद पर हो गया था। जिनके स्थान पर बरही बीडीओ को बरकट्ठा का अतिरिक्त प्रभार मिला है। पदभार ग्रहण के मौके पर प्रधान लिपिक फनीनाथ भूषण, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अशोक ठाकुर, एमओ अनुग्रह लकडा, क्लर्क सरफराज अहमद, लेबर इंस्पेक्टर देवनाथ महतो, बीएफटी दिलीप कुमार, गुलजार अली, संतोष शर्मा, उमेश प्रसाद, संतोष कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### पानी एवं जर्जर क्वार्टर की मरम्मत को लेकर राजू यादव ने सीसीएल प्रबंधक से की मांग



**बड़कागांव :** सोमवार को बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत पंचायत उरीमारी के पीला क्वार्टर में मुखिया प्रतिनिधि राजू यादव के नेतृत्व में पीला क्वार्टर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दरमियान पाया कि समर सेबल नहीं लगाई गई है। तथा पीला क्वार्टर के सभी क्वार्टर जर्जर स्थिति में है। जिससे कभी भी दुर्घटना घट सकती है। मामले को लेकर मुखिया प्रतिनिधि राजू यादव ने सीसीएल प्रबंधक से समर सेबल जल्द से जल्द लगाने की मांग की गई है। जिससे पानी का दिक्कत ना हो, क्योंकि पानी न रहने से बहुत परेशानी होती है। और क्वार्टर की जर्जर स्थिति को सीसीएल प्रबंधक से जल्द से जल्द रिपेयरिंग की मांग की गई है।मौके पर मुख्य रूप मुखिया प्रतिनिधि राजू यादव सहित, उप मुखिया सतीश कुमार,डॉक्टर जी आर भगत ,रेवा यादव ,हसन अली, रामप्रवेश दास, नरेश दास,रंगलाल तुरी,लालधन राम, सुखनाथ मांझी,संतोष बैठा, जीतू यादव,गोविंद प्रसाद विकास कुमार, आनंद कुमार, सीपक कुमार एवं दीपक दास सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### विधिक सेवा प्राधिकरण के बैनर तले सांड पंचायत में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**बड़कागांव :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हजारीबाग के बैनर तले बड़कागांव प्रखंड के सांड पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बड़कागांव प्रखंड के पीएलवी द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम जिले में 90 दिनों तक चलेगी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को घरेलू हिंसा, डायन-भूत प्रतिषेध अधिनियम, नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव, यौन शोषण से संबंधित पोक्सो एक्ट, मोटर वाहन कानून, बाल श्रम तथा अन्य विधिक विषयों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि छोटे-छोटे आपसी विवादों का समाधान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से बातचीत एवं समन्वय द्वारा नि:शुल्क कराया जा सकता है। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय लोक अदालत एवं मासिक लोक अदालत के माध्यम से मामलों के त्वरित निष्पादन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं एवं टोल फ्री नंबर 15100 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के संबंध में भी जागरूक किया गया । कार्यक्रम में मुखिया प्रतिनिधि भीखन महतो, पंचायत सचिव अलका कुमारी ,उमाशंकर महतो , हिना तिर्की ,रीता कुमारी ,बड़कागांव थाना प्रशांत कुमार,मनोज कुमार साव, सूरज कुमार रवि वार्ड सदस्य टेकलाल कुमार ,धनों कुमारी के अलावा अन्य उपस्थित थे।

### कीटनाशी दवा का छिड़काव कार्यक्रम किया गया शुरू

**बड़कागांव :** आगों पंचायत के सिंगार सराय में डेल्टमाथ्रीन 2.5% कीटनाशी छिड़काव से कार्यक्रम शुरू किया गया ,जो अंगों पंचायत के सभी गांव में छिड़काव करवाया जाएगा। यह कार्यक्रम सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार एवं जिला भी बी डी पदाधिकारी डॉक्टर कपिल मुनी प्रसाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार बड़कागांव के द्वारा यह कार्यक्रम संयुक्त रूप से चलाया जा रहा है जिसकी जानकारी मलेरिया पर्यवेक्षक तरुण कुमार शर्मा के द्वारा दी गई और बताया गया यह कीटनाशी छिड़काव सभी घरों में कराया जाएगा जिससे वेक्टर बोर्न डिजीज के मच्छर से बचा जा सके। बताया गया के मच्छर से होने वाले बीमारी जैसे मलेरिया, फाइलेरिया एवं डेंगू चिकनगुनिया ,जापानी इंसेफेलाइटिस इन सभी मच्छरों के द्वारा होने वाले रोगों से रोकथाम हो सकेगा। आगे बताया कि तलसवार पंचायत के सभी गांव में कीटनाशी का छिड़काव एवं नापोखुर्द पंचायत के सभी गांव में यह कार्यक्रम चलाया जाएगा।

एक नजर

## जेट परीक्षा को लेकर प्रशासन ने पांच केंद्रों पर लगाया निषेधाज्ञा

**रांची :** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की ओर से आयोजित झारखंड पात्रता परीक्षा-2024 (जेट) के कदाचार मुक्त संचालना और विधि-व्यवस्था के लिए निषेधाज्ञा जारी किया गया है। अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची कुमार रजत की ओर से उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री और वरीय पुलिस अधीक्षक, राकेश रंजन के आदेश से बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए पांच परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा जारी किया गया है। यह निषेधाज्ञा दिनांक 14 जून की सुबह 07 बजे से शाम 04 बजे तक प्रभावी रहेगा। जारी निषेधाज्ञा के तहत पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों और कर्मचारियों एवं सरकारी कार्यक्रम तथा शवयात्रा को छोड़कर) पर पाबंदी होगी। वहीं किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करने, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र लेकर चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों व कर्मचारियों को छोड़कर) प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा किसी प्रकार का हरवे हथियार लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला लेकर चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों व कर्मचारियों को छोड़कर) एवं किसी प्रकार की बैठक या आमसभा के आयोजन पर रोक रहेगा।

## झारखंड में गर्मी और उमस से लोग परेशान, 11 को बारिश की संभावना

**रांची :** राजधानी रांची सहित राज्य के अधिकांश हिस्सों में सोमवार को गर्मी और उमस से लोग परेशान रहे। राज्य के कुछ इलाकों में हुई बारिश के कारण राहत रही, लेकिन बाकी हिस्सों में प्रचंड गर्मी महसूस की गई।
मौसम विभाग ने 11 जून को राज्य के उत्तर पूर्वी और इससे सटे मध्यवर्ती हिस्सों में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की है। साथ ही इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी भी चल सकती है। इसे लेकर मौसम विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।
एक दो दिनों में पश्चिम बंगाल पहुंचेगा मानसून दक्षिणी पश्चिमी मानसून देश के पश्चिम मध्यवर्ती और पूर्वी मध्यवर्ती अरब सागर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के कुछ हिस्सों में पहुंच गया है। इसके अगले एक-दो दिनों में पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और ओड़िशा में पहुंचने को लेकर परिस्थितियां बनी हुई हैं।

## जनवादी लेखक संघ का रचना गोष्ठी कार्यक्रम 21 को

**रांची :** जनवादी लेखक संघ (जलेस) रांची की आभासी सांगठनिक बैठक शनिवार शाम कुमार बृजेंद्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मासिक गोष्ठी प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को आयोजित होगी। 21 जून को सफदर हाशमी सभागार में रचना गोष्ठी, 31 जुलाई को प्रेमचंद जयंती और सितंबर में डॉ राही मासूम रजा की जन्म शताब्दी पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही खूंटी, गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा में जलेस की सदस्यता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। यह जानकारी देते हुए संघ के सचिव एमजेड खान ने कहा कि पिछले वर्ष से जलेस रांची की ओर से जून से नवंबर तक विभिन्न जिलों में आयोजित होने वाले जन महोत्सव में जलेस रांची की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित किया जाएगा। अध्यक्ष कुमार बृजेंद्र ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए नियमित कार्यक्रमों के साथ स्थायी कोष निर्माण की आवश्यकता बताई।
इस अवसर पर वक्ताओं ने नए रचनाकारों को मंच देने, कार्यक्रमों की निरंतरता बनाए रखने और प्रेमचंद जयंती को व्यापक स्तर पर मनाने का सुझाव दिया।

# पंडरा में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापा, तीन आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रविवार को पंडरा इलाके में चल रहे एक अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापेमारी करते हुए तीन लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों और भ्रूण लिंग निर्धारण के खिलाफ हुई इस कार्रवाई में मौके से एक पोर्टेबल यूएसजी (अल्ट्रासाउंड) मशीन भी जब्त की गई है। गिरफ्तार लोगों पर बिना पंजीकरण के अल्ट्रासाउंड संचालन तथा पीसी-पीएनडीटी (प्री-कन्सेप्शन एंड प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक्स) एक्ट के उल्लंघन का आरोप है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुरंजन कुमार, आकाश कुमार और शीला कुमारी के रूप में हुई है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर सिविल सर्जन (सीएस) के आदेशानुसार पर यह कार्रवाई की गई है। जिला प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि पंडरा स्थित रवि स्टील चौक से करीब 300 मीटर दूर शराब दुकान के सामने वाली गली में अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित किया जा रहा है।छापेमारी का विवरण बताया गया कि इसी सूचना के आधार पर गठित की गई टीम ने छापेमारी की। इस दौरान तीन लोगों को पोर्टेबल यूएसजी मशीन के साथ गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड करते हुए पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट स्मृति, रातू थाना पुलिस, पीसी-पीएनडीटी सेल के कर्मी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। न्यायालय में पेश किए जाएंगे साक्ष्य प्रशासन के अनुसार बिना वैध पंजीकरण के अल्ट्रासाउंड केंद्र का संचालन गैरकानूनी है। पीसी-पीएनडीटी एक्ट के तहत भ्रूण का लिंग निर्धारण पूर्णतः प्रतिबंधित है। मामले को गंभीरता से लेते हुए सिविल सर्जन ने रातू थाना प्रभारी को पत्र भेजकर तीनों आरोपियों के विरुद्ध पीसी-पीएनडीटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। मामले से जुड़े सभी साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे।

**एक्ट का उल्लंघन करने वालों कार्रवाई के निर्देश**

सिविल सर्जन ने कहा कि सरकार की नीति के अनुरूप राज्य में किसी भी प्रकार की अवैध अल्ट्रासाउंड प्रैक्टिस अथवा लिंग निर्धारण गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को प्रभावी बनाने के लिए ऐसी गैरकानूनी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने चिकित्सकों, अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालकों और संबंधित व्यक्तियों को चेतावनी दी कि पीसी-पीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसमें मशीन जब्त करने, लाइसेंस रद्द करने तथा कारावास की सजा का भी प्रावधान है।

## राज्यसभा चुनाव को भाजपा ने बनाया धनबल का खेल : कांग्रेस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी को भारतीय जनता पार्टी की ओर से समर्थन देने की आलोचना की है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने मामले पर सोमवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि भाजपा का यह निर्णय लोकतांत्रिक मूल्यों के बजाय थैलीशाही और धनबल की राजनीति को बढ़ावा देने वाला है।
उन्होंने ने कहा कि भाजपा का यह कदम इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि उसे अब अपने ही नेताओं, कार्यकताओं और संगठन पर भरोसा नहीं रह गया है। जिस पार्टी के पास देश और राज्य में बड़ा संगठन होने का दावा है, वह यदि राज्यसभा चुनाव में अपना उम्मीदवार खड़ा करने के बजाय एक निर्दलीय उम्मीदवार के पीछे खड़ी होती है, तो यह उसके आत्मविश्वास की कमी को दशार्ता है। सिन्हा ने आरोप लगाया कि भाजपा लगातार विचारधारा और सिद्धांतों की राजनीति की बात करती है, लेकिन व्यवहार में वह धनबल और प्रभावशाली व्यक्तियों के सहारे राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास करती है। राज्यसभा जैसी महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक संस्था में ऐसे समर्थन का संदेश यह जाता है कि भाजपा जनसंघर्ष से निकले नेताओं और समर्पित कार्यकताओं के बजाय संसाधन संपन्न लोगों को प्राथमिकता दे रही है।

## एसबीयू में आदित्य बिरला समर इंटर्नशिप प्रोग्राम का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू) में सोमवार से आदित्य बिरला समर इंटर्नशिप प्रोग्राम-2026 का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 31 जुलाई तक चलेगा। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के चयनित छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं।प्रतिभागियों को प्रतिमाह 2000 रुपये की फेलोशिप दी जाएगी, जबकि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी को अतिरिक्त 2000 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।
कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में प्रौद्योगिकी, मजबूत अर्थव्यवस्था और मानव विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि एसबीयू विद्यार्थियों को आधुनिक कौशल सीखने का बेहतर अवसर प्रदान कर रहा है। महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने आदित्य बिरला की प्रेरणादायी विरासत का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से कार्यक्रम का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। वहीं कुलसचिव प्रो. एस.बी. डांडिन ने इसे झारखंड का अपनी तरह का पहला समर इंटर्नशिप मॉडल बताया। इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों को पीडी एंड लाइफ स्किल, स्पोर्ट्स, योगा, आईओटी, डिजिटल मीडिया, ड्रोन एंड रोबोटिक्स, फिनटेक, वेब एंड नेटवर्किंग सहित विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पिंटू दास ने किया, जबकि स्वागत भाषण डॉ. वी.एन.एल. लक्ष्मी दुर्गा और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव ने किया।

# पिठोरिया फायरिंग का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार, देसी पिस्टल और बाइक बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची जिले के पिठोरिया थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 7.65 एमएम की देसी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, यह घटना पुरानी रंजिश और एक हत्या मामले में गवाही को लेकर हुए विवाद का परिणाम है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक गौरव गोस्वामी ने सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि दो जून की शाम करीब छह बजे कोकदोरो निवासी फिरोज अंसारी ने पिठोरिया थाना में शिकायत दर्ज कराई थी,जिसमें कहा गया था कि मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने उन्हें जान से मारने की नीयत से गोली चलाई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। तकनीकी साक्ष्यों, स्थानीय सूचना तंत्र और पुलिस जांच के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए मामले के मुख्य आरोपित शोएब अंसारी उर्फ जुनुवा अंसारी (23) और अफसर अंसारी (22) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपितों ने पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई 7.65 एमएम की देसी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस तथा मोटरसाइकिल बरामद की। बरामद हथियार को जब्त कर पुलिस ने फॉरेंसिक जांच की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जांच में यह तथ्य सामने आया कि वर्ष 2022 में फिरोज अंसारी के भतीजे की हत्या हुई थी। उस मामले में गिरफ्तार आरोपित अफसर अंसारी भी नामजद था। पुलिस के अनुसार, उसी मामले में गवाही और पुराने विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ था। आरोप है कि फिरोज अंसारी पर अदालत में गवाही नहीं देने के लिए दबाव बनाया जा रहा था और इसी रंजिश के चलते उन पर जानलेवा हमला किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपितों ने पूछताछ के दौरान फायरिंग की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। इसके अलावा उन्होंने पिठोरिया और कांके थाना क्षेत्र में हुई कई अन्य आपराधिक घटनाओं में भी अपनी भूमिका होने की बात कबूल की है। पुलिस उन मामलों की भी जांच कर रही है और संबंधित साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित अफसर अंसारी के खिलाफ पहले से हत्या सहित कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## समर क्रिकेट कैंप में 107 बच्चों ने लिया प्रशिक्षण मिला सर्टिफिकेट

**तोरपा :** तोरपा क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित समर क्रिकेट कोचिंग कैंप में 107बच्चों ने क्रिकेट के गुर सीखे। सोमवार को कैंप का समापन हो गया। कैंप का उद्देश्य तोरपा के खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारना और उन्हें खेल में अनुशासन, निरंतर अभ्यास व तकनीकी जानकारी से अवगत कराना था।कैंप की गतिविधियाँ इस सात दिवसीय कैंप में बालक एवं बालिका वर्ग के बच्चों ने बैटिंग, बॉलिंग व क्षेत्ररक्षण का प्रशिक्षण लिया। हेड कोच देवा हस्सा के नेतृत्व में सहायक कोच उमाकांत मुंडा, अभिषेक सहदेव, सौरभ शर्मा, गौरव शर्मा, अनीश होरो व राजेश नायक ने प्रशिक्षण दिया। रणजी खिलाड़ी विनायक विक्रम ने मेंटर की भूमिका निभाते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। समापन पर सभी अभिभावकों की मौजूदगी में कैंप के प्रतिभागी बच्चों को सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# होटवार में साइबर अपराध अनुसंधान पर पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शुरू, सिखाई जाएंगी आधुनिक जांच तकनीकें

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने और पुलिस अधिकारियों की जांच क्षमता को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से होटवार स्थित अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय में सोमवार से ₹साइबर अपराध का अनुसंधान₹ विषय पर पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस प्रशिक्षण में झारखंड पुलिस की विभिन्न इकाइयों से आए 78 पुलिसकर्मी और अधिकारी भाग ले रहे हैं।
प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिन्हा ने किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराधों का स्वरूप लगातार बदल रहा है और अपराधी नई-नई तकनीकों का इस्तेमाल कर लोगों को निशाना बना रहे हैं। ऐसे में पुलिस अधिकारियों के लिए आधुनिक तकनीकी ज्ञान और साइबर अनुसंधान कौशल से लैस होना आवश्यक है।
उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों की जांच अब केवल पारंपरिक पुलिसिंग तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि इसके लिए डिजिटल तकनीकों, डेटा विश्लेषण और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की गहन समझ भी जरूरी है। इसी उद्देश्य से इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, ताकि पुलिसकर्मियों को नवीनतम तकनीकों और जांच प्रक्रियाओं की जानकारी मिल सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में हैदराबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी से आए तीन अनुभवी प्रशिक्षक प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। पांच दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में साइबर अपराध से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान डिजिटल पेमेंट से संबंधित धोखाधड़ी, घटनास्थल से डिजिटल साक्ष्य का संग्रहण और संरक्षण, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से होने वाले अपराधों की जांच, कॉल डिटेल रिकॉर्ड एवं इंटरनेट प्रोटोकॉल डिटेल रिकॉर्ड का विश्लेषण, डार्क वेब की कार्यप्रणाली तथा क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े अपराधों की जांच जैसे विषयों पर जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में झारखंड पुलिस की विभिन्न इकाइयों से आए आरक्षी, सहायक अवर निरीक्षक, अवर निरीक्षक और पुलिस निरीक्षक स्तर के अधिकारी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें साइबर अपराधों की पहचान, तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण और डिजिटल जांच प्रक्रियाओं की व्यावहारिक जानकारी भी दी जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

## सिल्ली में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर छात्र मोर्चा का प्रदर्शन, एसडीपीओ को सौंपा ज्ञापन



**सिल्ली :** सिल्ली में सोमवार को झारखंड छात्र मोर्चा के पूर्व रांची जिला उपाध्यक्ष सह छात्र नेता राजु कुमार उर्फ राजीव के नेतृत्व में छात्र- छात्राओं ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू से मिलकर क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं एवं युवाओं की असमय हो रही मौत को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बुंडू को एक ज्ञापन सौंपा है। राजु कुमार ने अपने ज्ञापन में कहा कि बुंडू अनुमंडल क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिसके कारण कई लोगों की जान जा रही है तथा अनेक लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि इन दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में युवा एवं छात्र अपनी जान गंवा रहे हैं। यह स्थिति पूरे समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है। राजु कुमार ने कहा कि तेज रफ्तार वाहन चलाना, नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन, यातायात नियमों की अनदेखी तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता की कमी दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह हो सकती है। झारखंड छात्र मोर्चा ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाए, नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन पर सख्ती से रोक लगाई जाए, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में चेतावनी संकेतक, स्पीड ब्रेकर एवं अन्य आवश्यक यातायात सुविधाएं विकसित की जाएं। साथ ही पुलिस पेट्रोलिंग एवं ट्रैफिक निगरानी व्यवस्था को भी और अधिक मजबूत किया जाए। राजु कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रशासन एवं आम जनता दोनों को मिलकर प्रयास करने होंगे। युवाओं का जीवन सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रशासन से जनहित में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके और लोगों की बहुमूल्य जान बचाई जा सके। इस मौके पर लोकेश यादव, जयराम महतो, हिमांसू प्रमाणिक,ममता कुमारी, नेहा कुमारी, गुड्डी कुमारी, सविता मुंडा, अनिल लोहरा, काशीनाथ लोहरा समेत कई छात्र- छात्राएं मौजूद थे ।

## स्वास्थ्य कार्यकर्ता निभा सकते हैं आत्महत्या रोकथाम में भूमिका : प्रकाश



**रांची :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान, समय पर हस्तक्षेप और आत्महत्या रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।
उन्होंने सामुदायिक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए इस पहल की सराहना की। प्रकाश झा सोमवार को केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान (सीआईपी), रांची के मनोरोग सामाजिक कार्य विभाग की ओर से भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के वित्तीय सहयोग से संचालित परियोजना झारखंड में ग्रामीण (जनजातीय) सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकताओं के लिए सोमवार को सीआईपी परिसर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या जोखिम प्रबंधन प्रशिक्षण की प्रभावशीलता का मूल्यांकन के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान एमफिल मनोरोग सामाजिक कार्य के विद्यार्थियों ने मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या रोकथाम विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीआईपी के प्रभारी निदेशक डॉ एके सुधांशु ने कहा कि परियोजना के प्रथम चरण में रांची जिले के 100 सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जबकि पांच जिलों के 500 स्वास्थ्य कार्यकताओं को प्रशिक्षित कर समुदाय स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं और आत्महत्या रोकथाम प्रयासों को सुदृढ़ किया जाएगा।

## अखिल भारतीय सुंडी शौंडिक महासंघ ने मंत्री पर हमले की जांच और सुरक्षा बढ़ाने की उठाई मांग



**रांची :** सोमवार को अखिल भारतीय सुंडी शौंडिक वैश्य महासंघ के माननीय अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता ,राष्ट्रीय कार्यदल सदस्य एवं झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के राष्ट्रीय समन्वयक बीरेंद्र साहु ने बिहार के मधुबनी में खजौली के लोकप्रिय विधायक एवं बिहार सरकार के श्रम संसाधन, परिवार कल्याण एवं कौशल विकास मंत्री अरूण शंकर प्रसाद जी पर हुए जानलेवा हमले की कड़ी निंदा एवं भर्त्सना करते हुए कहा कि मंत्री अरुणशंकर प्रसाद अपने क्षेत्र के युवक की मौत की सूचना मिलते ही त्वरित कार्यवाही कर दुखित परिवारजनों से भेंट कर अपनी संवेदना व्यक्त करने पहुंचे थे, इसी बीच सैकड़ों की संख्या में कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा मंत्री जी के गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर मंत्री जी के साथ दुर्व्यवहार कर उनके ऊपर जानलेवा हमला किया , उपस्थित सैकड़ों की संख्या में महिलाओं पुरुषों की भीड़ ने लाठी एवं अन्य हथियारों से लैस होकर हुजूम में मंत्री पर हमला कर दिया लेकिन मंत्री अरूण शंकर प्रसाद जी के साथ मौजूद उनके अंगरक्षक एवं कार्यकताओं ने उन्हें सुरक्षित रख पास के पुलिस थाना में जाकर इस कांड की सूचना के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई। सवाल यह उठता है कि अपने क्षेत्र के बेदाग छवि के मंत्री अरूण शंकर प्रसाद जी काफी दिनों से लगातार विधायक हैं ,अपने हसमुख एवं मृदु भाषी होने के कारण आम जनों के लोकप्रिय भी हैं , बराबर सुख दुख में पूरे क्षेत्र में उनकी अंतिम व्यक्ति तक आत्मीय लगाव होते हुए भी कुछ असमाजिक तत्वों ने उनपर योजना बना कर हमले कर दिया, जिसकी जितनी भी कड़ी निंदा की जाय कम है । घटना की जानकारी मिलते ही माननीय मंत्री अरूण शंकर प्रसाद जी से संपर्क स्थापित कर शिवरतन प्रसाद गुप्ता जी एवं बीरेंद्र साहु जी उनसे बात कर कहा है कि अखिल भारतीय सुंडी शौंडिक वैश्य महासंघ ने मंत्री अरुणशंकर प्रसाद के ऊपर किए गए कातिलाना हमले की उच्च स्तरीय जॉच की मांग करते हुए उन्हें जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा देने की मांग बिहार सरकार से रखी है।

# कोडरमा रेलवे स्टेशन से 72 कैन बीयर के साथ दो युवक गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** कोडरमा रेलवे सुरक्षा बल द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सतर्क के तहत सोमवार सुबह कोडरमा रेलवे स्टेशन पर कार्रवाई करते हुए 72 कैन बीयर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवकों के पास से कुल 36 लीटर बीयर बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 10,800 रुपये आंकी गई है। जानकारी के अनुसार, दिनांक 08 जून 2026 को आरपीएफ पोस्ट कोडरमा के आरक्षी बृजेंद्र प्रताप सिंह एवं आरक्षी सोनू कुमार प्लेटफॉर्म संख्या-4 के कालका एंड की ओर पेट्रोलिंग ड्यूटी से लौट रहे थे। सुबह करीब 5:40 बजे उन्होंने तीन काले रंग के बैग के साथ दो युवकों को संदिग्ध अवस्था में देखा। पूछताछ में युवकों ने अपनी पहचान




दीपक कुमार (18 वर्ष), निवासी नईकी अहरी, थाना परेया, जिला गया (बिहार) तथा राहुल कुमार (18 वर्ष), निवासी धर्म बीघा, थाना मगध, जिला गया (बिहार) के रूप में बताई। तलाशी के दौरान दीपक कुमार के बैग से 24 कैन गॉडफादर द लेजेंडरी सुप्रीम स्ट्रॉन्ग बियर तथा राहुल कुमार के दो बैगों से 48 कैन किंगफिशर स्ट्रॉन्ग प्रीमियम बियर बरामद हुई। सभी कैन 500-500 मिलीलीटर क्षमता की थीं। सूचना मिलने पर आरपीएफ निरीक्षक दीपक कुमार मौके पर पहुंचे और पूछताछ की। दोनों युवकों ने स्वीकार किया कि वे बेरोजगार हैं और अधिक मुनाफे के लिए बीयर को बिहार ले जाकर बेचने का काम करते हैं। हालांकि, वे बीयर से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद गवाहों की मौजूदगी में सभी 72 कैन बीयर जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। जब्त शराब एवं गिरफ्तार अभियुक्तों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग, कोडरमा को सौंप दिया गया।

## इंटरसिटी एक्सप्रेस से 65 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद

**कोडरमा :** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कोडरमा द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सतर्क के तहत सोमवार को बड़ी सफलता हासिल हुई। निरीक्षक प्रभारी के निर्देशन में आरपीएफ ओपी गुरपा की टीम ने गाड़ी संख्या 13305 अप धनबाद–सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में चेकिंग के दौरान 65 लीटर अवैध देशी महुआ शराब बरामद की। जानकारी के अनुसार, उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार, प्रधान आरक्षी हरिमोहन मीणा एवं आरक्षी मिंकु कुमार द्वारा लालबाग–दिलवा स्टेशन के मध्य ट्रेन के साधारण कोच में प्रतिबंधित सामानों की निगरानी एवं जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध प्लास्टिक बोरा लावारिस अवस्था में पड़ा मिला, जिससे महुआ शराब की गंध आ रही थी। कोच में मौजूद यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी ने भी उक्त बोरे पर अपना दावा नहीं किया। इसके बाद संदेह के आधार पर बोरे को खोलकर जांच की गई, जिसमें तीन प्लास्टिक बोरियों में 13 प्लास्टिक पाउच में भरी हुई कुल 65 लीटर देशी महुआ शराब बरामद हुई। आरपीएफ टीम ने सुबह 8:40 बजे गवाहों की उपस्थिति में जब्ती सूची तैयार कर शराब को जब्त कर लिया। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 6,500 बताई गई है। बाद में जब्त महुआ शराब को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कोडरमा लाकर आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उत्पाद विभाग, कोडरमा को सुपुर्द कर दिया गया।

# चुटुपालु घाटी में दर्दनाक सड़क हादसा सीसीएल कर्मी के इकलौते पुत्र की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़ :** चुटुपालु घाटी में सोमवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की दुनिया उजाड़ दी। कुजू कलवारी निवासी राहुल राजवार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। राहुल, सीसीएल कर्मी गोपाल राजवार के इकलौते पुत्र थे। हादसे की खबर मिलते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। क्षेत्र में हर किसी की जुबान पर इसी दर्दनाक घटना की चर्चा रही। मिली जानकारी के अनुसार राहुल राजवार अपने घर से रांची के लिए निकले थे। वह रांची में ग्राफिक डिजाइनिंग के क्षेत्र से जुड़े हुए थे और अपने कार्यस्थल की ओर जा रहे थे। रोज की तरह अपनी आरवन बाइक से यात्रा कर रहे राहुल को शायद इस बात का अंदाजा भी नहीं था कि यह सफर उनका आखिरी सफर साबित होगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चुटुपालु घाटी पहुंचने के दौरान राहुल की बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। संतुलन बिगड़ने के बाद वह सड़क पर गिर पड़े और पास से गुजर रहे ट्रक के पहिए के बेहद करीब जा पहुंचे। हादसा इतना भयावह था कि गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कुछ समय तक सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। राहुल परिवार की उम्मीदों का केंद्र थे। उनकी असामयिक मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। माता-पिता समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। रिश्तेदार, मित्र और स्थानीय लोग लगातार परिवार को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने भी गहरी संवेदना व्यक्त की है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और सतर्क वाहन संचालन की आवश्यकता को उजागर कर दिया है। राहुल की असमय मौत से कुजू कलवारी सहित पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है।

## सड़क हादसे में किशोर की दर्दनाक मौत


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** शहर के व्यस्त चट्टी बाजार और कैथा चौक के बीच हुए एक हृदयविदारक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। सेवईया गढ़ा निवासी 15 वर्षीय नवीन कुमार की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे की खबर फैलते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक नवीन कुमार, एलआईसी एजेंट उमेश प्रसाद महतो के पुत्र थे। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीन कुमार किसी आवश्यक कार्य से चट्टी बाजार की ओर गया हुआ था। इसी दौरान कैथा चौक के समीप एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। दुर्घटना के बाद वाहन सहित चालक मौके से फरार हो गया, जिससे लोगों में आक्रोश भी देखा गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मानवता का परिचय देते हुए घायल किशोर को अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया। हालांकि चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस दुखद सूचना के बाद परिवार और परिचितों के बीच मातम पसर गया। नवीन कुमार की असमय मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार वह सरल स्वभाव का, मिलनसार और उज्ज्वल भविष्य वाला किशोर था। उसकी मौत की खबर सुनकर बड़ी संख्या में लोग परिवार के घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। दुर्घटना के बाद फरार हुए वाहन और चालक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही वाहन और चालक का पता लगाकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कपूरा देवी की 14वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, लोगों ने किया नमन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** पथलडीहा बाजार स्थित स्वर्गीय कपूरा देवी एवं स्वर्गीय बद्री सिंह स्मृति द्वार पर रविवार को स्वर्गीय कपूरा देवी की 14वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर स्वर्गीय कपूरा देवी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय कपूरा देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित लोगों ने उनके जीवन, संघर्ष, समाजसेवा और जनहित के कार्यों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवनकाल में सामाजिक मूल्यों और सेवा भाव के माध्यम से समाज में एक अलग पहचान बनाई थी। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। इस दौरान वक्ताओं ने स्वर्गीय बद्री



सिंह के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को भी सम्मानपूर्वक याद किया और उनके द्वारा समाजहित में किए गए कार्यों की सराहना की। सभा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक, मुखिया प्रतिनिधि सदानंद यादव, पवन कुमार सिंह, दीपू सिंह, दिलीप कुमार सिंह, मिथिलेश सिंह, विक्रम कुमार सिंह, सुनील कुमार शर्मा, जितन यादव, पीयूष सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## खो-खो को नई उड़ान देने की तैयारी, रामगढ़ जिला संघ की नई टीम का हुआ गठन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** जिले में खो-खो खेल के विकास और खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रामगढ़ जिला खो-खो संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। यह निर्णय पतरातू प्रखंड कार्यालय अंतर्गत सौदा बस्ती पारटांड़ स्थित सभागार में आयोजित बैठक में लिया गया, जहां खेल के विकास और संगठन की भावी योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में झारखंड राज्य खो-खो संघ के महासचिव संतोष प्रसाद, चतरा जिला खो-खो संघ के संयुक्त सचिव सुबोध कुमार तथा चुनाव पर्यवेक्षक एवं झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अभिनव कुमार की उपस्थिति में पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता



शशी भूषण राम बाउरी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से रामगढ़ जिला खो-खो संघ की नई कमेटी का गठन किया गया। संगठन के अध्यक्ष पद पर बालेश्वर मुंडा को जिम्मेदारी सौंपी गई। उपाध्यक्ष के रूप में स्वामी सिद्धार्थ बाउरी, प्रकाश ओझा, ज्योति विश्वकर्मा और राकेश कुमार शर्मा का चयन किया गया। सचिव पद की जिम्मेदारी नविन कुमार ठाकुर को दी गई, जबकि संयुक्त सचिव के रूप में अजित प्रसाद महतो, रिया सिंह, अशोक कुमार, नविन कुमार महतो, भास्कर कुमार महतो और सुजिता देवी को चुना गया। कोषाध्यक्ष के रूप में राहुल कुमार, कार्यालय सचिव के रूप में सुजय कालिंदी, रेफरी बोर्ड अध्यक्ष के रूप में आनंद तिग्गा तथा तकनीकी निदेशक के रूप में आमिर सोहेल का चयन किया गया। महिला यौन उत्पीड़न निवारण समिति की जिम्मेदारी मीरा रानी को सौंपी गई।

# राजगढ़िया रोड मेडिकल लाइन चौराहा बना जाम और विवाद का केंद्र, अवैध टेंपो-टोटो स्टैंड हटाने की मांग तेज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** वार्ड नंबर 10 की वार्ड पार्षद पिंकी जैन ने राजगढ़िया रोड मेडिकल लाइन चौराहा पर नगर परिषद की कथित लापरवाही को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि चौराहा पर अवैध रूप से संचालित टेंपो और टोटो स्टैंड के कारण प्रतिदिन हजारों लोगों को भारी ट्रैफिक जाम और अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद ने बताया कि स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि शुक्रवार को एजेंटों और आम लोगों के बीच विवाद के बाद लाठी-डंडे तक चल गए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन स्थानीय दुकानदारों, टोटो चालकों और टेंपो चालकों के बीच वाहन खड़ा करने



को लेकर झगड़े होते रहते हैं। कई चालक दुकानों के सामने वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। पिंकी जैन के अनुसार मेडिकल लाइन क्षेत्र शहर का अत्यंत व्यस्त इलाका है, जहां सैकड़ों डॉक्टरों के क्लीनिक, अल्ट्रासाउंड सेंटर, पैथोलॉजी लैब, मेडिकल दुकानें, स्कूल, कॉलेज, मंदिर और धर्मशालाएं स्थित हैं। प्रतिदिन हजारों मरीज और आम नागरिक यहां पहुंचते हैं, लेकिन अव्यवस्थित स्टैंड के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है और किसी भी दिन कोई बड़ी दुर्घटना या अप्रिय घटना घट सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर परिषद और सिटी मैनेजर को कई बार आवेदन एवं शिकायत देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। पार्षद ने कहा कि यदि भविष्य में किसी प्रकार की अप्रत्याशित घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी नगर परिषद की होगी। पिंकी जैन ने मांग की है कि अवैध रूप से संचालित टेंपो और टोटो स्टैंड को तत्काल वहां से हटाकर किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने बताया कि पूर्व में सभी टेंपो और टोटो सीएच स्कूल के पास खड़े होते थे, जिससे आम लोगों को कोई विशेष परेशानी नहीं होती थी। साथ ही उन्होंने प्रशासन से मेडिकल लाइन चौराहा पर स्थायी पुलिस एवं ट्रैफिक पुलिस की तैनाती करने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू होगी, आम जनता को राहत मिलेगी तथा क्षेत्र में फैली गंदगी की समस्या का भी समाधान हो सकेगा।

## एक नजर

### बासल में कोयला लदा ट्रक पलटा, चालक बाल-बाल बचा

**रामगढ़ :** बासल थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा उस समय टल गया, जब कोयला लेकर जा रहा एक ट्रक अचानक असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना में चालक को मामूली चोटें आईं, जबकि ट्रक में लदा कोयला सड़क किनारे दूर–दूर तक बिखर गया। घटना के बाद कुछ समय के लिए इलाके में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार टंडवा क्षेत्र से कोयला लेकर मांडू स्थित फैक्ट्री की ओर जा रहा ट्रक (जेएच 02 एएन 0711) बासल–भुरकुंडा मुख्य मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान अचानक सड़क पर एक जानवर आ जाने से चालक ने वाहन को बचाने का प्रयास किया। वाहन की रफ्तार और अचानक मोड़ लेने के कारण ट्रक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना के बाद ट्रक में लदा अधिकांश कोयला सड़क किनारे फैल गया। स्थानीय लोगों की मदद से चालक को बाहर निकाला गया। राहत की बात यह रही कि हादसे में चालक को केवल मामूली चोटें आईं और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के समय सड़क पर अन्य वाहन नहीं होने के कारण एक बड़ा हादसा टल गया।

### आरपीएफ की तत्परता से यात्री को मिला छूटा हुआ बैग

**कोडरमा :** रेल मदद के माध्यम से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कोडरमा ने तत्परता दिखाते हुए ट्रेन संख्या 12324 बाड़मेर–हावड़ा एक्सप्रेस में छूटा यात्री का बैग बरामद कर सुरक्षित वापस दिलाया। जानकारी के अनुसार प्रयागराज से गया तक यात्रा कर रहे यात्री विशाल पुरी, कोच संख्या र–3 की बर्थ संख्या 68 पर सफर कर रहे थे। गया स्टेशन पर उतरने के दौरान उनका हरे रंग का छोटा हैंडबैग ट्रेन में ही छूट गया। सूचना मिलने के बाद ट्रेन के कोडरमा पहुंचने पर आरपीएफ जवानों ने संबंधित बर्थ की जांच की और बैग बरामद कर लिया। इसके बाद शिकायतकर्ता से मोबाइल के माध्यम से संपर्क कर वीडियो कॉल पर बैग और उसमें रखे सामान का सत्यापन कराया गया। सत्यापन के उपरांत बैग को आरपीएफ पोस्ट कोडरमा में सुरक्षित रखा गया। बाद में शिकायतकर्ता के रिश्तेदार संदीप कुमार जैन, निवासी झुमरी तिलैया, आरपीएफ पोस्ट कोडरमा पहुंचे। आवश्यक सत्यापन के बाद उन्हें बैग सुपुर्द कर दिया गया। बैग में एक रेडमी कंपनी का नीले रंग का मोबाइल फोन, चार्जर एवं पेट्रोन कंपनी का एयरफोन रखा हुआ था, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 16 हजार रुपये बताई गई।

### एक ही रात चार घरों में चोरी, हजारों की संपत्ति ले उड़े चोर

**जयनगर :** थाना क्षेत्र के बागोडीह गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक साथ चार घरों को निशाना बनाकर चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया। चोरों ने विभिन्न घरों से जेवरात, पीतल–कांसा के बर्तन, कपड़े समेत हजारों रुपये मूल्य की संपत्ति की चोरी कर ली। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता कलवा देवी ने बताया कि रात में परिवार के लोग पुराने मकान में भोजन करने के बाद नवनिर्मित घर में सोने चले गए थे। सुबह जब वे पुराने मकान पहुंचीं तो देखा कि कमरे का सामान बिखरा पड़ा है और कई सामान गायब हैं। इसके बाद उन्होंने शोर मचाकर परिजनों एवं ग्रामीणों को बुलाया। चोरी की सूचना मिलने पर आसपास के लोगों ने भी अपने घरों की जांच की, जिसमें तीन अन्य घरों में भी चोरी की घटना सामने आई। कलवा देवी के अनुसार, चोर उनके घर से कांसा और पीतल के बर्तन चोरी कर ले गए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपये है।

## संक्षिप्त खबरें

### अपराध पर कड़ा प्रहार, रामगढ़ पुलिस का जिलेभर में विशेष जांच अभियान



**रामगढ़ :** जिले में कानून–व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से रामगढ़ पुलिस ने सोमवार को व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर संचालित इस विशेष अभियान के तहत जिले के सभी थाना एवं ओपी क्षेत्रों में संवेदनशील स्थलों, प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर सघन जांच की गई। रामगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ह्यप्रहरीह्न अभियान के अंतर्गत जिलेभर में एक साथ जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों ने विभिन्न चौक–चौराहों, बाजार क्षेत्रों तथा संवेदनशील मार्गों पर वाहनों की जांच की। अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी रखना तथा असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाना रहा। अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की बारीकी से जांच की गई। पुलिस ने वाहन चालकों से आवश्यक दस्तावेजों की जांच के साथ–साथ संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की। कई स्थानों पर आने–जाने वाले लोगों की पहचान सत्यापित की गई ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराध की घटनाओं को रोकने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। विशेष रूप से ऐसे स्थानों पर निगरानी बढ़ाई जा रही है जहां अपराध की आशंका अधिक रहती है। रामगढ़ पुलिस का यह अभियान आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि जिले में सुरक्षित और अपराधमुक्त वातावरण कायम रखा जा सके।

### महिला सुरक्षा और न्याय की दिशा में बढ़ा समन्वय, गोला में हुई महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक



**गोला :** महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा, न्याय तक उनकी पहुंच को सशक्त बनाने तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से सोमवार को गोला प्रखंड कार्यालय सभागार में सलाहकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के सदस्य, गोला थाना प्रभारी, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, जिला स्तर से प्रदान संस्था के प्रतिनिधि, संकुल संगठन के पदाधिकारी तथा सभी पंचायतों की जेंडर सीआरपी शामिल हुईं। बैठक के दौरान जेंडर रिसोर्स सेंटर (गरिमा केंद्र) गोला में अब तक दर्ज महिला हिंसा से संबंधित कुल 41 मामलों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। प्रत्येक मामले की वर्तमान स्थिति, समाधान की प्रगति तथा आगे की कार्रवाई को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही उपस्थित सदस्यों को केंद्र की गतिविधियों, उपलब्धियों और सामाजिक प्रभावों की जानकारी दी गई। गोला थाना प्रभारी ने गरिमा केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जरूरत पड़ने पर पुलिस प्रशासन हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराएगा। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भी महिलाओं से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन और संस्थागत सहयोग को आगे भी जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में उप प्रमुख विजय ओझा ने भी केंद्र के कार्यों की प्रशंसा करते हुए हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने गरिमा केंद्र में आरओ फिल्टर युक्त पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक आवेदन आमंत्रित करने तथा इस दिशा में सकारात्मक पहल करने की बात कही। बैठक का मुख्य फोकस महिलाओं एवं समुदाय से जुड़े मुद्दों के प्रभावी समाधान के लिए विभिन्न विभागों, संस्थाओं और स्थानीय प्रतिनिधियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना रहा। उपस्थित सदस्यों ने सामूहिक प्रयासों के माध्यम से महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

### मृतक अनीश सिंह के परिजनों से मिले झामुमो नेता, आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग

**मरकच्चो :** मरकच्चो थाना क्षेत्र के पश्चिम मुहल्ला स्थित प्रेमनगर में शुक्रवार की रात आपसी विवाद में हुई मारपीट में घायल 26 वर्षीय अनीश सिंह की मौत इलाज के दौरान कोडरमा सदर अस्पताल में हो गई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद सोमवार को झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य संजय पांडेय के नेतृत्व में झामुमो पार्टी के एक प्रतिनिधि मंडल मृतक के घर पहुँच कर परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और हर संभव मदद करने की बात कही तथा घटना की पुरी जानकरी ली। इस दौरान परिजनों ने कहा कि हत्या के तीन दिन बीत जाने के बाद एक भी आरोपी गिरफ्तार नही हुआ है। आरोपी खुलल्म खुला घूम रहे हैं। प्रसाशन सिर्फ आश्वासन दे रही की हम छापा मारी कर रहे हैं जल्द गिरफ्तार कर लेंगें। संजय पांडेय ने पुलिस अधिक्षक कोडरमा व थाना प्रभारी मरकच्चो से दूरभाष पर बात कर आरोपियों को तत्काल गिराफ्तार करने की अपील किया। संजय पांडेय ने कहा अगर 24 घंटे में आरोपी गिराफ्तार नही होते हैं तो इसकी शिकायत लेकर मृतक के परिजनों के साथ मुख्यमंत्री से मिलेंगे। साथ ही साथ प्रशासान अगर 24 घंटे में आरोपीयो को गिरफ्तार नही करती है तो झामुमो पार्टी रोड जाम व आंदोलन करने को बाध्य होगी। मालुम हो कि पुलिस ने मृतक की माता मोसोमात अनीता देवी के बयान पर रवि सिंह, पंकज सिंह, प्रदीप सिंह, कुलदीप सिंह, प्रवीण सिंह और लखन सिंह समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### कोडरमा में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और प्रशासन की निष्क्रियता से जनता भयभीत : महेश यादव

**कोडरमा :** कोडरमा जिला मुख्यालय के समक्ष उदित राज के परिजनों द्वारा चलाया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना आज सातवें दिन में प्रवेश कर चुका है, लेकिन इसके बावजूद जिला प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की ठोस पहल नहीं किया जाना अत्यंत दुखद, गंभीर और चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। लगातार सात दिनों से जारी इस धरने के बावजूद प्रशासन की चुप्पी और पुलिस की कथित निष्क्रियता ने आम जनता में भय और असंतोष का माहौल पैदा कर दिया है। न्याय की मांग को अनदेखा किया जाना लोकतांत्रिक व्यवस्था और प्रशासनिक संवेदनशीलता पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। इसी गंभीर स्थिति के विरोध में कल देर रात जयनगर प्रखंड के पिपचो चौक पर आम आदमी पार्टी द्वारा जिला अध्यक्ष महेश कुमार यादव के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया तथा कोडरमा पुलिस प्रशासन का पुतला दहन किया गया। कोडरमा में लगातार बिगड़ती कानून–व्यवस्था और प्रशासन की निष्क्रियता अब असहनीय हो चुकी है। जनता भयभीत है और न्याय के लिए दर–दर भटक रही है। यदि प्रशासन ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाया तो आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी जनता के न्याय और अधिकार की इस लड़ाई को हर स्तर पर मजबूती से उठाती रहेगी।

# पंचायती राज योजनाओं की समीक्षा, उपायुक्त ने विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में 15वें वित्त आयोग मद से संचालित योजनाओं, ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों एवं जिला परिषद से संबंधित कार्यों की प्रगति का आकलन करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में उपायुक्त ने झारखंड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत मनरेगा में कार्यरत अधिकाधिक मजदूरों को आच्छादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने 15वें वित्त आयोग की राशि का उपयोग करते हुए पंचायत स्तर पर विद्यालयों की चहारदीवारी निर्माण, प्लस-टू विद्यालयों में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं जैसे टेबल, पंखा एवं मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संपादित करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखंड स्तर पर सामुदायिक केंद्रों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में कार्य करने को कहा।

उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के हाट-बाजारों की बंदोबस्ती सुनिश्चित करने तथा 15वें वित्त आयोग से स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने खराब पड़े चापानलों एवं जलमीनारों की शीघ्र मरम्मत कर उन्हें चालू अवस्था में लाने पर विशेष बल दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रखंड एवं पंचायत परिसरों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रखंड परिसरों में ओपन जिम, बैठने हेतु शेड, पार्किंग सहित अन्य आवश्यक जनसुविधाओं के विकास पर बल दिया। साथ ही पंचायत क्षेत्रों में आवश्यक सड़कों पर पीसीसी निर्माण तथा क्षतिग्रस्त सड़कों के गड्ढों की मरम्मत कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी बीडीओ को अपने-अपने प्रखंडों के व्यय की नियमित समीक्षा करने तथा योजनाओं के वित्तीय एवं भौतिक प्रगति पर विशेष निगरानी रखने को कहा। उन्होंने ब्लॉक कॉर्डिनेटरों को सभी संचिकाओं का व्यवस्थित संधारण सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए ग्राम सभा से अनुमोदन, कार्यकारिणी बैठक,मेजरमेंट बुक, जियो-टैग फोटोग्राफ एवं अन्य अभिलेखों के अद्यतन संधारण पर विशेष ध्यान देने को कहा। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पंचायत ज्ञान केंद्रों की स्थिति का भी आकलन किया तथा पंचायत सचिवालयों में उपलब्ध सभी जनसेवाओं को नियमित एवं सुचारू रूप से संचालित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रखंड परिसरों में स्थित पुराने एवं जर्जर भवनों की पहचान कर आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए उन्हें ध्वस्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त हेमन्त सती के अलावा उपविकास आयुक्त रिया सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, डीपीएम सहित विभाग के अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर

### करंट लगने से दो मवेशियों की मौत

**चतरा :** पत्थलगडा प्रखंड के नोनगांव पंचायत मुख्यालय के नोनगांव गांव में करंट लगने से दो मवेशियों की मौत हो गई। मृत पशुओं में मीना देवी (पति जवाहर साह) का एक बैल और चिंतामणि यादव का एक बाछा शामिल है। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार को गांव में लगे ट्रांसफार्मर के नीचे दोनों पशु चर रहे थे। इसी दौरान ट्रांसफार्मर से करंट अर्थिंग तार में प्रवाहित हो गया। जिसकी चपेट में आने से दोनों मवेशियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीणों ने विभाग से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और पीड़ित पशुपालकों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। नोनगांव मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि प्रभावित किसानों को मुआवजा बिजली विभाग और प्रशासन दे।

### विभूति एक्सप्रेस की चपेट में आने से युवक की मौत

**देवघर :** मधुपुर थाना क्षेत्र के सेठभीला के समीप सोमवार को रेलवे ट्रैक पर एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सुनील राय (31) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेठभीला के पास पोल संख्या 295/6-8 डाउन रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना 12334 विभूति एक्सप्रेस के चालक ने मधुपुर स्टेशन प्रबंधक एवं रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को दी। सूचना मिलते ही आरपीएफ मधुपुर के इंस्पेक्टर श्याम सुंदर कुमार और मधुपुर थाना के एएसआई शशी राय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को ट्रैक से हटाकर अपने कब्जे में लिया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत विभूति एक्सप्रेस की चपेट में आने से हुई है। शव की स्थिति अत्यंत क्षत-विक्षत होने के कारण शुरूआत में पहचान करने में कठिनाई हुई, लेकिन बाद में परिजनों और स्थानीय लोगों ने उसकी पहचान सुनील राय के रूप में की। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक की मानसिक स्थिति पिछले कुछ समय से ठीक नहीं थी। हालांकि यह घटना आत्महत्या, दुर्घटना या किसी अन्य कारण से हुई है, इसका स्पष्ट खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरपीएफ और स्थानीय पुलिस संयुक्त रूप से मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बरही में ब्रह्मविद्या विहंगम योग का साप्ताहिक सत्संग आयोजित



**बरही :** शकुंतला पैलेस में ब्रह्मविद्या विहंगम योग संत समाज के ओर से साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डॉ. महेश प्रसाद गुप्ता ने की और संचालन उग्रेश्वर प्रसाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सामूहिक ॐ कार ध्वनि, स्वागत गान, मंगल गान, ज्ञान प्रकाश, वंदना, आरती एवं शांति पाठ के साथ किशोर प्रसाद सिंह ने उद्बोधन, अनमोल राजा ने ज्ञान चुटकी पाठ, कुंदरा कुमार गुप्ता ने स्वर्वेद पाठ व मंगल गान, अनमोल राजा, राजेश रंजन, उमेश प्रसाद व कुंदरा कुमार गुप्ता ने भजन तथा उपेन्द्र पांडे, भूरला कुमार व राज मोहन राजन ने प्रवचन प्रस्तुत किया, वहीं 10 मिनट की अमृतवाणी भी हुई। इस अवसर पर सुरेन्द्र पांडेय, राजेश कुमार सिंह, कैलाश पति सिंह, अनमोल राजा, राजमोहन राजन, किशोर प्रसाद सिंह, कृष्णा कुमार गुप्ता, रविन्द्र सिंह, सोनू प्रजापति ,उमेश प्रसाद सहित अन्य साधक मौजूद रहे। सत्संग प्रभारी कृष्णा कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक सोमवार को होने वाली इस गोष्ठी में बड़ी संख्या में साधक भाग लेते हैं और ब्रह्मविद्या विहंगम योग के माध्यम से आत्मज्ञान व शांति का मार्ग प्रशस्त होता है।

### चलकुशा में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक, वेटिंग लिस्ट अपडेट करने के निर्देश



**चलकुशा :** प्रखंड विकास पदाधिकारी अमृता सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर सभी पंचायतों के मुखिया पंसस सदस्यों एवं पंचायत सचिवों के साथ बैठक की। बैठक में सभी मुखिया एवं पंचायत सचिवों को निर्देश दिया गया कि पुर्व में आवास वेटिंग लिस्ट को अपडेट करें। सूची में दर्ज नामों कौन आवास के लाभुक बनने के पात्र हैं और कौन अपात्र है इसे चिन्हित करें। ड्राफ्ट परमानेंट वेटिंग लिस्ट को अंतिम रूप से देने के लिए ग्राम सभा के लिए तिथि निर्धारित की गई। 10 जून 2026 को पंचायत भवन मनैया, सेवाटांड, अलगडीहा, सुदन, चौबे, खरगू एवं 11 जून 2026 को सलैयडीह, चलकुशा, एवं मस्केडीह में ग्राम सभा आयोजित की जाएगी।

# चलकुशा में हथिया पत्थर के पास देशी वाटरफॉल बनता जा रहा आकर्षण का केंद्र

प्रत्यूष नवबिहार (अम्बिका पाण्डेय)



**हजारीबाग :** जिले के चलकुशा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खरगु पुल के समीप (हथिया पत्थर) प्राकृतिक सुंदरता धीरे धीरे लोगों का आकषर्ण का केंद्र बनता जा रहा हैं हर रोज यहां सैकड़ों लोग पहुंच कर देशी वाटरफॉल का मजा ले रहे हैं। प्राकृतिक की यह सुंदरता प्रतिदिन दर्जनों और सैकड़ों लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। नदी के बीच पत्थर के ऊपर से तेज रफ्तार में बहता यह पानी लोगों को खूब पसंद आ रही है। चलकुशा और बिरनी प्रखंड सहित आसपास के क्षेत्रों से और कई जिलों से लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ यहां पहुंच रहे हैं अत्यधिक गर्मी होने की वजह से संख्या अभी हर रोज बढ़ रही है स्थानीय लोगों के अनुसार इसके विकास होने से सीमावर्ती क्षेत्र हजारीबाग जिले के चलकुशा और गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखंड क्षेत्र में पर्यटन को नई पहचान मिलेगी वहीं आसपास के दुकानदारों और छोटे व्यवसायियों को भी इसका लाभ मिलेगा । आने वाले समय में यह जगह झारखंड के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल हो सकता है।

# ऑपरेशन वज्र के तहत एक ही रात में 40 अपराधी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**देवघर :** जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत देवघर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में रविवार की मध्यरात्रि को जिलेभर में विशेष अभियान 'ऑपरेशन वज्र' चलाया गया। इस विशेष अभियान के दौरान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य वांछित अपराधियों, फरार वारंटियों और विभिन्न मामलों में आरोपित होकर लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी था। पुलिस की इस समन्वित कार्रवाई में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक ही रात में 40 अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि 44 लंबित वारंटों का निष्पादन भी किया गया। अभियान में पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में 03 एसडीपीओ, 18 थाना प्रभारी, 58 पुलिस पदाधिकारी और 74 पुलिस जवानों ने सक्रिय भूमिका निभाई। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ चलाए गए इस अभियान से अपराधियों में हड़कंप मच गया।

# ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने किया शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले काउंसलर्स का सम्मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**देवघर :** आरएनबी ग्लोबल यूनिवर्सिटी और गोकुल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के संयुक्त बैनर तले जसीडीह स्थित शिवांता रिसोर्ट में शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे बिहार के काउंसलर्स के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा और समाज के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ गौरव कुमार, इंटक के जिलाध्यक्ष अनंत मिश्रा, इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार और दोनों विश्वविद्यालयों के संयुक्त प्रतिनिधि अमित उपाध्याय सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डॉ गौरव कुमार ने कहा कि बिहार जैसे प्रगतिशील राज्य में शिक्षा का अलख जगा रहे दोनों विश्वविद्यालयों का प्रयास सराहनीय है। वहीं अनंत मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में दूरस्थ शिक्षा (डिस्टेंस एजुकेशन) की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है, जिससे नौकरीपेशा, गृहिणी और कामकाजी लोग भी आसानी से उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। अजय कुमार ने कहा कि दोनों विश्वविद्यालय बिहार के दूरदराज क्षेत्रों तक उच्च शिक्षा पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं, जो प्रशंसनीय है। वहीं अमित उपाध्याय ने बताया कि बिहार सरकार गरीब छात्रों की उच्च शिक्षा के लिए विशेष योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता दे रही है।

# जेएस कॉलेज में सीटों में कमी के खिलाफ छात्र संगठनों ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पलामू के मेदिनीनगर स्थित जनता शिवरात्रि (जेएस) महाविद्यालय में नामांकन सीटों में कटौती के खिलाफ और 25 प्रतिशत की वृद्धि को लेकर सोमवार को कई छात्र संगठनों ने प्रभारी प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर पूर्व निर्धारित नामांकन सीटों में 25 प्रतिशत वृद्धि करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में अभाविप, एनएसयूआई, आपसू, झामुमो छात्र मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल थे। सभी ने 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है।

छात्र संगठनों का कहना है कि समाचार पत्रों सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाविद्यालय में नामांकन सीटों की संख्या में कमी की गई है, जिससे क्षेत्र के गरीब, ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं के उच्च शिक्षा से वंचित होने की आशंका बढ़ गई है। शिक्षा प्रत्येक छात्र का अधिकार है और महाविद्यालय प्रशासन का दायित्व है कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को नामांकन का अवसर उपलब्ध कराया जाए। छात्रहित को सर्वोपरि बताते हुए पूर्व निर्धारित सीटों पर 25 प्रतिशत बढ़ोतरी कर मेधा सूची के आधार पर नामांकन सुनिश्चित करने की मांग की है।

छात्र संगठनों ने महाविद्यालय प्रशासन से आवेदन प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर सकारात्मक निर्णय लेते हुए सीट वृद्धि की घोषणा करने का आग्रह किया है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो चरणबद्ध और लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू की जाएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में एनएसयूआई विश्वविद्यालय अध्यक्ष आशीष ठाकुर, प्रियांशु दुबे सहित काफी संख्या में छात्र प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# उर्वरक बिक्री में पारदर्शिता लाने देवघर में प्रशिक्षण कार्यक्रम, उपायुक्त ने दिए कड़े निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**देवघर :** उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में सोमवार को सूचना भवन सभागार में फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल से संबंधित एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में जिले के सभी थोक एवं खुदरा उर्वरक विक्रेताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि देवघर के लिए यह गर्व की बात है कि उर्वरक क्षेत्र में संचालित महत्वाकांक्षी पायलट परियोजना के लिए भारत सरकार ने जिले का चयन किया है।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना के माध्यम से उर्वरक वितरण और बिक्री व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और आधुनिक बनाया जा रहा है। इसी उद्देश्य से सभी संबंधित हितधारकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उपायुक्त ने सभी थोक और खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को नए फ्रेमवर्क के नियमों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रणाली और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही उर्वरकों की बिक्री की जाए, ताकि जमाखोरी और कालाबाजारी जैसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

प्रशिक्षण के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल के तहत लागू नए नियमों, स्टॉक प्रबंधन, पॉइंट ऑफ सेल मशीन के उपयोग और डिजिटल ट्रैकिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विक्रेताओं की विभिन्न जिज्ञासाओं और समस्याओं का समाधान भी किया गया।

इस अवसर पर डॉ वीणा कुमारी टुडु, राजन ओझा, रोहित कुमार विद्यार्थी, विभिन्न प्रखंडों के कृषि पदाधिकारी, एटीएम, बीटीएम और जिले के थोक एवं खुदरा उर्वरक विक्रेता उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य उर्वरक बिक्री व्यवस्था को तकनीक आधारित, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाना था, जिससे किसानों को समय पर और उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके।

झारखण्ड सरकार
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, (LWE) कर्रा, खूँटी 835209। • email : itikarra@gmail.com**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, (LWE) कर्रा, खूँटी में शैक्षणिक सत्र 2026–27–28 में

**नामांकन से संबंधित सूचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, राँची के पत्रांक–623, दिनांक– 30.05. 2026 के आलोक में NCVT से मान्यता प्राप्त खूँटी जिला के कर्रा प्रखण्ड में सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, (LWE) कर्रा, खूँटी के शैक्षणिक सत्र 2026–27–28 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों, जो झारखण्ड राज्य के स्थायी / स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं, और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाइन (https://iti.jharkhand.gov.in)> Admission tab) आवेदन – पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :– सभी व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को आठवीं एवं दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

01. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (LWE) कर्रा, खूँटी में संचालित व्यवसाय एवं रिक्त सीटें :–

| क्र0 सं0 | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | Electrician | 02 वर्षीय | मैट्रिक पास |
| 3. | Mason (Building Constructor) | 01 वर्षीय | आठवीं / मैट्रिक पास |
| 5. | Welder | 01 वर्षीय | आठवीं / मैट्रिक पास |

02. ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि :–

| क्र0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 01.06.2026 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 25.06.2026 |
| 03 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 29.06.2026 पूर्वाह्न 12.00 बजे तक |

उक्त सूचना को Jharkhand के ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा / Download किया जा सकता है।

नोटः–1. ऑनलाईन आवेदन करने से संबंधी किसी भी प्रकार की सहायता के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (LWE), कर्रा, खूँटी में सम्पर्क कर सकते है मो0 न0– 6201283667 / 7488621005

1. आनलाईन आवेदन करने की सुविधा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (LWE) कर्रा, खूँटी के कार्यालय में निःशुल्क है।
2. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (LWE) कर्रा, खूँटी में छात्रों के रहने के लिए छात्रावास (बालक) का निशुल्क सुविधा उपलब्ध है।

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
(LWE) कर्रा, खूँटी।

PR 381764 (Labour Employment and Traning) 26-27 (D)

**कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –NREP/HAZARIBAG/03/2026-27**

**दिनांक 06.06.2026**

मद का नाम – जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

1. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.06.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 12.06.2026 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से 19.06.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 20.06.2026 को अपराह्न 05:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–7321025542 ई–मेल – nrephazaribag@gmail.com
निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बन्द कर दिया जाता है कि उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की अवधि | कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बड़कागॉव | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महुगाईकला के परिसर में भवनहीन ऑगनबाड़ी केन्द्र, महुगाईकला हरिजन टोला का नये भवन का निर्माण। | 1530200.00 | 5000.00 | 30610.00 | छः माह | |
| 2 | बरकट्ठा | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, केन्दुआ के परिसर में भवनहीन ऑगनबाड़ी केन्द्र केन्दुआ पुरब टोला का नये भवन का निर्माण। | 1530200.00 | 5000.00 | 30610.00 | छः माह | |
| 3 | चौपारण | कन्या प्राथमिक विद्यालय, चयकला के परिसर में भवनहीन ऑगनबाड़ी केन्द्र चयकला–2 का नये भवन का निर्माण। | 1530200.00 | 5000.00 | 30610.00 | छः माह | |
| 4 | चौपारण | प्राथमिक विद्यालय, नगवां के परिसर में भवनहीन ऑगनबाड़ी केन्द्र बाराडीह का नये भवन का निर्माण। | 1530200.00 | 5000.00 | 30610.00 | छः माह | |
| 5 | हजारीबाग ग्रामीण | कन्या मध्य विद्यालय, बक्सीडीह के परिसर में भवनहीन ऑगनबाड़ी केन्द्र बासोबार–। का नये भवन का निर्माण। | 1530200.00 | 5000.00 | 30610.00 | छः माह | |
| 6 | हजारीबाग सदर | बालक मध्य विद्यालय, कोर्रा के परिसर में भवनहीन ऑगनबाड़ी केन्द्र कोर्रा हरिजन टोला का नये भवन का निर्माण। | 1530200.00 | 5000.00 | 30610.00 | छः माह | |
| 7 | हजारीबाग सदर | बिहारी कन्या मध्य विद्यालय के परिसर में भवनहीन ऑगनबाड़ी केन्द्र बिहारी कन्य मध्य विद्यालय के पास नये भवन का निर्माण। | 1530200.00 | 5000.00 | 30610.00 | छः माह | |
| 8 | ईचाक | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, अलौंजाकला के परिसर में भवनहीन ऑगनबाड़ी केन्द्र अलौंजाकला–। का नये भवन का निर्माण। | 1530200.00 | 5000.00 | 30610.00 | छः माह | |
| 9 | कटकमसांडी | मध्य विद्यालय, मसरातु के परिसर में भवनहीन ऑगनबाड़ी केन्द्र मसरातु–3 का नये भवन का निर्माण। | 1530200.00 | 5000.00 | 30610.00 | छः माह | |
| 10 | केरेडारी | मध्य विद्यालय, कण्डाबेर के परिसर में भवनहीन ऑगनबाड़ी केन्द्र तुरी टोला का नये भवन का निर्माण। | 1530200.00 | 5000.00 | 30610.00 | छः माह | |

8. पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉची के संकल्प सं0–2146(S) दिनांक 09.09.2020 के आलोक में सम्प्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदायें अनुमान्य होगी। 10 (दस) प्रतिशत से न्युन निविदाओं के लिए Additional Preformance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से – (i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। निविदाओं का निष्पादन उपरोक्त वर्णित संकल्प के आधार पर होगा।
9. इस निविदा में अंकित योजना के लिए भवन निर्माण विभाग / ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) पंजीकृत (नवीकृत) समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।

**नोट :–** केवल ई–निविदा स्वीकृत होगा। प्राक्कलित राशि घट / बढ़ सकती है। अन्य सूचनाएँ वेबसाईट http: www-jharkhandtenders.gov.in कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0 / –
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग।

PR 381793 (Rural Development) 26-27 (D)

# लोकतंत्र का व्यंग्य या लोकतांत्रिक मर्यादाओं पर संकट?

**ललित गर्ग**

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह केवल मतदान की व्यवस्था नहीं, बल्कि संवाद, सहमति, असहमति, संवैधानिक मयार्दाओं और सामाजिक उत्तरदायित्वों का एक सशक्त तंत्र है। लोकतंत्र की शक्ति विरोध में निहित है, लेकिन उसकी गरिमा विरोध की शैली, उद्देश्य और मयार्दा से निर्धारित होती है। हाल के दिनों में चर्चित हुई तथाकथित "कॉकरोच जनता पार्टी" (सीजेपी) इसी संदर्भ में गंभीर विमर्श की मांग करती है। यह आंदोलन प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेषकर नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के विरोध के नाम पर उभरा। प्रारम्भ में यह सोशल मीडिया पर व्यंग्यात्मक अभियान के रूप में सामने आया और बाद में दिल्ली के जंतर-मंतर तक पहुंच गया। इसके समर्थकों ने इसे युवाओं के आक्रोश की अभिव्यक्ति बताया, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या यह वास्तव में शिक्षा सुधार का आंदोलन है या लोकतांत्रिक असंतोष को व्यंग्य, उपहास और राजनीतिक ध्रुवीकरण की दिशा में मोड़ने वाला एक नया प्रयोग?

भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार देता है। किंतु कोई भी अधिकार निरंकुश नहीं होता। लोकतंत्र में विरोध का उद्देश्य समाधान की खोज होना चाहिए, न कि अराजकता का विस्तार। यदि विरोध का स्वर केवल उपहास, आक्रोश और टकराव तक सीमित रह जाए, तो वह लोकतंत्र को मजबूत करने के बजाय कमजोर करने लगता है। "कॉकरोच जनता पार्टी" का नाम ही एक नकारात्मक और व्यंग्यात्मक मानसिकता का परिचायक है। किसी राजनीतिक दल की नकल करते हुए स्वयं को "कॉकरोच" के प्रतीक से जोड़ना लोकतांत्रिक विमर्श को गंभीरता से अधिक तमाशे में बदलने का प्रयास प्रतीत होता है। लोकतंत्र में व्यंग्य का स्थान है, लेकिन व्यंग्य यदि विचार का स्थान ले ले, तो वह जनमत को भ्रमित भी कर सकता है।

किसी भी आंदोलन का मूल्यांकन उसकी मांगों और कार्यप्रणाली से किया जाता है। सीजेपी की प्रमुख मांगें हैं-परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, पेपर लीक की रोकथाम, शिक्षा मंत्री का इस्तीफा तथा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना। इनमें से अधिकांश मांगें ऐसी हैं जिन पर देश का हर जिम्मेदार नागरिक सहमत हो सकता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इन मांगों को मनवाने का तरीका भी उतना ही जिम्मेदार है? क्या कॉकरोच के मुखौटे पहनना, राजनीतिक व्यंग्य को आंदोलन का आधार बनाना और सोशल मीडिया पर उत्तेजक अभियानों को बढ़ावा देना शिक्षा सुधार का व्यावहारिक मार्ग है? क्या इससे सरकार, विशेषज्ञों और समाज के बीच सार्थक संवाद स्थापित होगा? इतिहास बताता है कि स्थायी परिवर्तन नारेबाजी से नहीं, बल्कि वैचारिक स्पष्टता, संगठनात्मक अनुशासन और रचनात्मक दबाव से आते हैं।

भारत की युवा आबादी उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। लेकिन यही शक्ति यदि निराशा, बेरोजगारी और असंतोष से घिर जाए तो विभिन्न राजनीतिक शक्तियों के लिए उपयोग का साधन भी बन सकती है। आज देश का युवा प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार और भविष्य को लेकर चिंतित है। यह चिंता वास्तविक है। लेकिन हर वास्तविक चिंता के साथ एक खतरा भी जुड़ा होता है-उसका राजनीतिक दोहन। जब किसी आंदोलन के पीछे विभिन्न राजनीतिक समूहों, सत्ता-विरोधी संगठनों और वैचारिक एजेंडों की उपस्थिति दिखाई देने लगे, तब यह आशंका स्वाभाविक हो जाती है कि कहीं युवाओं की पीड़ा को राजनीतिक हथियार तो नहीं बनाया जा रहा। यदि छात्र आंदोलन शिक्षा सुधार की जगह सरकार-विरोधी अभियान में बदल जाए, तो सबसे बड़ा नुकसान स्वयं छात्रों का होता है। युवाओं को यह समझना होगा कि वे किसी राजनीतिक प्रयोगशाला के उपकरण नहीं हैं। उनकी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण के लिए है, किसी छिपे हुए राजनीतिक एजेंडे के लिए नहीं। सीजेपी के समर्थकों द्वारा कभी-कभी नेपाल, बांग्लादेश अथवा अन्य देशों में हुए युवा आंदोलनों का उल्लेख किया जाता है। ऐसी तुलना न केवल जल्दबाजी है बल्कि भ्रामक भी हो सकती है। भारत की लोकतांत्रिक संरचना, संस्थागत शक्ति, न्यायिक व्यवस्था, मीडिया की स्वतंत्रता और संवैधानिक ढांचा पड़ोसी देशों से भिन्न है। जिन परिस्थितियों में अन्य देशों में जनआंदोलन उभरे, वे परिस्थितियां भारत में मौजूद नहीं हैं। भारत में चुनावी परिवर्तन की सशक्त व्यवस्था है। यहां सरकारें जनमत से बनती और बदलती हैं। इसलिए भारत के युवाओं को विदेशी या पड़ोसी देशों के आंदोलनों की भावनात्मक तुलना के बजाय भारतीय लोकतंत्र की विशेषताओं को समझना चाहिए। हर देश की राजनीतिक परिस्थितियां अलग होती हैं। इसलिए विदेशी उदाहरणों के आधार पर भारत में असंतोष को भड़काना न तो बौद्धिक रूप से उचित है और न ही राष्ट्रीय हित में। आज सोशल मीडिया किसी भी विचार को कुछ ही घंटों में लाखों लोगों तक पहुंचा सकता है। लेकिन यही उसकी सबसे बड़ी चुनौती भी है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लोकप्रियता और वैधता एक जैसी चीजें नहीं हैं। कई बार कोई विचार ट्रेंड तो बन जाता है, लेकिन उसके पास न स्पष्ट दृष्टि होती है, न कोई रचनात्मक कार्यक्रम और न कोई उत्तरदायित्व। सोशल मीडिया पर वायरल होना लोकतांत्रिक स्वीकृति का प्रमाण नहीं है। "कॉकरोच जनता पार्टी" का तेजी से लोकप्रिय होना इस बात का संकेत अवश्य है कि युवाओं में असंतोष है, लेकिन यह इस बात का प्रमाण नहीं कि आंदोलन का मार्ग सही है। लोकतंत्र में ट्रेंडिंग हैशटैग से अधिक महत्व तथ्यों, नीति और संस्थागत संवाद का होता है। यदि राजनीति केवल मीम, व्यंग्य और डिजिटल आक्रोश तक सीमित हो जाए तो लोकतंत्र धीरे-धीरे विचारशील नागरिकता से हटकर भीड़तंत्र में बदल सकता है।

भारत ने वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लिया है। यह लक्ष्य केवल आर्थिक विकास का नहीं, बल्कि सामाजिक स्थिरता, संस्थागत विश्वास और राष्ट्रीय एकता का भी है। यदि युवा शक्ति का बड़ा हिस्सा निरंतर अविश्वास, नकारात्मकता और टकराव की राजनीति की ओर आकर्षित होता है, तो यह लक्ष्य प्रभावित हो सकता है। विकास के लिए केवल आलोचना नहीं, बल्कि सहभागिता भी आवश्यक है। युवाओं को सरकार से प्रश्न पूछने चाहिए, लेकिन साथ ही समाधान भी प्रस्तुत करने चाहिए। उन्हें जवाबदेही मांगनी चाहिए, लेकिन संस्थाओं के प्रति सम्मान भी बनाए रखना चाहिए। लोकतंत्र की सफलता विरोध और सहयोग के संतुलन में निहित है। इस पूरे प्रकरण का एक महत्वपूर्ण पक्ष उन राजनीतिक दलों और नेताओं की भूमिका है जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से ऐसे आंदोलनों को समर्थन देते दिखाई देते हैं।

यदि कोई राजनीतिक दल वास्तव में शिक्षा सुधार चाहता है तो उसे संसद, विधानसभाओं और नीति मंचों पर ठोस प्रस्ताव रखने चाहिए। लेकिन यदि छात्र असंतोष को केवल सरकार को घेरने के साधन के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, तो यह लोकतंत्र और युवाओं दोनों के साथ अन्याय है। राजनीतिक दलों को स्पष्ट करना चाहिए कि वे शिक्षा सुधार के लिए क्या ठोस कार्यक्रम रखते हैं। केवल विरोध का समर्थन करना पर्याप्त नहीं है। लोकतंत्र में जिम्मेदार विपक्ष का दायित्व विकल्प प्रस्तुत करना भी होता है। परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता, पेपर लीक पर कठोर दंड, रोजगार सृजन, शिक्षा की गुणवत्ता और युवाओं के लिए अवसरों का विस्तार-ये सभी वास्तविक और महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। लेकिन इनका समाधान व्यंग्यात्मक राजनीति या प्रतीकात्मक आक्रोश में नहीं है। समाधान सरकार, न्यायपालिका, शिक्षाविदों, विशेषज्ञों, छात्र संगठनों और समाज के बीच निरंतर संवाद में है। आवश्यकता इस बात की है कि युवाओं के असंतोष को रचनात्मक ऊर्जा में बदला जाए।

## फर्जी डिग्रियां और टूटता भरोसा

भारत आज दुनिया की सबसे युवा आबादी वाले देशों में शामिल है। यह युवा शक्ति ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी मानी जाती है। देश के लाखों विद्यार्थी हर वर्ष कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं, विश्वविद्यालयी पाठ्यक्रमों और व्यावसायिक प्रशिक्षणों से गुजरते हैं। वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। परिवार अपनी बचत, समय और उम्मीदें उनकी शिक्षा पर खर्च करते हैं, लेकिन जब फर्जी डिग्रियों, पेपर लीक, नकल माफिया और शैक्षणिक भ्रष्टाचार की खबरें सामने आती हैं, तब केवल कुछ संस्थानों या व्यक्तियों की साख नहीं गिरती, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था पर से भरोसा डगमगाने लगता है। यही कारण है कि शिक्षा में पारदर्शिता और गुणवत्ता का प्रश्न आज केवल अकादमिक बहस का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चिंता का विषय बन चुका है। हाल के वर्षों में भारत में अनेक ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और प्रशिक्षण संस्थानों पर अनियमितताओं के आरोप लगे। कहीं फर्जी अंकपत्र जारी किए गए, कहीं बिना पर्याप्त पढ़ाई और मूल्यांकन के डिग्रियां बांटने की शिकायतें मिलीं, तो कहीं भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में धांधली के आरोप लगे। इन घटनाओं ने यह सवाल खड़ा किया है कि क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था वास्तव में योग्यता आधारित है या फिर उसमें ऐसे छेद पैदा हो चुके हैं जिनका लाभ उठाकर कुछ लोग अनुचित तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल प्रमाणपत्र देना नहीं होता। शिक्षा व्यक्ति को ज्ञान, कौशल, विवेक और जिम्मेदारी प्रदान करती है। एक डॉक्टर की डिग्री केवल एक कागज नहीं होती, बल्कि यह प्रमाण होती है कि उसने मानव जीवन की रक्षा करने योग्य ज्ञान और प्रशिक्षण प्राप्त किया है। एक इंजीनियर की डिग्री यह भरोसा देती है कि वह सुरक्षित भवन, पुल और तकनीकी संरचनाएं तैयार करने की क्षमता रखता है। एक शिक्षक की डिग्री इस बात की गारंटी मानी जाती है कि वह नई पीढ़ी को सही दिशा देने में सक्षम है। यदि इन डिग्रियों की विश्वसनीयता पर सवाल उठने लगे तो समाज का पूरा विश्वास तंत्र कमजोर पड़ने लगता है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि फर्जी डिग्रियों का नुकसान केवल उन लोगों तक सीमित नहीं रहता जो इन्हें हासिल करते हैं। इसका प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है। यदि कोई अयोग्य व्यक्ति डॉक्टर बन जाए तो मरीजों का जीवन खतरे में पड़ सकता है। यदि किसी तकनीकी पद पर अयोग्य इंजीनियर पहुंच जाए तो सार्वजनिक परियोजनाओं की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। यदि शिक्षा संस्थानों में अयोग्य शिक्षक नियुक्त हो जाएं तो आने वाली पीढ़ियों की बौद्धिक क्षमता पर असर पड़ सकता है। इसलिए यह केवल धोखाधड़ी का मामला नहीं, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा और सामाजिक विश्वास का भी प्रश्न है। भारत में उच्च शिक्षा का तेजी से विस्तार हुआ है। यह आवश्यक भी था क्योंकि करोड़ों युवाओं को शिक्षा उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती थी लेकिन कई बार विस्तार की गति गुणवत्ता नियंत्रण से अधिक तेज रही। परिणामस्वरूप कुछ संस्थान केवल डिग्री वितरण केंद्र बनकर रह गए। शिक्षण, शोध, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों और प्रशिक्षित शिक्षकों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। जब शिक्षा को सेवा के बजाय व्यवसाय के रूप में देखा जाने लगता है, तब ऐसे संकट पैदा होना स्वाभाविक है। पेपर लीक की घटनाओं ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। लाखों छात्र वर्षों तक तैयारी करते हैं, लेकिन कुछ लोग पैसे और प्रभाव के बल पर प्रश्नपत्र हासिल कर लेते हैं। इसका सबसे बड़ा नुकसान उन प्रतिभाशाली युवाओं को होता है जो ईमानदारी से मेहनत कर रहे होते हैं। उनकी मेहनत का मूल्य कम हो जाता है और उनके मन में व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा होता है। युवा पीढ़ी के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वह अपनी योग्यता साबित करे, लेकिन यदि व्यवस्था निष्पक्ष न हो तो प्रतिभा हतोत्साहित होती है। जब किसी मेहनती छात्र को यह महसूस होने लगे कि सफलता योग्यता से नहीं बल्कि संपर्क, भ्रष्टाचार या जालसाजी से मिल सकती है, तब उसकी प्रेरणा कमजोर पड़ती है।

## सूडोकु नवताल- 7820

✱✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7819 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

# कृत्रिम मादक पदार्थ फेंटानिल ड्रग आपूर्ति नेटवर्क पर प्रहार

**चार्वी अरोड़ा**

दशकों से मादक पदार्थों के खिलाफ प्रयास काफी हद तक परिचित तरीकों का पालन करते रहे हैं। अधिकारी फसलों पर नजर रखते थे, तस्करी गलियारों की निगरानी करते थे, खेपों को रोकते थे और सीमा पार मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले समूहों को निशाना बनाते थे। फेंटानिल ने इस मॉडल को बदल दिया है। हेरोइन या कोकीन जैसे पौधों से प्राप्त मादक पदार्थों के विपरीत, फेंटानिल एक कृत्रिम मादक पदार्थ है जो दोहरे उपयोग वाले रासायनिक पदार्थों पर बहुत अधिक निर्भर करती है, जिनकी वैध दवा और औद्योगिक बाजारों में भी आपूर्ति होती है। इस बदलाव ने एक राष्ट्रीय संकट को जन्म दिया है। कृत्रिम ओपिओइड, मुख्य रूप से फेंटानिल, अमेरिका में सभी ओवरडोज से होने वाली मौतों में से 60 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार हैं, जिससे सालाना लगभग 48,000 लोगों की जान जाती हैं। इसकी थोड़ी सी मात्रा भी बेहद घातक हो सकती है। अमेरिकी दूतावास नई दिल्ली में तैनात अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) के एक अधिकारी के अनुसार, महज दो मिलीग्राम की मात्रा भी घातक हो सकती है।

नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास में तैनात होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशन (एचएसआई) के एक अधिकारी ने कहा, हम एक ऐसे पदार्थ का सामना कर रहे हैं जिसका निर्माण लगभग कहीं भी, अत्यधिक सांद्र रूपों में किया जा सकता है और उसी वैश्विक व्यापार, वित्तीय और संचार प्रणालियों के माध्यम से इसका परिवहन किया जा सकता है जो वैध व्यापार में मदद करती हैं। एचएसआई अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग की प्रमुख जांच शाखा है।

इससे कार्रवाई योग्य सूचनाओं, जांच के सुरागों और संभावित निशानों की मात्रा में काफी वृद्धि हुई है, जिसके कारण सीमा, वित्तीय, साइबर और अंतरराष्ट्रीय तौरतरीकों को एक समन्वित दृष्टिकोण में एकीकृत करना आवश्यक हो गया है।

इस वास्तविकता ने फेंटानिल के खतरे से निपटने के अमेरिकी कानून पर अमल के तरीके को बदल दिया है। एजेंसियां अब तेजी से मादक पदार्थों से जुड़े रसायनों की श्रृंखलाओं की पहचान करने, वित्तीय और माल आवाजाही नेटवर्क का मानचित्रण करने, डिजिटल संचार का विश्लेषण करने और अमेरिकी समुदायों तक मादक पदार्थों के पहुंचने से पहले तस्करी प्रणालियों को बाधित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

एचएसआई अधिकारी का कहना है, हमारा काम छिटपुट जब्ती करने के बजाय, व्यवस्थित रूप से उन संगठनों और मददगारों की पहचान करने और उन्हें खत्म करने पर केंद्रित है जो इनके पीछे हैं।

इस व्यवस्थित दृष्टिकोण को "पता लगाओ और हराओ" नामक विधायी प्रस्तावों का समर्थन प्राप्त है, जिनका उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला में डेटा एकत्र करने और साझा करने की अधिकारियों की क्षमता का विस्तार करना है।

फेंटानिल की तस्करी के मुख्य मार्गों में प्रवेश बंदरगाह, अंतरराष्ट्रीय डाक और एक्सप्रेस खेपें और समुद्री सीमाए शामिल हैं। सीबीपी अधिकारी का कहना है, छिपाने के तरीके विविध हैं, जिनमें व्यक्तियों द्वारा वाहनों में गुप्त डिब्बों में छिपाना, वैध कार्गो के भीतर छुपाना या गलत लेबल वाले छोटे पार्सल में छुपाना शामिल है।

एचएसआई अधिकारी का कहना है, अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठन उन बिंदुओं पर सबसे अधिक असुरक्षित होते हैं जहां उन्हें वैध प्रणालियों झ वैश्विक व्यापार, वित्त, यात्रा, संचार और वस्तुओं और लोगों की भौतिक आवाजाही के साथ जुड़ना पड़ता है। एजेंसी उभरती कमजोरियों की पहचान करने और जांच अधिकारियों, उन्नत विश्लेषण और घरेलू और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों का उपयोग करके दबाव डालने के लिए इन अंतर-संबंधों का लगातार आकलन करती है।

इस बीच सीबीपी आपूर्ति श्रृंखला में उच्च जोखिम वाले माल और यात्रियों की पहचान करने के लिए खुफिया जानकारी, डेटा विश्लेषण और त्वरित जांच का लाभ उठाती है। सीबीपी अधिकारी का कहना है, यह फॉरवर्ड ऑपरेटिंग लेबोरेटरीज जैसी नवीन रणनीतियों का उपयोग करती है, जो त्वरित, ऑन-साइट प्रीकर्सर स्क्रीनिंग और फेंटानिल परीक्षण प्रदान करती हैं, जिससे पहचान का समय हफ्तों से घटकर मिनटों में आ जाता है। इससे कानून प्रवर्तन कार्रवाई, खुफिया जानकारी संग्रह और मुकदमा चलाने में तेजी आती है।

सीमा-पूर्व प्रवर्तन भी सीबीपी की रणनीति का एक केंद्रीय हिस्सा बन गया है। यह विदेशी सरकारों, निजी उद्योग भागीदारों और अग्रिम रूप से तैनात कर्मियों के साथ मिलकर अवैध नेटवर्क तक पहुंचने से पहले ही प्रीकर्सर रसायनों और उत्पादन उपकरणों को रोकने का काम करता है। इसके अतिरिक्त, सीबीपी का व्यापार कार्यालय वैध व्यापार मार्गों से प्रवेश करने वाले रसायनों और उपकरणों की खेपों को लक्षित करने के लिए आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरियों का विश्लेषण करता है। अधिकारी का कहना है कि एचएसआई फेंटानिल प्रीकर्सर रसायनों को "केवल मादक पदार्थों का मुद्दा नहीं, बल्कि एक वैश्विक अवैध आपूर्ति श्रृंखला चुनौती" के रूप में देखता है।

उच्च जोखिम वाली गतिविधि की पहचान करने के लिए एचएसआई व्यापार डेटा, शिपिंग में माल लदान की जानकारियां, सीमा शुल्क घोषणाओं और वाणिज्यिक अभिलेखों का विश्लेषण करता है ताकि असामान्य रूटिंग पैटर्न, असंगत उत्पाद विवरण या कंपनी के घोषित व्यवसाय के अनुरूप न होने वाली बार-बार कम मात्रा की खेपों जैसी विसंगतियों का पता लगाया जा सके। वित्तीय जांच समानांतर रूप से चलती है, जिसमें बैंकों, शेल कंपनियों, मनी सर्विस व्यवसायों और व्यापार-आधारित योजनाओं के माध्यम से भुगतानों का पता लगाकर प्रीकसर्र रसायनों की खरीद में मदद करने वाले नेटवर्क की पहचान की जाती है। अधिकारियों का कहना है कि वैध उद्योग के साथ साझेदारी भी तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है। एचएसआई रासायनिक उत्पादकों, वितरकों और लॉजिस्टिक्स फर्मों के साथ मिलकर संदिग्ध ऑर्डरों की पारदर्शिता में सुधार करने और संदिग्ध लेनदेन या ग्राहकों की रिपोर्टिंग को प्रोत्साहित करने के लिए काम करता है।

चूंकि फेंटानिल का उत्पादन वैश्विक स्तर पर व्यापार किए जाने वाले रसायनों पर बहुत अधिक निर्भर करता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग महत्वपूर्ण है। फार्मास्युटिकल और औद्योगिक रसायनों के प्रमुख उत्पादक और निर्यातक के रूप में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है।

एचएसआई अधिकारी का कहना है, "भारत सिंथेटिक दवाओं और प्रीकर्सर रसायनों के मामले में एक महत्वपूर्ण भागीदार है। हमारा सहयोग एक साझा आपूर्ति श्रृंखला चुनौती के रूप में देखा जाता है। वैध रसायनों और विशेषज्ञता को अवैध फेंटानिल और अन्य सिंथेटिक दवाओं के उत्पादन में जाने से रोकने के लिए मिलकर काम करना।"

सहयोग को और गहरा करने के लिए एचएसआई ने व्यापार पारदर्शिता इकाइयों और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक जांच इकाइयों जैसी द्विपक्षीय पहलों का प्रस्ताव दिया है, जिनका उद्देश्य वास्तविक समय में सूचना साझाकरण में सुधार करना और अवैध आपूर्ति श्रृंखलाओं को संयुक्त रूप से लक्षित करना है। एचएसआई अधिकारी के अनुसार, घनिष्ठ साझेदारी, आपसी विश्वास और निरंतर सूचना साझाकरण के माध्यम से ही हम कृत्रिम मादक पदार्थों और प्रीकर्सर रसायनों से जुड़ी जटिल चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकते हैं।

फेंटानिल के खिलाफ कार्रवाई प्रवर्तन श्रृंखला के विभिन्न स्तरों पर कार्यरत एजेंसियों के बीच समन्वय पर बहुत अधिक निर्भर करती है। सीबीपी प्रवेश बंदरगाहों और व्यापार मार्गों पर अवैध खेपों की पहचान और उन्हें रोकने पर ध्यान केंद्रित करता है, जबकि एचएसआई जब्ती डेटा, वित्तीय रिकॉर्ड, खुफिया विश्लेषण और जांच संबंधी सुरागों का उपयोग करके उनके पीछे के आपराधिक नेटवर्क की पहचान और उन्हें नष्ट करता है।

अधिकारियों का कहना है कि सीबीपी द्वारा की गई रोक के माध्यम से एकत्रित जानकारी अक्सर सीधे एचएसआई की जांच में काम आती है। सीबीपी अधिकारी का कहना है, सीबीपी और एचएसआई के बीच निरंतर सूचना साझाकरण होता है, जिसमें सीबीपी के राष्ट्रीय लक्ष्यीकरण केंद्र में एचएसआई इकाइयां फेंटानिल तस्करी संगठनों की पहचान करने के लिए शिपिंग और जब्ती डेटा का विश्लेषण करती हैं।

अंततः फेंटानिल के खिलाफ लड़ाई इस बात की संपूर्ण सरकारी मान्यता को दर्शाती है कि सिंथेटिक पदार्थों के युग में, केवल जब्ती ही अब पर्याप्त नहीं है। फेंटानिल को एक पारंपरिक तस्करी समस्या के बजाय एक वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के रूप में मानकर, अधिकारी निरंतर कार्रवाई के मॉडल की ओर बढ़ रहे हैं। जैसे-जैसे तस्करी नेटवर्क वैश्विक व्यापार की अधिकाधिक आड़ ले रहे हैं, एआई, कूटनीति और फोरेंसिक वित्त के माध्यम से तैयारी की दौड़ आधुनिक मादक पदार्थों पर प्रहार की अग्रिम पंक्ति बनी हुई है।

# पुस्तक पढ़ने की कला से रूबरू कराती 'हाउ टू रीड ए बुक'

**विजय केसरी**

वैश्विक स्तर पर पुस्तकें ज्ञान के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती चली आ रही हैं। प्रारंभिक शिक्षा से लेकर उच्चतर शिक्षा सहित अन्य विधाओं के ज्ञान अर्जन में पुस्तकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पुस्तकें ज्ञान के विस्तार की दिशा में एक मार्गदर्शक के रूप में अपनी महती भूमिका अदा करती रहती हैं। सर्वविदित है कि हम सब अपने-अपने ज्ञान को सुनकर अथवा पढ़कर विस्तार करते हैं। मैं जब कोई बात किसी से सुनता हूं, तो वह व्यक्ति भी कहीं न कहीं किसी से सुनकर अथवा पुस्तक पढ़कर ही अपनी बातों को शेयर कर पाता है। भारतीय संदर्भ में पुस्तक को ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी के रूप में दर्जा प्राप्त है। किंतु आज के बदले संदर्भ में हम सबों को यह समझने की जरूरत है कि एक पुस्तक को आनंद के साथ कैसे पढ़ा जाए? नवोदित लेखक अभिषेक केसरी अपनी पुस्तक 'हाउ टू रीड ए बुक' के माध्यम से यह बताने में पूरी तरह सफल रहे हैं कि पुस्तक आनंद के साथ पढ़ने से ज्ञान के विस्तार की दिशा में गुणात्मक वृद्धि होती है। वे यह भी बताने में सफल रहे हैं कि पुस्तक पढ़ना भी एक कला है। उदाहरण स्वरूप जिस तरह एक सफल जीवन जीना एक कला है, ठीक उसी तरह पुस्तक पढ़ना भी एक कला है। जिस व्यक्ति को पुस्तक पढ़ने की कला आ गई, समझ लीजिए वह व्यक्ति ज्ञान के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ता ही चला जाता है।

लेखक ने सवाल खड़ा किया है कि पुस्तकें तो हम सब खरीद कर अपने अपने घरों की लाईब्रेरी में सजा जरूर देते हैं, लेकिन इन पुस्तकों को कितना पढ़ पाते हैं? उन्होंने मन में उठते इन सवालों का जवाब बहुत ही तार्किक और सहजता के साथ 'हाउ टू रीड ए बुक' पुस्तक के माध्यम से पाठकों तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने इस पुस्तक के माध्यम से व्यक्ति के अंदर छुपे पुस्तक पढ़ने के डर को भी दूर भगाने का काम किया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से दर्ज किया है कि पुस्तक से दूरी का मतलब होता है, ज्ञान से दूर भागना। लेखक अभिषेक केसरी की यह अंग्रेजी में लिखी पहली पुस्तक है। इस पुस्तक का प्रकाशन छत्तीसगढ़, बिलासपुर का एक प्रतिष्ठित प्रकाशन ऑथर्स क्लिक पब्लिशिंग ने किया है। इस पुस्तक में कुल 137 पृष्ठ हैं।


लेखक ने 'हाउ टू रीड ए बुक' की विषय सूची में तेरह उपशीर्षक के माध्यम से अपनी बातों को बहुत तार्किक ढंग से प्रस्तुत किया है। उन्होंने पुस्तक का नाम कुछ ऐसा रखा है कि एक बार में ही पाठकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहा है। उन्होंने विषय सूची में प्रथम उपशीर्षक रुप में पुस्तकें क्या हैं? को दर्ज किया है। पुस्तक पढ़ने से पहले हर पाठक को यह जानना जरूरी हो जाता है कि पुस्तक क्या है? जब तक हम यह जानेंगे नहीं कि पुस्तक क्या है? इसके महत्व को समझ नहीं पाएंगे। पुस्तक ज्ञान की कुंजी है। दुनिया में जितने भी विद्वान हुए, उन सबों की विद्वता को निखारने में पुस्तकों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तक से मैत्री कर ही वास्तविक रूप से अपने ज्ञान को विस्तार दे सकते हैं। पुस्तक सिर्फ चंद कागज के पन्नों में मुद्रित शब्द ही नहीं है बल्कि ज्ञान का एक अनुपम भंडार हैं। हम मुद्रित शब्दों को जितने मन से ग्रहण करेंगे, वे हमारे ज्ञान को एक नई दिशा प्रदान करेंगे।

लेखक ने दूसरे उपशीर्षक पुस्तक-पठन की जरूरत क्यों है? के माध्यम से एक बड़ी बात कहने की कोशिश की है कि जिस तरह शरीर के विकास के लिए भोजन जरुरी है, उतना ही बौद्धिक व मानसिक विकास के लिए पढ़ना जरूरी है। अगर हम सच्चे अर्थों में भौतिक स्तर पर अपने आप को विकसित करना चाहते हैं, तो पुस्तक पढ़ना जरूरी है। यह सिर्फ चाह नहीं बल्कि बौद्धिक जरूरत हो। तीसरा उपशीर्षक है, सूक्ष्म आदतें, एटॉमिक हैबिट्स पुस्तक पढ़ने से पूर्व स्वयं को मानसिक रूप से ऐसा बनाएं कि जिस विषय को पढ़ने जा रहे हैं, एक महोत्सव मनाने जैसा पढ़ें । वहीं पढ़ते समय कभी भी पृष्ठ की गिनती नहीं करें ,बल्कि आनंद के साथ आगे बढ़ते जाएं । कभी-कभी पढ़ते पढ़ते मन बोर सा हो जाता है, इस बोरियत से घबराएं नहीं, बल्कि उस बोरियत को आनंद के साथ गले लगाएं। चौथा उपशीर्षक, बिंदुओं को जोड़ना, है। पुस्तक पढ़ते समय मन में कई सवाल उठेंगे, जो स्वाभाविक है। लेकिन उठते इन सवालों पर समग्रता के साथ तभी विचार किया जा सकता है,जब पूरी पुस्तक पढ़ी जाए। तब हर एक बिंदु को जोड़कर समझना आसान होगा।

पांचवा उपशीर्षक है, क्या और क्यों से शुरूआत करें। पुस्तक पढ़ने से पूर्व विषय क्या है? और इसकी शुरूआत क्यों कर रहे हैं? इसे जानना जरूरी हो जाता है। जब तक हम विषय पर पूरी तरह मानसिक रूप से तैयार नहीं होंगे, यह सिर्फ कागज पर मुद्रित शब्द पढ़ने जैसा होगा। ऐसा पढ़ना न पढ़ने के समान होगा। इसलिए पढ़ने से पूर्व खुद को मानसिक रूप से तैयार करें। जिस तरह हम बहुत ही प्रसन्न मन से किसी उत्सव में शामिल होते हैं, ठीक उसी तरह पढ़ने के समय भी वही प्रसन्नता मन मस्तिष्क में भी रहनी चाहिए। छठा उपशीर्षक है, जटिल अवधारणाओं को सीखना । अर्थात पढ़ते समय कई जटिल शब्द और परिभाषा आएंगे ।उससे घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि इन जटिल अवधारणाओं से नया सीखने की जरूरत है। सातवां उपशीर्षक है, हम अनुमान लगाना पसंद नहीं करते, फिर भी अनुमान लगाते रहते हैं। लेखक ने स्पष्ट किया है कि बहुत से शब्दों के मायने अलग अलग जगहों में बिल्कुल भिन्न होते हैं। इसलिए पूरे संदर्भ को समझने की जरूरत है। आठवां उपशीर्षक है, पंक्तियों के बीच का अर्थ पढ़ें।

## दैनिक पंचांग

**9 जून को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.43 बजे से |
| चंद्र | मीन में | कर्क | 07.56 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 10.12 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.24 बजे से |
| गुरु | कर्क में | तुला | 14.35 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | वृश्चिक | 16.50 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 19.06 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 21.11 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.57 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | मीन | 00.30 बजे से |
| | | मेष | 02.01 बजे से |
| | | वृष | 03.41 बजे से |

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 160 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** नवमी 02.35 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 09.40 बजे को समाप्त।
**योग** प्रीति 08.19 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 15.06 बजे तदनन्तर गर 02.35 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 23.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 55'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872735
**जूलियन दिन** 2461200.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 23

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### 24 घंटे में जनगणना कार्य पूर्ण करने का अल्टीमेटम

**साहिबगंज:** जिले के बरहेट प्रखंड में जनगणना कार्य का प्रथम चरण पूर्ण नहीं करने वाले प्रगणक तथा पर्यवेक्षक के साथ सोमवार को प्रखंड सभागार में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ अंशु कुमार पांडेय ने किया। इस दौरान वैसे सभी प्रगणक और पर्यवेक्षक उपस्थित हुए जिसने अपना एचएलबी में जनगणना कार्य पूरा नहीं किया। बीडीओ अंशु कुमार पांडेय ने 24 घंटे के अंदर कार्य पूर्ण करने का निर्देश देते कहा की निर्धारित समय के अंदर काम पूरा नहीं करने वालों को डीसी के समक्ष जाकर अपना स्पष्टीकरण देना होगा। इसलिए निर्धारित समय पर कार्य पूरा कर दें। मौके पर रूकेश गुप्ता सहित कई पर्यवेक्षक व प्रगणक उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में राजमहल वार्ड पार्षद घायल, रेफर

**साहिबगंज:** राजमहल थाना क्षेत्र के फुलवरिया मोड़ के पास बीते रविवार की देर रात सड़क दुर्घटना में नपं के वार्ड नंबर 9 के पार्षद घायल सहित एक बालक घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड पार्षद अमीर कुमार मंडल (46) उधवा की ओर से बाइक से यहां अपना घर आ रहा था। इस दौरान एक बालक सड़क पर अचानक दौड़ गया। इससे बाइक चालक अनियंत्रित होकर बालक से टकरा गया। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों व परिजनों की मदद से इलाज के लिए दोनों को अनुमंडल अस्पताल लगा गया।जहां ड्यूटी में तैनात डॉक्टर सादिक अंसारी ने प्राथमिक इलाज के बाद अमिर मंडल को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। घायल फैसल (12) को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। इधर, घटना की सूचना मिलते ही नपं अध्यक्ष केताबुद्दीन शेख, नपं उपाध्यक्ष मो मारूफ, वार्ड पार्षद राजू सरकार, बरकत अली आदि अस्पताल पहुंचकर घायल पार्षद का हाल-चाल जाना।

### नगर थाना प्रभारी ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**साहिबगंज:** शहर में बैंकिंग सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने सोमवार को नगर क्षेत्र के विभिन्न बैंकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैंकों में सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ने बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, फायर सेफ्टी उपकरणों तथा अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बैंक प्रबंधकों से सुरक्षा मानकों के अनुपालन की जानकारी प्राप्त की और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया। थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी सीसीटीवी कैमरे हमेशा चालू स्थिति में रहें तथा उनकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाए। साथ ही अग्निशमन उपकरणों की नियमित जांच सुनिश्चित करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने को कहा। उन्होंने कहा कि बैंकों की सुरक्षा और ग्राहकों की सुविधा पुलिस की प्राथमिकता है। अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षित बैंकिंग वातावरण बनाए रखने के लिए समय-समय पर इस प्रकार के निरीक्षण अभियान चलाए जाते रहेंगे।

# राजमहल पुलिस ने 13.7 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** राजमहल पुलिस को मादक पर्दाथों की अवैध खरीद-बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक साहेबगंज को मिली गुप्त सूचना के आधार पर राजमहल थाना क्षेत्र के फुलवरिया पटाल (बगीचा) के पास की गई एक विशेष छापेमारी में पुलिस ने करीब 13.7 ग्राम प्रतिबंधित एमडीएमए ड्रग्स जैसा नशीला पदार्थ बरामद किया है। इस अवैध कारोबार में संलिप्त दो शातिर ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिनकी पहचान फकरुद्दीन शेख उर्फ मिंटू और सलमान शेख के रूप में की गई है। उक्त जानकारी राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक को फुलवरिया पटाल क्षेत्र में अवैध रूप से मनोत्तेजक पदार्थों की खरीद-बिक्री किए जाने की सटीक सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के सत्यापन और त्वरित कार्रवाई हेतु तत्काल एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। यह पूरी कार्रवाई प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राजमहल (मोहम्मद युसुफ) की उपस्थिति में सहयोगी पुलिस बलों द्वारा अंजाम दी गई। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम को देखते ही एक संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा, जिसे चौकस पुलिस बल ने खदेड़कर पकड़ लिया। विधिवत तलाशी लेने पर उसके पास से भारी मात्रा में ड्रग्स बरामद हुआ। पकड़े गए मुख्य अभियुक्त फकरुद्दीन शेख (उम्र 29 वर्ष, निवासी मुर्गीटोला, राजमहल) से जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने इस अवैध धंधे में अपने सहयोगी सलमान शेख (निवासी फुलवरिया, राजमहल) की संलिप्तता का खुलासा किया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दूसरे आरोपी सलमान शेख को भी धर दबोचा, जिसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। इस मामले में राजमहल थाना में कांड संख्या 181/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 21/27 के अंतर्गत मामला दर्ज कर आगे का अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत (जेल) में भेज दिया गया है। पुलिस टीम में मुख्य रूप से राजमहल के अंचलाधिकारी मोहम्मद युसुफ, थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, पुअनि पवन यादव, पुअनि महादेव उरांव, सअनि बृजनन्दन चौधरी, हवलदार महेन्द्र यादव और आरक्षी दिनेश कुमार शामिल थे।

## जिला न्यायालय व न्यायिक आवास परिसर की सुरक्षा व्यवस्था की हुई समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले के पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर सोमवार को कोर्ट सुरक्षा नोडल पदाधिकारी-सह-पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) द्वारा जिला व्यवहार न्यायालय परिसर एवं न्यायाधीशों के आवासीय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान परिचारी प्रवर, पुलिस केंद्र तथा कोर्ट सुरक्षा प्रभारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान न्यायालय परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों, डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर, हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर, कोर्ट हाजत, कैदी एस्कॉर्ट व्यवस्था तथा न्यायालय सुरक्षा में तैनात जवानों द्वारा की जा रही सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) की समीक्षा की गई। सुरक्षा में तैनात अधिकारियों एवं जवानों को निर्देश दिया गया कि बिना सघन तलाशी के किसी भी व्यक्ति को न्यायालय परिसर में प्रवेश न करने दिया जाए। साथ ही आग्नेयास्त्र, ज्वलनशील पदार्थ, नुकीली वस्तुओं सहित अन्य प्रतिबंधित सामान लेकर आने वालों पर विशेष नजर रखने को कहा गया। कैदी एस्कॉर्ट ड्यूटी में तैनात पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को कैदियों के लाने-ले जाने के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। वहीं न्यायालय परिसर और ज्यूडिशियल कॉलोनी में तैनात सुरक्षा बलों को किसी भी परिस्थिति में संतरी पोस्ट नहीं छोड़ने तथा पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी सुरक्षा मानकों और दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने को कहा गया।

## मौसमी बीमारी का बढ़ा प्रकोप, सदर अस्पताल में मरीजों की उमड़ी भीड़

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** मौसम के उतारा चढ़ाव से बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। सदर अस्पताल के ओपीडी में मरीजों की भीड़ देखकर इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है। सदर अस्पताल के ओपीडी में इन दिनों औसतन 250 से ज्यादा मरीज रोजाना पहुंच रहे हैं। डॉक्टर का कहना है कि करीब 15 दिनों के भीतर डायरिया, डिहाइड्रेशन, बुखार, सिर दर्द, उल्टी के मरीजी की संख्या में इजाफा हुआ है। आने वाले मरीजो में 70 फीसदी से अधिक सर्दी-खांसी व बुखार व उल्टी दस्त के मरीज पहुंच रहे हैं। मौसम का प्रभाव दरअसल, साहिबगंज व आसपास के इलाके में अक्सर सुबह खिली धूप और दोपहर होते-होते आसमान में घना बादल छाने व तेज हवा के साथ झमाझम बारिश होते अक्सर देखा जा रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक मौसम का इस कदर उतारा चढ़ाव सेहत के लिए नुकसानदेह होता है। इस मौसम में विशेष रूप से सतर्क रहने की जरूरत है। अधिकांश लोग मौसमी बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। सर्दी, खांसी, बुखार, सिर दर्द, डायरिया, डिहाइड्रेशन की शिकायत लेकर सदर अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों की संख्या सबसे अधिक है। उधर, सदर अस्पताल के रजिस्ट्रेशन काउंटर पर सोमवार को मरीजों की लंबी कतार लगी थी। यही स्थिति दवा काउंटर व इमरजेंसी वार्ड में देखा गया है। भीषण गर्मी में घंटों मरीजों को कतार में खड़ा रहकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे गये। दरअसल कभी बारिश तो कभी कड़ी धूप के चलते सर्दी, खांसी व बुखार के मरीज बढ़ गए हैं। बच्चों के साथ बड़े भी वायरल फीवर के साथ खांसी, जुकाम, उल्टी, दस्त जैसी बीमारियों से ग्रसित होने लगे हैं। एक डॉक्टर का कहना है कि मौसमी बुखार के प्रकोप को देखते हुए अस्पताल में पर्याप्त दवा उपलब्ध है। मरीजों के इलाज के में कोई दिक्कत नहीं हो रही है।

## जनसुरक्षा को लेकर सख्त हुआ प्रशासन होटल-लॉज में अग्नि सुरक्षा की व्यापक जांच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** देश के विभिन्न हिस्सों में बढ़ती अग्नि दुर्घटनाओं को देखते हुए पाकुड़ जिला प्रशासन ने जनसुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी मेघा भारद्वाज के निर्देश पर जिले के होटल, लॉज एवं अतिथि गृहों में अग्नि सुरक्षा मानकों की व्यापक जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी, कार्यपालक दण्डाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी तथा जिला अग्निशमन पदाधिकारी अजय कुमार सिंह की तीन सदस्यीय संयुक्त टीम ने जिले के कई प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। टीम ने फायर एक्सटिंग्विशर, फायर अलार्म सिस्टम, आपातकालीन निकास द्वार, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था, जल उपलब्धता समेत सभी जरूरी अग्निशमन संसाधनों का बारीकी से मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था संतोषजनक पाई गई, लेकिन कुछ जगहों पर गंभीर कमियां भी सामने आईं। ऐसे प्रतिष्ठानों को सात दिनों के भीतर सभी खामियों को दूर कर मानकों के अनुरूप व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही तय समय में अनुपालन प्रतिवेदन जमा करने को कहा गया है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि तय समय सीमा में कमियों को दूर नहीं करने पर राष्ट्रीय भवन निर्माण मानक-2026, भवन उपनियम-2016 एवं अग्नि सुरक्षा नियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, नागरिकों की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## साहिबगंज रेलवे प्लेटफार्म से अज्ञात शव बरामद, जांच को बरसा रिजर्व



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** साहिबगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। सूचना मिलने पर सरकारी रेल थाना पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक की शिनाख्त के लिए रेल पुलिस जुटी है। हालांकि मृतक के पास से ऐसा कुछ भी सामान बरामद नहीं हुआ है, जिससे उसकी पहचान में मदद मिल सके। मृतक की उम्र करीब 50 से 55 साल बताया जा रहा है। इधर, मृतक के मुंह सफेद झाग निकल रहा था। शव का पोस्टमार्टम डॉ. केशव कृष्णा ने किया है। जानकारी के मुताबिक की वजह जानने के लिए शव के बिसरा फॉरेंसिक जांच के लिए रिजर्व रखा गया है। फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत की सही वजह का पता चल सकेगा। रेल पुलिस के अनुसार व्यक्ति की मौत सामान्य रूप से हुई है। रेल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# साहिबगंज में साइबर ठगी, मोबाइल हैक कर युवक के खाते से ₹96,666 रुपये उड़ाए

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले के नगर थाना क्षेत्र के कृष्णानगर स्थित एन क्लब के सामने रहने वाले शंकर मंडल साइबर ठगी का शिकार हो गए। साइबर अपराधियों ने उनके बैंक खाते से 96,666 रुपये की अवैध निकासी कर ली। मामले को लेकर पीड़ित ने नगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई और राशि वापस दिलाने की मांग की है।

**मोबाइल स्क्रीन ब्लैक होने के बाद साइबर ठगी का आरोप**

पीड़ित शंकर मंडल ने अपने आवेदन में बताया है कि 6 जून 2026 को उनके साथ साइबर फ्रॉड की घटना हुई। उन्होंने बताया कि अपना मोबाइल फोन चार्जिंग में लगाकर कुछ देर के लिए बाहर गए थे। वापस लौटने पर मोबाइल की स्क्रीन पूरी तरह ब्लैक हो गई थी और फोन के अंदर से ऑडियो जैसी आवाजें आ रही थीं। काफी प्रयास के बावजूद मोबाइल सामान्य नहीं हुआ। करीब 15 से 20 मिनट बाद मोबाइल खुद चालू हो गया।

**बिना ओटीपी खाते से 96,666 रुपये निकले**

मोबाइल चालू होने के बाद उनके फोन पर बैंक खाते से राशि निकासी का संदेश प्राप्त हुआ। संदेश देखने पर पता चला कि उनके खाते से यूपीआई के माध्यम से 96,666 रुपये की निकासी कर ली गई है। शंकर मंडल का कहना है कि इस दौरान उन्हें न तो किसी प्रकार का ओटीपी प्राप्त हुआ और न ही कोई फोन कॉल आया था। ऐसे में उन्हें आशंका है कि साइबर अपराधियों ने मोबाइल हैक कर उनके खाते से राशि उड़ाई है। आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया है कि घटना की शिकायत उन्होंने भारत सरकार के राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर भी दर्ज कराई है। इसके बाद उन्होंने नगर थाना पहुंचकर लिखित शिकायत सौंपते हुए साइबर ठगी का मामला दर्ज करने और उनके खाते से निकाली गई राशि वापस दिलाने की मांग की है। इधर, नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया कि पीड़ित का आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। साइबर अपराध से संबंधित सभी पहलुओं की पड़ताल कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### यौन शोषण मामले में पश्चिम बंगाल से नामजद आरोपी गिरफ्तार



**अमड़ापाड़ा :** पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा थाना कांड संख्या 05/26 में नामजद आरोपी माजिद मुल्ला (पिताझ्र जियारुल मुल्ला), निवासी भादिस्ता, थाना पायकड़, जिला बीरभूम (पश्चिम बंगाल) को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यौन शोषण से जुड़े इस मामले में अमड़ापाड़ा थाना पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही थी। थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पश्चिम बंगाल में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### भाजपा झिकरहाटी मंडल की संगठनात्मक बैठक संपन्न




**पाकुड़ :** जिले में भारतीय जनता पार्टी के झिकरहाटी मंडल की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक शनिवार को कदमसार में मंडल अध्यक्ष सुरेश मंडल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मंडल प्रभारी मोहन कुमार मंडल एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को सफल बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले जन-जागरण कार्यक्रमों की रणनीति भी बनाई गई। मंडल प्रभारी मोहन कुमार मंडल ने कहा कि एसआईआर अभियान के तहत मंडल क्षेत्र में बीएलए-2 की नियुक्ति कर दी गई है। चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं सत्यापन के लिए चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में भाजपा पूरी सक्रियता के साथ सहयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जुड़ना तथा अपात्र लोगों के नाम हटना लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कार्यकताओं से मतदाताओं की सहायता करने तथा बीएलए-2 को अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन करने का आह्वान किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंडल स्तर पर व्यापक जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत स्वच्छता अभियान, ₹मन की बात₹ कार्यक्रम, ₹मेरा बूथ सबसे मजबूत₹ अभियान, ₹एक पेड़ मां के नाम₹ वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों के माध्यम से केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है और यह जनता के विश्वास तथा विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। बैठक में प्रसाद मंडल, सुविकास मंडल, संतोष राजवंशी, विक्रांत राजवंशी, मुस्तफा शेख, सहदेव राजवंशी, रमेश मंडल, अरुण मंडल, राजेश रविदास, शिशु मंगल, गौरांग मंडल, सोना मंडल, गुलाम अंबिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नौ कुण्डीय शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ 2100 कलश के साथ निकली भव्य शोभायात्रा



**साहिबगंज:** शहर के मां बायसी मंदिर प्रांगण में सोमवार को सात दिवसीय नौ कुंडिया शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। 2100 कलश के साथ महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुई। ढोल नगाड़ा गाजे बाजे घोड़ा रथ के साथ भव्य कलश यात्रा मां बायसी मंदिर प्रांगण से निकलकर बड़तल्ला, कृष्ण नगर, कॉलेज रोड, पूर्वी फाटक, एसडीओ कोठी होते हुए ओझा टोली गंगा घाट पहुंचकर गंगा तट में वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधिवत रूप से कलश जलभरी किया ओर कलश पूजन किया। वही श्रीधाम वृंदावन की कथा वाचिका सुदीक्षा कृष्णा ने बाल गोपाल के साथ गंगा पूजन किया। वही गंगा पूजन के बाद कलश यात्रा मां बायसी मंदिर प्रांगण यज्ञ शाला पहुंचकर समाप्त हुआ। वही मंदिर की भागतीन ने बताया कि 2100 कलश लेकर कलश यात्रा निकलकर शहर भ्रमण किया ओर मंदिर प्रांगण यज्ञशाला पहुंचकर कलश यात्रा संपन्न हुआ। शाम पांच बजे से भागवत कथा व रासलीला का आयोजन किया जाएगा। वही महायज्ञ आयोजक तांत्रिक विजय ने बताया कि मंगलवार सुबह आठ बजे नौ कुंडीय यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधिवत रूप से अग्नि प्रवेश किया जाएगा और महायज्ञ शुरू होगा। वही समिति के आलोक ओझा ने बताया कि शतचंडी महायज्ञ कलश यात्रा में लगभग पांच हजार की संख्या में महिला पुरुष बच्चे श्रद्धालु शामिल हुए थे। वृन्दावन की कथा वाचिका शाम पांच बजे से कथा शुरू करेंगे। सात दिवसीय शतचंडी महायज्ञ में शहरवासी, जिलेवासी ज्यादा से ज्यादा शामिल होकर पुण्य के भागी बने। मौके पर अध्यक्ष संजय यादव, जुगनू पाठक, राजीव ओझा, श्रीकांत ओझा, आलोक ओझा, कालू यादव, प्रेम लाल यादव, अरुण चौधरी सहित सैकड़ो महिला पुरुष बच्चे श्रद्धालु शामिल थे।

### उधवा में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का थाना प्रभारी ने लिया जायजा

**साहिबगंज:** जिले के उधवा प्रखंड के राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न बैंकों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक उधवा, श्रीधर शाखा तथा बैंक ऑफ इंडिया राधानगर शाखा का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ने बैंक प्रबंधन एवं कर्मियों से सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम और अन्य सुरक्षा उपायों की जांच की। उन्होंने बैंक परिसर में सतर्कता बरतने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का निर्देश दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि ग्राहकों की सुरक्षा और बैंकिंग व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार निगरानी कर रही है तथा समय-समय पर ऐसे निरीक्षण अभियान चलाए जाते रहेंगे।

## एक नजर

### पल्स पोलियो जून चक्र 2026 की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न

**बोकारो** : सोमवार को प्रखंड सभागार, चास में प्रखंड विकास पदाधिकारी, चास की अध्यक्षता में आगामी पल्स पोलियो जून चक्र 2026 के सफल संचालन हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, पर्यवेक्षकों एवं संबंधित कर्मियों ने भाग लिया। बैठक में बताया गया कि 28, 29 एवं 30 जून 2026 को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक (दो बूंद जिंदगी की) पिलाई जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी, चास ने सभी सुपरवाइजरों को अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने एवं यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। अभियान की सफलता के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय एवं सतत निगरानी पर विशेष बल दिया गया।

### बोकारो जिले के 1400 से अधिक होमगार्ड जवानों को तीन माह से नहीं मिला वेतन

**बोकारो** : बोकारो जिले के अंचल व प्रखंडों में तैनात 1400 से अधिक होमगार्ड जवानों को तीन माह से वेतन नहीं मिला है। इसके कारण इन्हें परिवार चलाने में परेशानी हो रही है। बच्चों के पढ़ाई पर प्रभाव पड़ रहा है। बैंक हर माह इएमआइ के लिए तकादा कर रहे हैं। जवानों ने कमांडेंट से वेतन भुगतान करने की गुहार लगायी है। जवानों ने कहा कि दुकान वाले राशन व अन्य सामग्री देने में भी कन्नी काटने लगे हैं। लोग कर्ज देने में भी कतराने लगे हैं। वेतन नहीं मिलने से आर्थिक के साथ-साथ मानसिक परेशानी से भी गुजर रहे हैं। आर्थिक संकट के कारण कई जवानों ने परिवार को गांव भेज दिया है। जिला कमांडेंट (होमगार्ड) किरण कुमारी ने कहा कि मुख्यालय को राशि आवंटन के लिए पत्र भेजा है। निजी तौर पर जवानों की समस्याओं से भी अवगत कराया है। आशा है कि एक सप्ताह में बकाया राशि का भुगतान हो जायेगा। कुछ तकनीकी कारणों से वेतन रूका हुआ था।

### युवक की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम** : गोलमुरी थाना क्षेत्र के गाढ़ाबासा स्थित मदन चक्की के समीप रविवार रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान फ्रांसिस बाकची उर्फ सोनू के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही गोलमुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार फ्रांसिस बाकची गाढ़ाबासा में स्वर्गीय कामेश्वर झा के मकान में किराये पर रह रहा था। स्थानीय लोगों और परिजनों ने बताया कि उसकी शादी परसुडीह के करनडीह क्षेत्र की एक युवती से होने वाली थी, जिसकी तैयारियां भी चल रही थीं। बताया जाता है कि वह पहले भी वैवाहिक संबंध में रह चुका था, जो बाद में समाप्त हो गया था। परिजनों के मुताबिक फ्रांसिस पिछले कुछ महीनों से आर्थिक तंगी, पारिवारिक जिम्मेदारियों और आगामी शादी के खर्चों को लेकर काफी तनाव में था। आर्थिक व्यवस्था करने के लिए उसने अपनी मारुति डिजायर कार बेचने की कोशिश की थी और बाद में करीब दो लाख रुपये में वाहन बेच दिया था। वह पहले एयरबेस लॉजिस्टिक्स में कार्यरत था और वर्तमान में गम्हरिया स्थित बीएमडब्ल्यू आईएसएल के यार्ड में काम कर रहा था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे एक भाई और एक बहन को छोड़ गया है।

# आजसू के संघर्ष से मिला राज्य, फिर करेंगे उलगुलान : सुदेश महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि आजसू ने संघर्ष कर अलग राज्य का निर्माण किया है। लेकिन अभी तक शहीदों के सपनों का झारखंड नहीं बन पाया है। राज्य में माफिया राज चल रहा है। शोषण और लूट के खिलाफ आवाज उठाने वालों को जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजसू का स्थापना दिवस 22 जून को धनबाद में आयोजित करने का निर्णय हुआ है, जहां से एक नए उलगुलान के लिए संघर्ष का बिगुल फूंका जाएगा। आजसू पार्टी केन्द्रीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आजसू प्रमुख महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक जायका हैपीनेस बैंक्वेट हॉल के सभागार में संपन्न हुई, बैठक में 5 जुलाई को रांची में महिलाओं का तथा 7-8 अगस्त को जमशेदपुर में युवा आजसू का महाधिवेशन आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के तौर पर गिरिडीह चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि हेमंत सरकार में अधिकारी बेलगाम हो गए हैं और विस्थापितों तथा रैयतों का शोषणझ्रदमन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजसू हेमंत सरकार की दमनकारी नीति के खिलाफ सड़को पर उतरेगी। उन्होंने कहा कि जनता को आजसू से ही उम्मीद है। पार्टी पदाधिकारी संघर्ष और बदलाव की तैयारी करें। मांडू विधायक निर्मल महतो, बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, पूर्व मंत्री राम चंद्र सहिस, पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो, मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत तथा केन्द्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर जी ने भी बैठक को संबोधित किया। बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी रणनीति पर मंथन के लिए ये बैठक बुलाई गई। राज्य के जनसरोकार और समसामयिक राजनीतिक मुद्दों पर भी गहन चर्चा हुई। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया और राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर विशेष चर्चा की गई। 1. झारखंड की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की गई तथा राज्य सरकार के कार्यों की समीक्षा की गई तथा राज्य के वर्तमान हालात पर चिंता व्यक्त की गई। 2. संगठन विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए बूथ, पंचायत, प्रखंड, जिला एवं राज्य स्तर पर संगठन को मजबूत करने की रणनीति बनी। 3. पार्टी के अनुषंगी संगठनों महिला, युवा, छात्र, किसान, एससी, एसटी, ओबीसी एवं श्रमिक संगठनों के सम्मेलन पर चर्चा हुई तथा 5 जुलाई को रांची में महिला महाधिवेशन और 7झ्8 अगस्त को जमशेदपुर में युवा महाधिवेशन करने का निर्णय लिया गया। 4. धनबाद की घटना पर विचार-विमर्श एवं घटना की समीक्षा एवं पार्टी की प्रतिक्रिया एवं भावी आंदोलनात्मक कार्यक्रम पर चर्चा हुई तथा संघर्ष तेज करने का निर्णय लिया गया।

# 26वीं सब-जूनियर झारखंड राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप में बोकारो का शानदार प्रदर्शन

## बोकारो की बेटियों ने जीता गोल्ड, बेटों ने सिल्वर जीत कर बढ़ाया जिले का मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 26वीं सब-जूनियर झारखंड राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप में बोकारो जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए पूरे राज्य में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में बोकारो की बालिका टीम ने स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीतकर राज्य चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया, जबकि बालक टीम ने रजत पदक (सिल्वर मेडल) हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। अंडर-13 बालिका वर्ग में बोकारो की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल, अनुशासन और बेहतरीन टीमवर्क का प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल मुकाबले में बोकारो ने टाटा स्टील की टीम को एकतरफा मुकाबले में 31-07 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में जमशेदपुर की मजबूत टीम के खिलाफ बोकारो की खिलाड़ियों ने आत्मविश्वास और उत्कृष्ट कौशल का परिचय देते हुए 31-23 से जीत दर्ज की और चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। इस जीत के साथ बोकारो की बेटियां झारखंड की नई चैंपियन बन गईं। टीम की इस ऐतिहासिक सफलता में सेजल, ऋचा, इशिका, प्राची, प्रिया, एकता, शिवांजलि, सोनाक्षी, वेदिका, वृष्टि एवं आकांक्षा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्राची सिन्हा को पूरे चैंपियनशिप में खेल प्रदर्शन के दाम पे बेस्ट प्लेयर पर कब्जा किया । खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों और खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया। अंडर-13 बालक वर्ग में भी बोकारो जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल मुकाबले में बोकारो का सामना साहिबगंज से हुआ। रोमांचक मुकाबले में बोकारो के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाते हुए 58-27 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में बोकारो की टीम का सामना दमका (दुमका) की मजबूत टीम से हुआ। कड़े संघर्ष और बेहतरीन खेल के बावजूद बोकारो की टीम जीत दर्ज नहीं कर सकी और उपविजेता रही। हालांकि खिलाड़ियों के जुझारू प्रदर्शन और खेल भावना ने वहां मौजूद दर्शकों का दिल जीत लिया। टीम ने रजत पदक (सिल्वर मेडल) प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया।

### जयनगर में जनगणना कार्य की हुई समीक्षा बैठक

**कोडरमा** : जयनगर प्रखंड सभागार में सोमवार को जनगणना 2026 के अंतर्गत संचालित मकान जनगणना एवं मकान सूचीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चार्ज पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी, जयनगर ने की। बैठक में जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मकान सूचीकरण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान कार्य की प्रगति, आंकड़ों की शुद्धता तथा फील्ड स्तर पर आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। चार्ज पदाधिकारी ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को घर-घर जाकर सही एवं अद्यतन जानकारी संग्रहित करने तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा।

# जयनगर हाट-बाजार में चला विशेष स्वच्छता अभियान, आमजनों से सहयोग की अपील




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : जयनगर हाट-बाजार परिसर में जिला परिषद के तत्वावधान में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर बाजार क्षेत्र की व्यापक साफ-सफाई कराई गई। अभियान का उद्देश्य बाजार परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखना तथा आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर जिला परिषद प्रशासन ने बाजार में आने वाले सभी नागरिकों, दुकानदारों एवं फुटपाथ विक्रेताओं से अपील की कि वे बाजार परिसर को स्वच्छ रखने में अपना सक्रिय सहयोग दें। प्रशासन ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता केवल सरकारी व्यवस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें तथा कचरे का उचित निस्तारण सुनिश्चित करें। जिला परिषद ने यह भी स्पष्ट किया कि जयनगर हाट-बाजार के संचालन को अधिक व्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संचालित करने के इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्थाएं निर्धारित प्रक्रिया के तहत भाग ले सकती हैं। बाजार संचालन हेतु जिला परिषद कार्यालय द्वारा समय-समय पर निविदा (टेंडर) जारी की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं निविदा प्रकाशित होने पर जिला परिषद कार्यालय से संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रशासन ने नागरिकों से स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित जयनगर बाजार के निर्माण में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि जनभागीदारी से ही बाजार की बेहतर व्यवस्था एवं स्वच्छता को स्थायी रूप से बनाए रखा जा सकता है।

# आकाशीय बिजली से 9वीं की छात्रा रेशमा की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : गोमिया प्रखंड के बारीडारी पंचायत स्थित नारंग गांव में बीते दिन को आकाशीय बिजली गिरने से 14 वर्षीय छात्रा रेशमा कुमारी की मौत हो गई। रेशमा, जो पुसन मांझी की पुत्री और 9वीं कक्षा की छात्रा थी, घर के बाहर बर्तन धो रही थी जब अचानक मौसम बिगड़ा और तेज गर्जना के साथ वर्षा होने लगी। इसी दौरान आकाशीय बिजली उसकी चपेट में आ गई और वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन उसे तुरंत रामगढ़ सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उपचार के बावजूद रेशमा को बचाया नहीं जा सका। देर रात इलाज के दौरान उसने अंततः दम तोड़ दिया। रेशमा परिवार की सबसे बड़ी संतान थी; घर में दो बहनें और एक भाई है। बेटी के असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और परिजन बिलख-बिलख कर रो रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक छा गया और आसपास के लोग परिजनों के साथ संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। पुलिस और ग्रामवासी ने कहा कि मौसम अचानक बिगड़ने के चलते पूर्व चेतावनी का समय न मिलने के कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ। आशंका जताई जा रही है कि बिजली गिरने के तुरंत बाद रेशमा को उचित दूरी पर न ले जाया गया या फौरन एम्बुलेंस उपलब्ध न होने के कारण समय पर बचाव संभव नहीं हो पाया। स्थानीय पुलिस ने कहा कि मामले की तफ्तीश की जा रही है और परिवार को सरकारी कल्याण सहायता व रोशनी मामलों में आवश्यक मदद दिलाने के प्रयास किए जाएंगे। नजदीकी ग्रामीण और स्कूल प्रशासन भी परिवार के दुःख में शामिल हैं और समुदाय में सुरक्षा व मौसम चेतावनी संबंधी जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया जा रहा है।

# 25 वर्षों बाद +2 हाई स्कूल के वर्ष 2000 बैच का सिल्वर जुबली रियूनियन संपन्न, गुरुजनों का हुआ सम्मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : +2 हाई स्कूल, सेक्टर-12, बोकारो स्टील सिटी के वर्ष 2000 बैच के पूर्व छात्र-छात्राओं का दो दिवसीय सिल्वर जुबली रियूनियन समारोह उत्साह, भावनाओं एवं पुरानी यादों के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मैट्रिक उत्तीर्ण किए 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस समारोह में देश के विभिन्न भागों से आए पूर्व विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत आपसी परिचय, स्मृतियों के आदान-प्रदान एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई। वर्षों बाद एक-दूसरे से मिलकर सभी सहपाठी भावुक दिखाई दिए। प्रतिभागियों ने अपने विद्यालयीन जीवन की अनेक रोचक घटनाओं को साझा किया और शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। समारोह का सबसे भावनात्मक क्षण वह रहा जब विद्यालय के तत्कालीन प्राचार्य पी. भारती सर, मोहन राकेश सर, ए. के. प्रसाद सर, लता मैडम, बी. के. सिंह सर सहित अन्य सम्मानित गुरुजनों का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में सदैव सीखते रहने, नैतिक मूल्यों का पालन करने तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संदेश दिया। पूर्व छात्रों ने कहा कि विद्यालय में प्राप्त शिक्षा, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उनके व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज बैच के सदस्य चिकित्सा, अभियंत्रण, शिक्षा, प्रशासन, व्यवसाय, उद्योग एवं विभिन्न अन्य क्षेत्रों में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। कई प्रतिभागियों ने स्वीकार किया कि जीवन में मिली उपलब्धियों की नींव इसी विद्यालय में रखी गई थी। रियूनियन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्मृति साझा सत्र, मनोरंजक गतिविधियाँ एवं समूह संवाद का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने इसे केवल एक पुनर्मिलन नहीं, बल्कि गुरु-शिष्य परंपरा, मित्रता और साझा जीवन मूल्यों के उत्सव के रूप में वर्णित किया। आयोजन समिति ने बताया कि इस रियूनियन का उद्देश्य पुराने सहपाठियों को पुनः एक मंच पर लाना, शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करना तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए मित्रता और सामाजिक जुड़ाव का एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करना था। समारोह के समापन पर सभी पूर्व छात्र-छात्राओं ने भविष्य में भी आपसी संपर्क बनाए रखने, सामाजिक कार्यों में सहयोग करने तथा विद्यालय के विकास में यथासंभव योगदान देने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### कसमार अंचल के सेवानिवृत्त नाजिर हरिचरण महतो का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**कसमार** : कसमार प्रखंड के मंजुरा गांव निवासी एवं कसमार अंचल कार्यालय के सेवानिवृत्त नाजिर हरिचरण महतो का निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे लंबे समय तक अंचल कार्यालय में अपनी सेवाएं देते रहे और अपने सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा तथा ईमानदार कार्यशैली के लिए जाने जाते थे। हरिचरण महतो ने सरकारी सेवा के दौरान आम लोगों के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उनके व्यवहार और कार्यशैली के कारण वे अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आम जनता के बीच काफी सम्मानित थे। सेवानिवृत्ति के बाद भी वे सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहते थे और क्षेत्र के लोगों के सुख-दु:ख में सहभागी बनते थे। उनके निधन से मंजुरा गांव सहित पूरे कसमार क्षेत्र में शोक का माहौल है। उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं शुभचिंतक पहुंचे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित लोगों ने कहा कि हरिचरण महतो का जीवन समाज और प्रशासनिक सेवा के प्रति समर्पण का उदाहरण था। उनका निधन क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। ग्रामीणों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दु:ख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

### बोकारो में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100-दिन का शिविर संपन्न



**बोकारो** : चंदनकियारी प्रखण्ड के चंद्रा पंचायत भवन में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में आयोजित 100-दिन के शिविर का समापन हुआ। इस दौरान कुल 88 लोगों की जांच की गई। शिविर में उच्च जोखिम वाले लोगों जैसे डायबिटीज मरीज, पुराने टीबी रोगी, टीबी रोगियों के घर के सदस्य, शराब और धूम्रपान करने वाले, 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोग और कम बीएमआई वाले लोगों की एआई आधारित पोर्टेबल एक्स-रे मशीन द्वारा जांच की गई और बलगम संग्रहण किया गया। इस अवसर पर एसटीएस अनुराग कुमार, एसटीलए इंद्रद्वीप, टीवीएभी संजीव मंडल, सीएचओ शिल्पा, एक्स-रे तकनीशियन मुकेश, एएनएम, एम्पिडाब्लू, सहिया साथी, सहिया और अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य यक्ष्मा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और उच्च जोखिम वाले लोगों की समय पर पहचान कर उचित उपचार सुनिश्चित करना बताया गया।

### जिला परिषद कार्यालय परिसर में आज होगा आम्रलिका आम महोत्सव 2026 का आयोजन

**बोकारो** : जिला प्रशासन, बोकारो द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत 09 जून 2026 (मंगलवार) को जिला परिषद कार्यालय परिसर में आम्रलिका आम महोत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रात: 11:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक आयोजित होगा। स्वाद तीन, पहचान एक थीम पर आयोजित होने वाले इस महोत्सव में आम्रपाली, मल्लिका एवं लंगड़ा किस्म के आम प्रमुख आकर्षण होंगे। कार्यक्रम के माध्यम से आम उत्पादन को प्रोत्साहित करने, किसानों/एसएचजी दीदीओं को अपने उत्पादों के मार्केटिंग (विपणन) का अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की दीदियों की विशेष सहभागिता रहेगी। उनके द्वारा आम एवं आम आधारित उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की व्यवस्था की जाएगी। इससे उन्हें अपने उत्पादों के विपणन का अवसर मिलेगा तथा उनकी आय में वृद्धि होगी। जिला प्रशासन का उद्देश्य एसएचजी दीदियों को आर्थिक रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाना है। महोत्सव में आम उत्पादकों, लाभुक किसानों, स्वयं सहायता समूहों एवं आम नागरिकों की सहभागिता रहेगी। विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से बागवानी - आम उत्पादन प्रसंस्करण एवं विपणन से संबंधित उपयोगी जानकारियां भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इसको लेकर उप विकास आयुक्त श्रीमती शताब्दी मजूमदार ने किसानों, स्वयं सहायता समूहों एवं आमजनों से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### दो माह से वेतन नहीं मिलने पर जलापूर्ति कर्मियों में नाराजगी, 80 हजार आबादी पर संकट के बादल



**हैसाबातू** : हैसाबातू बहु पंचायत ग्रामीण जलापूर्ति योजना में कार्यरत पंप ऑपरेटरों तथा अन्य कर्मियों को पिछले दो माह से वेतन नहीं मिला है, जिसके कारण परिवारों में आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि वे कई बार संबंधित विभाग और ठेकेदार के पास गुहार लगा चुके हैं, पर तात्कालिक सुनवाई नहीं हो रही है। हसन इमाम व वीरेंद्र कुमार सहित लगभग नौ कर्मियों ने बताया कि वे पिछले पांच वर्षों से योजना में नियमित रूप से काम कर रहे हैं। योजना का संचालन पहले एक ठेकेदार के माध्यम से चल रहा था लेकिन ठेकेदार का टेंडर समाप्त हो जाने के बाद उसने वेतन भुगतान बंद कर दिया है। दूसरी ओर विभाग ठेकेदार के माध्यम से भुगतान का आश्वासन दे रहा है, जिससे विभाग और ठेकेदार के बीच दांव-पेंच का शिकार स्थानीय कर्मचारी बने हुए हैं। कर्मचारियों ने कहा कि शुरूआत में उन्हें मासिक पाँच से सात हजार रुपये के हिसाब से वेतन दिया जाता था और समय के साथ वेतन बढ़ने का भरोसा दिया गया था, पर आज तक वेतन में कोई वृद्धि नहीं हुई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि झारखंड सरकार के न्यूनतम मजदूरी दर तक का भुगतान भी नहीं हो रहा है। आर्थिक तंगी के कारण कई कर्मियों के परिवारों का भरण-पोषण और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों व जानकारों का कहना है कि यदि पंप कर्मियों को भुगतान नहीं मिला और वे काम बंद करने पर मजबूर हुए तो जलापूर्ति ठप होने से लगभग 80 हजार से अधिक लोग गंभीर जल संकट का सामना कर सकते हैं। इस योजना से गोड़ाबाली उत्तरी, गोड़ाबाली दक्षिणी, माराफारी, नरकरा, हैसाबातू पूर्वी, हैसाबातू पश्चिमी, बांसगोड़ा पूर्वी, बांसगोड़ा पश्चिमी, ऋतुडीह तथा सातनपुर पंचायत के अलावा नन पंचायत क्षेत्र कुमीर्डीह व बियाबान क्षेत्र के लोग लाभान्वित हैं। स्थानीय निवासी राधा देवी (नाम परिवर्तित) ने कहा, ़हमारे यहाँ रोजमर्रा का पानी इसी योजना से आता है। पंप बंद हुआ तो छोटे बच्चों और बुजुर्गों की हालत खराब हो जाएगी। वहीं एक शिक्षक ने चेतावनी दी कि स्कूलों में भी पानी की कमी से पढ़ाई प्रभावित हो सकती है।

## संक्षिप्त डायरी

## 'सब पागल हो गए हैं', सुरक्षा घटाने पर लालू बोले- जो करना है करे, मीसा ने बंगला खाली करने पर क्या कहा

**पटना (एजेंसी)** लालू प्रसाद और राबड़ी देवी की सुरक्षा घटाने का फैसला बिहार सरकार ने लिया था. इस पर लालू प्रसाद ने कहा, सब पागल हो गए हैं. इसके साथ ही उनकी बेटी मीसा भारती ने राबड़ी आवास खाली करने पर कहा, हम 15 दिन से पहले बंगला खाली कर देंगे. ह्यसब पागल हो गए हैं. घृणा की राजनीति है. हम कोई केयर नहीं करते हैं. जो करना है करे.ह्ल यह बात राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद कही. सिंगापुर से लौटने के बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर उन्होंने सुरक्षा घटाने पर यह बयान दिया. बिहार सरकार की ओर से लालू प्रसाद और राबड़ी देवी दोनों की सुरक्षा घटाने का फैसला लिया था. मीसा भारती ने भी सुरक्षा वापस करने की कही बात इसके साथ ही पटना में 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करने के मुद्दे पर उनकी बेटी और सांसद मीसा भारती ने कहा कि 15 दिन से पहले हमलोग खाली कर देंगे. लालू प्रसाद और राबड़ी देवी को सुरक्षा की जरुरत नहीं है क्योंकि ये दोनों बिहार की जनता के दिल में बसते हैं. इनकी सुरक्षा जनता कर लेगी. इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि वे अपनी सुरक्षा भी वापस कर देंगी. कौटिल्य नगर वाले घर के निरीक्षण के बाद चर्चा जानकारी के मुताबिक, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने रविवार को कौटिल्य नगर में बन रहे निजी घर को देखने के लिए पहुंचीं. राबड़ी आवास को खाली करने के बाद संभावना जताई जा रही है कि लालू परिवार इसी घर में शिफ्ट हो सकता है. लेकिन अब तक आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं आई है. अब तक क्या हुए, जानिए राबड़ी देवी को भवन निर्माण विभाग की ओर से 29 मई को बंगला खाली करने का नोटिस मिला था. इसमें 15 दिनों में बंगला खाली करने का आदेश दिया गया था. यह नोटिस मिलने के बाद राबड़ी देवी ने बंगला खाली नहीं करने की बात कही. साथ ही उन्होंने बिहार सरकार को चैलेंज भी किया था कि फोर्स बुलवाकर बंगला खाली करवा लें. इसके बाद जमकर राजनीतिक बयानबाजी हुई थी. सीएम सम्राट चौधरी ने एक कार्यक्रम के दौरान मंच से लोगों को संबोधित करते हुए निशाना साधा था. उन्होंने कहा था, बंगला किसी की बपौती नहीं है. मां और बेटे को अलग-अलग घर चाहिए. लेकिन बंगले से किसी को मोह नहीं होनी चाहिए. इसके अलावा भी सत्ता पक्ष के अन्य नेताओं ने तंज कसा था. बंगले के बाद लालू परिवार की सुरक्षा भी घटाने का फैसला लिया गया. लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के साथ तेज प्रताप यादव की भी सुरक्षा घटाई गई. लेकिन तेजस्वी और मीसा भारती की सुरक्षा पहले की ही तरह रहेगी. इसके बाद राबड़ी देवी ने अपने आवास से सभी सुरक्षाकर्मियों को हटा दिया था. राबड़ी देवी के बाद तेजस्वी यादव ने अपनी सुरक्षा लौटाई और सिंगापुर से लौटने के बाद अब मीसा भारती ने सुरक्षा वापस कर दी. इस तरह से देखना होगा कि राबड़ी आवास कब तक खाली हो पाता है.

## वजीरगंज को मिला नया सांसद प्रतिनिधि, जीतन राम मांझी ने सुनील कुमार मांझी को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

**पटना (एजेंसी)** गया के सांसद जीतन राम मांझी ने जनसंपर्क और विकास कार्यों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से वजीरगंज निवासी सुनील कुमार मांझी को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है. : गया संसदीय क्षेत्र के वजीरगंज प्रखंड में राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों के बीच एक महत्वपूर्ण निर्णय सामने आया है. गया के सांसद जीतन राम मांझी ने जनसंपर्क और विकास कार्यों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से वजीरगंज निवासी सुनील कुमार मांझी को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है. इस घोषणा के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है. जनता की समस्याएं सीधे सांसद तक पहुंचाएंगे सांसद प्रतिनिधि के रूप में सुनील कुमार मांझी अब क्षेत्र की जनता और सांसद कार्यालय के बीच महत्वपूर्ण कड़ी की भूमिका निभाएंगे. उनकी जिम्मेदारी क्षेत्र की समस्याओं को संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों और सांसद तक पहुंचाने, सरकारी योजनाओं की निगरानी करने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों का समाधान कराने की होगी. विकास कार्यों की निगरानी पर रहेगा विशेष फोकस नई जिम्मेदारी मिलने के बाद सुनील कुमार मांझी क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत पर नजर रखेंगे. साथ ही आम लोगों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का भी प्रयास करेंगे ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर जरूरतमंदों तक पहुंच सके. घोषणा के बाद बधाइयों का लगा तांता मनोनयन की खबर सामने आते ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और ग्रामीणों ने सुनील कुमार मांझी को शुभकामनाएं दीं. लोगों का मानना है कि उनकी सक्रियता और क्षेत्रीय अनुभव वजीरगंज के विकास कार्यों को नई दिशा देने में मददगार साबित होगा. हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के कार्यकताओं ने भी इस नियुक्ति का स्वागत किया है. पार्टी नेताओं का कहना है कि एक समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता को मिली यह जिम्मेदारी संगठन और क्षेत्र दोनों के लिए सकारात्मक साबित होगी. इन नेताओं ने दी शुभकामनाएं सुनील कुमार मांझी को बधाई देने वालों में हम पार्टी महिला प्रकोष्ठ की प्रखंड अध्यक्ष सावित्री कुमारी, मीडिया प्रभारी दयाल कुमार मांझी, रामबली मांझी तथा नरेश कुमार मांझी सहित कई कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि सांसद प्रतिनिधि के रूप में सुनील कुमार मांझी की नियुक्ति से क्षेत्र की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा. साथ ही विकास योजनाओं की निगरानी मजबूत होने से आम जनता को भी सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है.

## पंचायत चुनाव को लेकर बड़ा अपडेट, आरक्षण रोस्टर अटका,

**पटना (एजेंसी)** बिहार पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं, लेकिन आरक्षण रोस्टर जारी नहीं होने से संभावित उम्मीदवारों और आम लोगों के बीच अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है. बिहार पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं, लेकिन आरक्षण रोस्टर जारी नहीं होने से संभावित उम्मीदवारों और आम लोगों के बीच अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है. पंचायत चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे लोग लगातार आरक्षण सूची का इंतजार कर रहे हैं. इसी बीच विभागीय सूत्रों से बड़ी जानकारी सामने आई है कि 15 जून तक पंचायत चुनाव को लेकर आरक्षण गाइडलाइन जारी की जा सकती है. प्रखंड से जिला स्तर तक तेज हुई चुनावी तैयारी पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं. विभाग द्वारा प्रखंड, अनुमंडल और जिला स्तर पर आवश्यक प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है. वहीं, ईवीएम मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव के लिए स्टोर की व्यवस्था को लेकर भी जगहों का चयन किया जा रहा है. 2006 और 2016 के आरक्षण रोस्टर का हो रहा अध्ययन विभागीय जानकारी के अनुसार वर्ष 2006 और 2016 के पंचायत आरक्षण रोस्टर को राज्य निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है. वर्ष 2016 का रोस्टर 2011 की जनगणना के आधार पर तैयार किया गया था, जबकि 2006 का रोस्टर जनगणना से पहले का है. अब दोनों रोस्टर का तुलनात्मक अध्ययन कर नया पंचायत आरक्षण रोस्टर तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है. 15 जून तक हो सकती है बड़ी घोषणा सूत्रों की मानें तो राज्य स्तर से 15 जून तक आरक्षण संबंधी गाइडलाइन जारी होने की संभावना है. गाइडलाइन जारी होने के बाद सभी प्रखंडों से आरक्षण सूची मांगी जाएगी. इसके बाद जिला प्रशासन सूची को अंतिम रूप देकर राज्य निर्वाचन आयोग को भेजेगा.

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आज शाम 5 बजे कैबिनेट की अहम बैठक




**पटना (एजेंसी)** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को कैबिनेट की बैठक बुला ली है. यह बैठक शाम 5 बजे सचिवालय में होगी. इस बैठक में कई जरूरी प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है. इससे पहले 3 जून को कैबिनेट की बैठक हुई थी, जिसमें 13 प्रस्तावों पर मुहर लगी थी. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आज कैबिनेट की बैठक होगी. नीतीश कुमार के सीएम रहते हुए कैबिनेट की बैठक मंगलवार को होती थी. लेकिन सम्राट चौधरी के सीएम बनने के बाद अब तक कैबिनेट की जितनी भी बैठकें हुईं, वह मंगलवार को हुई थी. इस बीच सोमवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है, ऐसे में आज कई जरूरी प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है. जानकारी के मुताबिक, सचिवालय के मंत्रिमंडल कक्ष में आज शाम 5 बजे बैठक होगी. इस में सीएम सम्राट चौधरी के अलावा दोनों डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र यादव और अन्य विभागों के मंत्री मौजूद रह सकते हैं. इसमें बिहार के युवाओं, महिलाओं और अन्य योजनाओं पर मुहर लग सकती है. इन प्रस्तावों पर लग सकती है मुहर आज होने वाली कैबिनेट की बैठक में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों से जुड़े जरूरी प्रस्तावों पर मुहर लगाई जा सकती है. इसके साथ ही कई योजनाओं को लेकर मंजूरी मिल सकती है. इसके अलावा बिहार से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर फैसला लिया जा सकता है. साथ ही सरकारी कर्मचारियों को लेकर भी कोई बड़ी घोषणा की जा सकती है. 3 जून को 13 एजेंडों पर लगी थी मुहर इससे पहले 3 जून को कैबिनेट की बैठक हुई थी. उस वक्त 13 एजेंडों पर मुहर लगाई गई थी. बैठक में बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा, उद्योग, रोजगार, स्वास्थ्य, कृषि, मत्स्य पालन और कौशल विकास से जुड़े कई बड़े फैसले लिए गए थे. बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के तेजी से निपटारे के लिए नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड में द्वि-स्तरीय उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम बनाने का फैसला लिया गया था. साथ ही कैबिनेट ने मधुबनी जिले के राजनगर रेलवे स्टेशन के पास सोनवारी और परिहारपुर में 50 हजार मीट्रिक टन क्षमता का अनाज भंडारण साइलो बनाने की मंजूरी, भोजपुर जिले के बाणासुर मत्स्य बीज प्रक्षेत्र में इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क, औरंगाबाद जिले के नबीनगर में नया औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तहत बिहार कौशल विकास मिशन में 19 नए पद सृजित करने की मंजूरी समेत अन्य कई फैसले लिए गए थे.

## अरवल के सोन कैनाल में 100 की रफ्तार से चल रही सफारी पलटी

**पटना (एजेंसी)** अरवल के सदर थाना क्षेत्र में सोन कैनाल मुख्य पथ पर देर रात एक अनियंत्रित सफारी गाड़ी नहर में पलट गई, जिससे उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति को सुरक्षित बचा लिया गया. अरवल सदर थाना क्षेत्र के सोन कैनाल मुख्य पथ पर गांधी मैदान के समीप रविवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक को सुरक्षित बचा लिया गया. तेज रफ्तार सफारी वाहन अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया, जिससे यह हादसा हुआ. नहर में पलट गई सफारी, चार लोगों की गई जान जानकारी के अनुसार रविवार देर रात करीब 12 बजे सफारी वाहन सोन कैनाल रोड पर तेज गति से जा रहा था. इसी दौरान मोड़ पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी नहर में जा गिरी. वाहन में कुल पांच लोग सवार थे. हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक को पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाल लिया गया. विधायक से मिलकर लौट रहे थे सभी युवक बताया जा रहा है कि सभी युवक किसी स्थानीय विधायक से मिलने अरवल आए थे और देर रात वापस लौट रहे थे. इसी दौरान यह हादसा हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन की रफ्तार करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटा थी, जिसके कारण मोड़ पर संतुलन बिगड़ गया. दम घुटने से हुई चार लोगों की मौत नहर में पानी भरा होने के कारण वाहन के अंदर फंसे चार युवकों की दम घुटने से मौत हो गई. मृतकों की पहचान राहुल कुमार (30) पिता रमेश विश्वकर्मा, निवासी देवकली, बिहटा; मनोज कुमार (36) पिता चतुर्भुज चौधरी, निवासी रानीपुर, रानीतालाब; निशंक राज (23) पिता त्रिभवन राम, निवासी अम्हारा तथा अमन राज (28) निवासी पटना के रूप में की गई है. एक युवक की बची जान हादसे में घायल रोहित कुमार (23) पिता कुलदीप महतो, निवासी आईटीआई अम्हारा को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. उसका इलाज चल रहा है और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है. चौथे शव की पहचान में जुटी पुलिस डीएसपी कुमार संजय ने बताया कि मृतकों में तीन की पहचान और पूरा पता सत्यापित कर लिया गया है, जबकि एक मृतक की विस्तृत जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. तीन शव परिजनों को सौंपे गए समाचार लिखे जाने तक तीन शवों को पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया था.

## गयाजी के मगध मेडिकल अस्पताल में चौथे दिन भी ओपीडी ठप, मरीजों का फूटा गुस्सा, जूनियर डॉक्टरों का बड़ा ऐलान

**पटना (एजेंसी)** गयाजी के मगध मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों का आंदोलन लगातार चौथे दिन भी जारी है. डॉक्टरों की हड़ताल के कारण सोमवार को भी ओपीडी सेवा गयाजी के मगध मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों का आंदोलन लगातार चौथे दिन भी जारी है. डॉक्टरों की हड़ताल के कारण सोमवार को भी ओपीडी सेवा पूरी तरह बंद है. जिससे इलाज कराने पहुंचे सैकड़ों मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. अस्पताल परिसर में सुबह से ही अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है. कई मरीज अस्पताल परिसर में खड़े हैं. जूनियर डॉक्टरों की शर्त आंदोलनरत जूनियर डॉक्टरों का कहना है कि हॉस्टल, सड़क और मेस से जुड़ी समस्याओं का स्थायी समाधान होने तक ओपीडी सेवा शुरू नहीं की जाएगी. डॉक्टरों ने साफ कहा कि हर बार आंदोलन के दौरान केवल आश्वासन दिया जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं होता. आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में जूनियर डॉक्टर जूनियर डॉक्टरों ने कहा कि इस बार वे केवल आश्वासन पर भरोसा नहीं करेंगे. उनकी मांगों पर वास्तविक कार्य शुरू होने के बाद ही आंदोलन समाप्त किया जाएगा. उनका आरोप है कि कॉलेज और अस्पताल प्रशासन वर्षों से बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी करता रहा है.28 घंटे बाद शुरू हुई इमरजेंसी सेवा हालांकि रविवार देर शाम कॉलेज प्राचार्य के साथ हुई वार्ता के बाद 28 घंटे से बंद इमरजेंसी सेवा को फिर से चालू कर दिया गया. इसके बावजूद ओपीडी सेवा बहाल नहीं हो सकी, जिससे सामान्य मरीजों की परेशानी कम नहीं हुई. ओपीडी बंद रहने से मरीजों का फूटा गुस्सा लगातार चौथे दिन ओपीडी बंद रहने से मरीजों और उनके परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा. नाराज लोगों ने अस्पताल अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर हंगामा शुरू कर दिया.

## गयाजी में इलाज के अभाव में बड़े भाई के हमले से घायल विकलांग की मौत, ग्रामीणों ने चंदा जुटाया, फिर भी नहीं बच सकी जान



**पटना (एजेंसी)** गयाजी जिले के डुमरिया प्रखंड में जमीन विवाद में बड़े भाई के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए एक विकलांग व्यक्ति की इलाज के अभाव में मौत हो गई. डुमरिया प्रखंड से मनोज मिश्रा की रिपोर्ट गयाजी जिले के डुमरिया प्रखंड से रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है. जमीन विवाद में बड़े भाई के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए एक विकलांग व्यक्ति की इलाज के अभाव में मौत हो गई. घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है, जबकि पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है. जमीन बंटवारे को लेकर चल रहा था विवाद मामला बोधि बीघा थाना क्षेत्र के महुडी गांव का है. जानकारी के अनुसार 55 वर्षीय कृष्णा पाल और उनके बड़े भाई के बीच लंबे समय से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था. पारिवारिक विवाद धीरे-धीरे इतना बढ़ गया कि मामला हिंसा तक पहुंच गया. क्या है पूरा मामला बताया जाता है कि 5 जून को विवाद के दौरान बड़े भाई ने धारदार हथियार (पसुली) से कृष्णा पाल पर हमला कर दिया. हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए. परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई थी. घायल कृष्णा पाल को पहले इलाज के लिए मगध मेडिकल अस्पताल ले जाया गया. परिजनों का आरोप है कि उस समय अस्पताल में हड़ताल के कारण समुचित इलाज नहीं मिल सका. इलाज के लिए गांव में जुटाया जा रहा था चंदा इसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण परिवार लंबे समय तक इलाज नहीं करा सका और दो दिन बाद उन्हें वापस घर ले आना पड़ा. रविवार शाम जब कृष्णा पाल की तबीयत और बिगड़ने लगी तो गांव के लोगों ने मानवता दिखाते हुए उनके इलाज के लिए चंदा जुटाना शुरू किया. ग्रामीण उन्हें दोबारा इलाज के लिए अस्पताल भेजने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन इससे पहले ही उनकी मौत हो गई. इलाज के अभाव में बुझ गई जिंदगी ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर बेहतर इलाज और आर्थिक सहायता मिल जाती तो शायद कृष्णा पाल की जान बच सकती थी. उनकी मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. घटना के बाद बोधिबिगहा थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हत्या का मामला दर्ज कर लिया है.

## पहली बार हत्या से चूक गया था बाबुल, जिसे सुपारी दिया वह निकला गोविंद गैंग का सदस्य



**पटना (एजेंसी)** शहर में बीते दिनों हुए गोविंद शर्मा मर्डर केस में कई बड़े खुलासे हुए हैं. पुलिस ने अपराधी बाबुल चौधरी और शूटर सौरभ को गिरफ्तार कर लिया है. पूछताछ के दौरान बाबुल ने बताया कि एक बार उसने गोविंद को मारने के लिए उसके ही गैंग के आदमी को सुपारी दे दी थी. मुजफ्फरपुर से प्रेमांशु शेखर की रिपोर्ट गोविंद हत्याकांड में पुलिस के हत्थे चढ़े शातिर अपराधी बाबुल चौधरी ने पूछताछ में कई बड़े खुलासे किये हैं. उसने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि वह गोविंद की हत्या की प्लानिंग कई महीने से कर रहा था. जब गोविंद ने उससे कलमबाग चौक के 15 कट्ठा जमीन का काम और विवि के तीन करोड़ के ठेका से हट जाने को कहा तो वह बौखला गया था. वह नहीं माना तो गोविंद उसकी हत्या की प्लानिंग करने लगा. इसी बीच उसने मुशहरी थाना क्षेत्र के प्रहलादपुर के एक शातिर को गोविंद की हत्या करने के लिए ठीक किया. लेकिन इस बात की जानकारी गोविंद हो गयी. पूछताछ में ही यह पता चला कि बाबुल ने प्रहलादपुर गांव के जिस शातिर को गोविंद की सुपारी दी थी, वह गोविंद शर्मा के गैंग का ही आदमी था. इसके बाद से ही गोविंद और सतर्क रहने लगा. इसी बीच बाबुल की भेंट अमित पांडे से हुई. उसने बाबुल को अपने भांजे सौरभ को बाबुल से मिलवाया था. बाबुल को कौन कर रहा फंडिंग? पुलिस का मानना है कि बाबुल चौधरी इस पूरे केस का मोहरा है. उसे कहीं से फडिंग हो रही है. इस केस में उसने राजा को पांच लाख की सुपारी दी थी. इसके अलावा सौरभ को फ्लैट लेने में अच्छी खासी रकम दी थी. सौरभ दो मई से आइकॉन टावर के फ्लैट नंबर 406 में रह रहा था. हालांकि, पुलिस की पूछताछ में गोविंद की पत्नी ने शहर के कई सफेदपोश, ओंकार, बाबुल समेत कलमबाग चौक के फुद्दु उर्फ आशुतोष का नाम पुलिस को बताया था. पुलिस उन सभी के मोबाइल नंबर और बैंक अकाउंट की जांच कर रही है. मुजफ्फरपुर की अन्य खबरों के लिए यहां क्लिक करें वैभव, मनीष और राजा की पुलिस को तलाश सौरभ व बाबुल के बयान के बाद पुलिस को फरार शूटर राजा सिंह, हथियार छिपाने वाले मनीष और फ्लैट में चिकेन और शराब पहुंचाने वाले वैभव की तलाश है.

## खान सर ने दायर की जमानत याचिका, बोले– हम पर लगे आरोप निराधार हैं, जानिए कब होगी सुनवाई




**पटना (एजेंसी)** सिविल कोर्ट में खान सर की ओर से अग्रिम जमानत याचिका दायर की गई है. इसके साथ ही फायरिंग करने वाले दोनों गाड्र्स की बेल पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया है. फायरिंग मामले में खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पटना सिविल कोर्ट में दायर की गई है. इसके साथ ही फायरिंग करने वाले दोनों गाड्र्स की बेल के लिए भी अप्लाई किया गया था. इस मामले में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है. खान सर ने अपनी जमानत याचिका में कहा है कि हम पर लगे आरोप निराधार हैं. गोली चलने के मामले से मेरा कोई संबंध नहीं है. मामले में अब मंगलवार को सुनवाई होगी. खान सर के वकील ने क्या कहा? खान सर के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकी. इस बीच चर्चा थी कि कोर्ट में खान सर सरेंडर कर सकते हैं. लेकिन उनके वकील ने यह क्लियर किया था कि खान सर सरेंडर नहीं करेंगे बल्कि उनकी ओर से अग्रिम जमानत याचिका दायर की जाएगी. ऐसे में आज सिविल कोर्ट में खान सर की याचिका दायर हुई. उनके वकील अरविंद कुमार महुआर ने कहा कि मामले में कोर्ट फैसला लेगी. रौशन आनंद के मामले में फैसला सुरक्षित जानकारी के मुताबिक, रौशन आनंद की रिहाई को लेकर सुनवाई हुई. इसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है. पिछले दिनों बड़ी संख्या में ज्ञान बिंदु कोचिंग के छात्र और छात्रा सड़क पर उतरे थे. उन सभी ने रौशन सर की रिहाई की मांग की थी. उन्होंने रौशन आनंद को निर्दोष बताया था. ऐसे में कोर्ट का आगे क्या फैसला आता है, यह देखने वाली बात होगी. 2 जून की रात हुई थी घटना यह पूरा मामला 2 जून की रात का है. खान सर की कोचिंग के बाहर फायरिंग हुई, पथराव किया गया और मारपीट हुई. इसके बाद मामले में सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद ज्ञान बिंदु कोचिंग के संचालक रौशन आनंद को गिरफ्तार किया गया. इस बीच एक और वीडियो वायरल हुआ, जिसमें खान सर के दो गाड्र्स फायरिंग करते हुए दिखे. जब दोनों गाड्र्स को गिरफ्तार कर पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो उन्होंने कहा कि खान सर के कहने पर ही गोली चलाई गई थी. इसके बाद खान सर पर हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया.

## यात्रिगण कृपया ध्यान दें! गया-किऊल रेलखंड पर 8 घंटे का मेगा ब्लॉक कल, 4 मेमू ट्रेनें रद्द, इनका रूट बदला



**पटना (एजेंसी)** गया-किऊल रेलखंड पर मंगलवार को 8 घंटे के मेगा ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा. जिसका असर दर्जनों यात्रियों की यात्रा पर पड़ने वाला है. रेलवे द्वारा तिलैया और नवादा स्टेशन के बीच ट्रैक रखरखाव और तकनीकी कार्यों के लिए ब्लॉक लिया गया है. इसके चलते कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा, जबकि कुछ ट्रेनों के मार्ग में भी बदलाव किया गया है. इससे दैनिक यात्रियों और लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. रेलवे अधिकारियों के अनुसार, तिलैया और नवादा के बीच ट्रैफिक ब्लॉक के कारण गया-किऊल रेलखंड पर चलने वाली चार मेमू पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन मंगलवार को पूरी तरह रद्द रहेगा.रद्द की गई ट्रेनों में गाड़ी संख्या 63355 किऊल-गया मेमू, 63315 झाझा-गया मेमू, 63316 गया-झाझा मेमू और 63322 गया-किऊल मेमू शामिल हैं। इन ट्रेनों के रद्द रहने से नवादा, शेखपुरा, किऊल, झाझा और गया के बीच प्रतिदिन यात्रा करने वाले सैकड़ों यात्रियों को वैकल्पिक व्यवस्थ का सहारा लेना पड़ेगा. गया-हावड़ा एक्सप्रेस का रूट बदला मेगा ब्लॉक के कारण लंबी दूरी की ट्रेनों के परिचालन में भी बदलाव किया गया है. गया जंक्शन से खुलने वाली गाड़ी संख्या 13024 गया-हावड़ा एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी. यह ट्रेन गया जंक्शन से चलकर जहानाबाद, पटना जंक्शन, मोकामा और किऊल जंक्शन होते हुए हावड़ा के लिए रवाना होगी. इससे नवादा और तिलैया मार्ग के यात्रियों को इस ट्रेन की सुविधा नहीं मिल सकेगी. हालांकि, वापसी दिशा में चलने वाली गाड़ी संख्या 13023 हावड़ा-गया एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग से ही संचालित होगी. गया-कामाख्या एक्सप्रेस के परिचालन रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी प्राप्त करने की अपील की है. इसके अतिरिक्त, गया-कामाख्या एक्सप्रेस के परिचालन में भी बदलाव किए जाने की सूचना दी गयी है.रेलवे प्रशासन ने कहा है कि परिचालन संबंधी आवश्यकताओं के अनुसार ट्रेन के मार्ग और समय में अस्थायी परिवर्तन किया जा सकता है. गया जंक्शन से चलेगी शेखपुरा-आनंद विहार स्पेशल ट्रेन वहीं, विशेष ट्रेनों के परिचालन को लेकर भी महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है. गाड़ी संख्या 03697 शेखपुरा-आनंद विहार स्पेशल 9 जून को शेखपुरा के बजाय गया जंक्शन से अपनी यात्रा शुरू करेगी. इसी प्रकार, आनंद विहार टर्मिनल से चलने वाली गाड़ी संख्या 02398 आनंद विहार-शेखपुरा स्पेशल नौ जून को शेखपुरा जाने के बजाय गया जंक्शन पर ही अपनी यात्रा समाप्त करेगी. रेलवे अधिकारियों ने किया अपील रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि वे स्टेशन पहुंचने से पहले अपनी ट्रेन की अद्यतन जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें. ताकि, किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके.मेगा ब्लॉक के दौरान रेलवे द्वारा सुरक्षा और संरक्षा मानकों के अनुरूप आवश्यक कार्य पूरे किए जायेंगे, जिससे भविष्य में ट्रेनों का परिचालन और अधिक सुगम एवं सुरक्षित हो सकें.



**अगर आप कॉफी लवर हैं और आइस्क्रीम खाना पसंद करते हैं, तो आप इस मजेदार कॉम्बिनेशन को ट्राई कर सकते हैं और घर पर ही कुछ चीजों की मदद से आइस्क्रीम तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आपको चीनी, पानी, दूध, कॉफी और क्रीम जैसी चीजों की जरूरत होगी।**

# घर पर बनाएं कैफे जैसी होममेड आइस्क्रीम, फैमिली के साथ उठाएं इसका लुत्फ

गर्मियों में आइस्क्रीम खाना भला किसे नहीं पसंद होता है। गर्मी में खुद को फ्रेश रखने के लिए ठंडी, क्रीमी और स्वादिष्ट चीज खाने के क्रेविंग बढ़ जाती है। ऐसे में हम कुछ न कुछ अपनी डाइट में ऐसा शामिल करते हैं, जिसका स्वाद लेना किसी जादू से कम नहीं होता है। लेकिन रोजाना आर्टिफिशियल फ्लेवर लेना हमारे लिए अच्छा नहीं होता है। ऐसे में आप अपने घर पर कुछ नया और अच्छा बना सकते हैं।

बता दें कि अगर आप कॉफी लवर हैं और आइस्क्रीम खाना पसंद करते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आप इस मजेदार कॉम्बिनेशन को ट्राई कर सकते हैं और घर पर ही कुछ चीजों की मदद से आइस्क्रीम तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आपको चीनी, पानी, दूध, कॉफी और क्रीम जैसी चीजों की जरूरत होगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको होममेड आइस्क्रीम की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

सामग्री
कॉफी पाउडर- 1 पैकेट या 2 चम्मच
चीनी- आधा कप
पानी- आधा कप
दूध- 1 कप
क्रीम- आधा कप
चॉकलेट चिप- आधा कप
वैनिला एसेंस- आधा कप

होममेड आइसक्रीम

सबसे पहले ऊपर बताई गई सभी सामग्रियों को तैयार रखें। अब एक बाउल में गुनगुने पानी में कॉफी पाउडर और चीनी डालकर अच्छे से घोल लें।

फिर इन सभी सामग्रियों को अच्छे से मिलाएं। वहीं दूसरे बाउल में क्रीम, दूध और बाकी का सामान डालकर अच्छे से मिलाएं। आप चाहें तो इसमें वैनिला एसेंस भी मिला सकते हैं।

इसके बाद एक चम्मच की सहायता से सभी चीजों को मिलाएं और फिर दोनों को एक साथ मिक्स कर दें। अब तैयार हुए मिश्रण को एक एयरटाइट कंटेनर में डालें और ढक्कन लगाकर करीब 6-8 घंटे या फिर पूरी रात फ्रीजर में जमने के लिए रख दें।

वहीं अगर आपको ज्यादा क्रीमी टेक्सचर चाहिए, तो आपको 2-3 घंटे बाद फ्रीजर से मिक्सचर को निकालकर फिर से फेंटें और दोबारा फ्रीज करें।

जब आइस्क्रीम अच्छे से जम जाए तो स्कूप निकालें और फिर ऊपर से थोड़ा सा इंस्टेंट कॉफी पाउडर या चॉकलेट चिप्स डालकर सर्व करें।

# होंठों का रंग पड़ने लगा है काला? सुर्ख गुलाबी और मुलायम लिप्स के लिए अपना लें ये 5 आसान तरीके

कहते हैं कि होठों की खूबसूरती चेहरे की खूबसूरती बढ़ाती है और काले होंठ चेहरे की खूबसूरती कम कर देते हैं। यदि होंठ गुलाबी और मुलायम हों तो मुस्कान भी अधिक आकर्षक लगती है। लेकिन कई कारणों से होंठों का रंग काला पड़ सकता है, जैसे धूप में ज्यादा रहना, कम पानी पीना, धूम्रपान करना, ज्यादा चाय-कॉफी पीना या खराब लिप प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना।

ऐसे कई लोग हैं जो अपने होठों को प्राकृतिक रूप से गुलाबी बनाने के लिए बाजार में मौजूद महंगे उत्पादों का इस्तेमाल करते हैं लेकिन उन्हें कोई फर्क नजर नहीं आता। अगर आप भी उन लोगों में से हैं जिन्होंने अपने काले होठों पर काफी पैसे खर्च कर दिए हैं और होठों के कालेपन में कोई सुधार नहीं हुआ है तो आइए जानते हैं ऐसे 5 टिप्स के बारे में जिन्हें अपनाकर आप प्राकृतिक गुलाबी होंठ पा सकते हैं।

## एलोवेरा जेल

एलोवेरा में मौजूद एलिसिन त्वचा का रंग हल्का करने में मदद करता है। रोजाना होठों पर ताजा एलोवेरा जेल लगाएं और 15-20 मिनट बाद धो लें। यह होठों को मुलायम और गुलाबी बनाने में मदद करता है। इसके साथ ही यह होठों को नमी प्रदान करने में भी मदद करता है।

## नींबू का रस

नींबू में प्राकृतिक ब्लीचिंग गुण होते हैं। रोजाना रात को सोने से पहले अपने होठों पर ताजा नींबू का रस लगाएं और सुबह इसे धो लें। यह धीरे-धीरे होठों का कालापन कम कर देता है।

## शहद और चीनी

1 चम्मच शहद में 1 चम्मच चीनी मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे अपने होठों पर हल्के हाथों से रगड़ें और कुछ मिनट बाद धो लें। यह मृत कोशिकाओं को हटाता है और होंठों को मुलायम बनाता है। इसके साथ ही यह आपके होठों को प्राकृतिक रूप से गुलाबी बनाने में भी मदद करता है।



## चुकंदर का रस

चुकंदर का जूस एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और होठों को गुलाबी रंग देता है। होठों पर ताजा चुकंदर का रस लगाएं और 15-20 मिनट बाद धो लें या रात भर के लिए छोड़ दें। इससे आपके होठों को प्राकृतिक गुलाबी रंग मिलेगा।

## हल्दी

हल्दी त्वचा का कालापन कम करने में मदद करती है। थोड़ी सी हल्दी को दूध या शहद में मिलाकर पेस्ट बना लें और होठों पर लगाएं। 5-10 मिनट बाद धो लें। नियमित उपयोग से होठों का रंग हल्का हो सकता है। इसके साथ ही आपके होंठ मुलायम भी हो जाएंगे।

धूम्रपान बिलकुल न करें।

सस्ते लिपस्टिक और लिप बाम का प्रयोग न करें।

बार-बार होठों पर जीभ न लगायें।

घर से बाहर निकलते समय न केवल चेहरे पर बल्कि होठों पर भी सनस्क्रीन लगाएं।



# कानों पर आने वाले बालों को कैसे करें साफ?

### इन घरेलू उपायों से आसानी से हो जाएंगे क्लीन

कानों के आसपास अनचाहे बाल होना आम बात है, लेकिन ये बाल चेहरे की सुंदरता को कम करते हैं। आप इन अनचाहे बालों को घर पर ही देसी तरीके से हटा सकते हैं।

कानों के आस-पास कई बार अनचाहे बाल हो जाते हैं। पुरुषों में तो इस तरह की समस्याएं सामान्य तौर पर देखने को मिल ही जाती हैं, लेकिन कई बार महिलाओं में भी हार्मोनल बदलाव के कारण कानों पर बाल उगने लगते हैं, जो चेहरे की सुंदरता को कम करते हैं। वैसे तो कानों पर आने वाले बालों को हटाने के लिए मार्केट में कई तरह की क्रीम मौजूद हैं, लेकिन आप इन अनचाहे बालों को आसानी से घरेलू उपाय से भी हटा सकते हैं।

## नींबू और शहद का करें उपयोग

कानों पर आए अनचाहे बालों को आप नींबू और शहद की मदद से आप आसानी से हटा सकते हैं। इसके लिए आप एक चम्मच नींबू का रस और दो चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे कानों के बालों पर लगाएं और 20 मिनट बाद पानी से धो लें। यह उपाय हफ्ते में 2 बार करें। इससे बाल तो कम होंगे ही, साथ ही साथ हेयर ग्रोथ भी कम हो जाएगा।

## बेसन और हल्दी का पैक

कानों पर आए बालों को हटाने के लिए आप बेसन और हल्दी के पैक का उपयोग कर सकते हैं। इसका उपयोग पुराने समय से बालों को हटाने के लिए किया जाता रहा है। इसको बनाने के लिए आप एक चम्मच बेसन, आधा चम्मच हल्दी और थोड़ा दूध मिलाकर एक पेस्ट तैयार कर लें और इसे कानों पर लगाकर सूखने दें। कुछ समय के बाद इसको हल्के हाथों से रगड़कर हटाएं। इससे बाल कम हो जाएंगे।

## घर पर बनाएं वैक्स

बालों को हटाने के लिए आप घर पर ही एक हेयर रिमूवल वैक्स भी तैयार कर सकते हैं। इसको बनाने के लिए आप शक्कर, नींबू का रस और पानी को मिलाकर गर्म करें और एक गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। अब इसे कान के बालों पर लगाएं और एक साफ कपड़े से इसको हटा लें।



# बच्चों को हेल्दी और फिट रखने के लिए उनकी डाइट का रखें खास ख्याल, अपनाएं ये टिप्स

**हर पेरेंट्स चाहते हैं कि उनका बच्चा फिट और हेल्दी रहे ताकि उसको ग्रोथ अच्छे से हो सके. लेकिन बच्चों को हेल्दी रखना किसी टॉस्क से कम नही है. खासतौर से जब बात आती है खानपान की तो बच्चों को हेल्दी खाना अमूमन पसंद नही आता है. हरी सब्जियां और दाल जैसी चीजें जो पोषक तत्वों से भरपूर होती है बच्चे उनको खाने में मुंह बनाते हैं. अनहेल्दी खाने की चीजों जैसे की जंक फूड और पैकेज्ड फूड की तरफ उनका रूझान ज्यादा रहता है. यह चीजें सही ग्रोथ और शरीर मजबूत बनाने से रोक सकती हैं. ऐसे में बच्चों की खास देखभाल करने की जरूरत होती है, जिसमें डाइट और लाइफस्टाइल पर ध्यान देना जरूरी है. आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंग जो आपके बच्चों को हेल्दी रखने में मदद कर सकते हैं.**

## हेल्दी ब्रेकफास्ट

बच्चे के ब्रेकफास्ट में हमेशा हेल्दी चीजों को ही शामिल करें. अमूमन घरों में नाश्ते में ब्रेड-बटर या फिर रेडी टू ईट चीजों का सेवन किया जाता है. जिससे बच्चों से सही से पोषण नहीं मिल पाता है. ऐसे में आप उनके लिए घर में ही हेल्दी चीजें बनाएं. आप उन्हें नाश्ते में इडली, डोसा, उपमा या पोहा उन्हें दे सकते हैं.

## घर में बनाएं स्प्रेड

अगर आपके बच्चे को चॉकलेट स्प्रेड, जैम और केचप खाना पसंद है तो इन चीजों को बाजार से खरीदने की बजाय घर पर ही बनाने की कोशिश करें. क्योंकि बाहर मिलने वाली चीजों में प्रिजर्वेटिव होते हैं जो सेहत के लिए अच्छे नहीं पाए जाते.

## पैकेज्ड फूड

पैकेज्ड फूड्स चिप्स, कुकीज जैसी चीजों का सेवन सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है. इसलिए आप इन चीजों से बच्चों को बचाएं और घर पर बनी चीजों को ही उन्हें खाने के लिए दें.

## फल

अपने बच्चे की डाइट में फलों को जरूर शामिल करें. एक दिन में कम से कम उनकी डाइट में 1 सीजनल फ्रूट जरूर शामिल करें.

## पैकेज्ड जूस

पैकेज्ड जूस में केवल प्रिजर्वेटिव और चीनी होती है. इनका सेवन करने से बच्चे बीमार भी हो सकते हैं. इसलिए इनकी जगह ताजे फलों का जूस, नींबू पानी, नारियल पानी देना शुरू करें.

## हरी सब्जियां

अपने बच्चे की डाइट में सीजनल सब्जियां और हरी सब्जियां जरूर शामिल करें. अगर वो इनको देखकर मुंह बनाते हैं तो आप क्रिएटिव तरीके से उनकी डाइट में हरी सब्जियों को शामिल करें.

# भारतीय टीम की सबसे बड़ी टेस्ट जीत, अफगानिस्तान को एक पारी और 300 रनों से हराया

**न्यू चंडीगढ़ (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां खेले गये एकमात्र क्रिकेट टेस्ट मैच के तीसरे दिन ही अफगानिस्तान को एक पारी और 300 रनों से हरा दिय। इस मैच में अफगानिस्तान की टीम फॉलोऑन खेलते हुए अपनी दूसरी पारी में भी केवल 112 रनों पर ही आउट हो गयी। वहीं वह पहली पारी में 152 रनों पर आउट हो गयी थी, भारत की ओर से सबसे अधिक 6 विकेट मानव सुधार ने लिए। फॉलोऑन खेलने उतरी अफगानिस्तान की टीम दूसरी पारी में भी केवल 112 रन पर सिमट गई। भारतीय टीम ने पहली पारी 8 विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की थी। ऐसे में उसे पहली पारी के आधार पर 412 रनों की बढ़त मिली थी। इसके बाद भारतीय टीम ने अफगान टीम को फॉलोऑन के लिए बुलाया। अफगान टीम दूसरी पारी में भी टिक नहीं पायी और केवल 112 रन ही बना पायी। सलामी बल्लेबाज सिद्दीकुल्लाह अटल ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाये। वहीं भारतीय टीम की ओर से सुंदर ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। कुलदीप यादव ने 3 विकेट, मोहम्मद सिराज ने 1 विकेट और मानव सुधार ने 1 विकेट लिया।

इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी 8 विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की थी। भारत की ओर से अपना पहला टेस्ट खेल रहे स्पिनर मानव सुथार ने इस मैच में काफी अच्छी गेंदबाजी कर कुल 7 विकेट लिए। सुधार ने पहली पारी में 22 ओवर में 33 रन देकर छह विकेट लिए जबकि दूसरी पारी में एक विकेट लिया। वहीं वाशिंगटन सुंदर ने अफगानिस्तान की दूसरी पारी में चार विकेट जबकि कुलदीप यादव ने तीन विकेट लिए। इस मैच में जीत के साथ ही भारतीय टीम ने पारी और रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत 300 रनों से हासिल की है। यह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में टीम इंडिया की सबसे बड़ी जीत रही। इससे पहले भारतीय टीम ने साल 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पारी और 272 रनों से जीत हासिल की थी।

इस मैच में भारतीय टीम पूरी तरह से हावी रही। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल ने शतक लगाये जबकि साई सुदर्शन और ऋषभ पंत ने अर्धशतक लगाया। शुभमन ने 15 चौके और 1 छक्के की मदद से 126 रनों की पारी खेली जबकि केएल राहुल ने 11 चौके लगाकर 100 रन बनाए। साई सुदर्शन और ऋषभ पंत ने 81-81 रन जबकि वाशिंगटन सुंदर ने 52 रन बनये। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए उतरी अफगान टीम सुधार की फिरकी में उलझ गयी और पहली पारी में 152 रन ही बना पायी। केवल रहमत शाह ही 60 रनों की पारी खेली जबकि बाकी सभी बल्लेबाज विफल रहे। सुथार ने सबसे ज्यादा 6 विकेट लिए जबकि प्रसिद्ध



कृष्णा ने 3 जबकि वाशिंगटन सुंदर ने 1 विकेट लिया।

## ज्वेरेव ने फ्रेंच ओपन टेनिस खिताब जीता



**पेरिस (एजेंसी)।** जर्मन के टेनिस स्टार अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने इटली के फ्लावियो कोबोली को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस 2026 का पुरुष एकल खिताब जीत लिया है। ज्वेरेव ने खिताबी मुकाबले में कोबोली को 4 घंटे 16 मिनट तक चला, जिसमें ज्वेरेव ने कोबोली को 6-1, 4-6, 6-4, 6-7 (5-7), 6-1 से जीत दर्ज की। इसी के साथ ही जर्मन खिलाड़ी ने अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब भी जीत लिया। पेरिस के प्रतिष्ठित रोलां गैरोस में खेला गया यह ऐतिहासिक मुकाबला 4 घंटे 16 मिनट तक चला। इस मैच में दूसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव शुरुआत से ही हावी रहे। पहले सेट में अपनी सर्विस और फोरहैंड का शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मन खिलाड़ी ने 6-1 से जीत दर्ज की। 10वीं वरीयता प्राप्त कोबोली ने दूसरे सेट में शानदार वापसी करते हुए ज्वेरेव को कड़ी टक्कर दी। कोबोली ने हुए दूसरा सेट 6-4 से जीतकर मुकाबले को बराबरी पर ला खड़ा किया। तीसरे सेट में ज्वेरेव ने एक बार फिर वापसी करते हुए हुए 6-4 से बढ़त बना ली। चौथा सेट बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण रहा। इसमें दोनों खिलाड़ियों ने पूरी ताकत लगा दी। ये सेट टाईब्रेकर तक पहुंचा, जहां कोबोली ने 7-5 से जीत हासिल की और मैच को निर्णायक पांचवें सेट तक पहुंचा दिया। इसके बाद ज्वेरेव की हार तय लग रही थी पर पांचवें सेट में, ज्वेरेव ने अपने अनुभव क इस्तेमाल करते हुए कोबोली की सर्विस दो बार तोड़ी और लगातार अंक हासिल हुए 6-1 से यह सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम किया।

यह जीत ज्वेरेव के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि इससे पहले वह तीन ग्रैंड स्लैम फाइनल में हारे हैं। वह 2020 यूएस ओपन, 2024 फ्रेंच ओपन और 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में जीत के करीब पहुंचकर भी हार गए थे। इस बार जर्मन खिलाड़ी ने मानसिक मजबूती बनाये रखकर मुकाबले में जीत दर्ज की। इसी के साथ ही ज्वेरेव फ्रेंच ओपन के ओपन एरा में खिताब जीतने वाले पहले जर्मन पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले, 1937 में जर्मनी के हेनर हेन्केल ने रोलां गैरोस का खिताब जीता था। इस लिहाज से, ज्वेरेव ने 89 साल के लंबे इंतजार को समाप्त करते हुए ये ट्रॉफी जीती है।

## मुंबई इंडियंस को छोड़ सकते हैं सूर्यकुमार, केकेआर या सीएसके जाने की संभावना

**मुम्बई (एजेंसी)।** बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अब आईपीएल टीम मुंबई इंडियंस को छोड़ सकते हैं। सूर्या के बाहर किये जाने की अटकलों को इस लिए भी बल मिल रहा है क्योंकि उन्होंने सोशल मीडिया में मुंबई इंडियंस को अनफॉलो कर दिया है। इतना ही नहीं, उनके अकाउंट से मुंबई इंडियंस की जर्सी वाली तस्वीरें भी हट गयी हैं। इससे ये साफ होता है कि सूर्या अब मुम्बई इंडियंस से नहीं खेलेंगे।



सूर्यकुमार को हाल ही में इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया और उनसे कप्तानी से भी हटा दिया गया। गौरतलब है कि इस आईपीएल सत्र में भी मुंबई इंडियंस के लिए भी उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। उन्हें पिछली बार मेगा नीलामी में मुंबई इंडियंस ने 16.25 करोड़ रुपये में बरकरार रखा था जिस पर इस बार भी बरकरार रख गया था। वह साल 2018 से ही लगातार मुंबई इंडियंस का अहम हिस्सा रहे हैं पर जिस प्रकार से उनका प्रदर्शन खराब हुआ है। उससे अब लगता है कि मुम्बई भी उन्हें आगे बनाये नहीं रखना चाहती।

ऐसे में अब कई रिपोर्ट्स ये दावा कर रही हैं कि अगर सूर्यकुमार मुंबई से बाहर जाते हैं तो वह अपनी पुरानी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) जा सकते हैं। केकेआर को भी अपने लिए एक बेहतर कप्तान और शीर्ष क्रम में एक अनुभवी भारतीय बल्लेबाज की जरुरत है। कोलकाता के अलावा सूर्या चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) भी जा सकते हैं। इसका कारण है कि सीएसके भी एक बेहतर बल्लेबाज की तलाश में है।

मुंबई के लिए उन्होंने अब तक कुल 127 मैचों में 4020 रन बनाए हैं, जिसमें दो शानदार शतक भी शामिल हैं। वहीं केकेआर के लिए अपने पहले कार्यकाल में सूर्या ने 60 मैचों में 684 रन बनाए थे, जिसमें चैंपियंस लीग टी20 के 127 रन भी शामिल हैं।

## महंगी कीमतों से फीफा विश्व कप 2026 के प्रति प्रशंसकों का आकर्षण घटा

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में संयुक्त रुप से शुरु होने जा रहे फीफा विश्वकप फुटबॉल को लेकर प्रशंसकों में वैसा उत्साह नहीं दिखता जो आम तौर पर देखा जाता है। इस कारण विश्वकप के महंगे टिकट, तीन देशों के बीच यात्रा का अत्यधिक खर्च और अमेरिका में प्रवेश संबंधी दिक्कतें हैं। इससे प्रशंसक घर से ही मैच देखना चाहते हैं।

इंग्लैंड के एक ऐसे ही प्रशंसका का कहना है कि उससे पिछले चार विश्व कप देखें पर इस बार वह यूरोप में ही रहकर टूर्नामेंट के कुछ मुकाबलों का आनंद पुर्तगाल के समुद्र तट पर लगी स्क्रीन में उठाएगा। वहीं अर्जेंटीना के प्रशंसक ने कहा कि वह इस बार केवल दो मैच देखकर ही स्वदेश लौट जाएगा। इससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि इस बार पहले की तादाद में कम प्रशंसक विश्वकप में दिखेंगे। विश्व कप के दौरान अपनी टीम का समर्थन करने के लिए लंबी छुट्टियां लेकर विदेश यात्रा करने वाले प्रशंसक आमतौर पर धानी वर्ग से आते हैं पर पिछले टूर्नामेंटों में सीमित साधनों वाले प्रशंसक भी वर्षों तक बचत कर इस विश्वकप में पहुंच जाते थे पर इस



बा कीमतें अधिक होने से उनकी कमी रहेगी।

पिछली बार, ग्रुप चरण के सबसे निचले श्रेणी के टिकट 69 डॉलर में उपलब्ध थे। वहीं इस बार, फीफा उन्हीं टिकटों को 265 डॉलर तक में बेच रहा है, जो चार गुना से भी अधिक की कीमत है। इसके अलावा, रूस 2018 और कतर 2022 विश्व कप में मेजबान शहरों के बीच निःशुल्क परिवहन सुविधा दी गई थी, जबकि अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में फैले 16 स्टेडियमों के बीच यात्रा करना कहीं अधिक महंगा साबित रहेगा। पहले, फीफा के आधिकारिक पुनर्विक्रय रीसेल मंच पर टिकट मूल कीमत से अधिक पर नहीं बेचे जा सकते थे पर इस बार, संस्था ने प्रशंसकों को अपनी इच्छानुसार ऊंची कीमत पर टिकट बेचने की अनुमति दे दी है और हर लेनदेन पर 30 फीसदी शुल्क भी वसूल रही है। वहीं फीफा का कहना है किटिकटों की अधिक कीमतों के बाद भी मांग पर विशेष असर नहीं पड़ा है। प्रशंसकों का मानन है कि इस बार कीमतें काफी अधिक हैं। उनके मुताबिक, अमेरिका अब तक का सबसे खराब मेजबान साबित होगा।

## ट्राई-सीरीज : इंडिया ए और श्रीलंका ए के बीच आज पहला मैच, सूर्यवंशी पर रहेगी नजर




मुम्बई । मंगलवार 09 जून 2026 से इंडिया ए, श्रीलंका ए और अफगानिस्तान ए के बीच 7 मैचों की वनडे ट्राई सीरीज शुरू हो रही है। पहला मैच इंडिया ए और श्रीलंका ए के बीच खेला जाएगा और इस दौरान सभी की नजरें युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी पर रहेंगी। सूर्यवंशी का क्रेज जबरदस्त है। स्क्वाड में उनका नाम घोषित होने के बाद ब्रॉडकास्टर्स ने अपनी रणनीति पर फिर से विचार किया। असल में इस सीरीज के लिए कोई ब्रॉडकास्टिंग चैनल तय नहीं था। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक BCCI की घोषणा के बाद सोनी स्पोर्ट्स मैच को लाइव दिखाने के लिए तैयार हो गया।

## वैभव को अपने अनुसार खेलने दें, उसपर बेवजह दबाव न बनायें : गांगुली

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि 15 साल के वैभव सूर्यवंशी पर अभी से दबाव डालना सही नहीं है। साथ ही कहा कि वह अभी बच्चा है और उसे अपने अनुसार खेलने दें। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद वैभव को आयरलैंड और इंग्लैंड के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। इसी को देखते हुए गांगुली ने कहा है कि वैभव पर किसी तरह का बेवजह का दबाव न बनाये और उसे अपने स्वाभविक अंदाज में खेलने दें। गांगुली ने से बातचीत में प्रशंसकों और क्रिकेट विशेषज्ञों से विशेष तौर पर अपील की कि वे वैभव पर अनावश्यक अपेक्षाओं का बोझ न डालें। गांगुली ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमें उसे उसके हाल पर छोड़ देना चाहिए। वह अभी केवल 15 साल का बच्चा है और मुझे नहीं लगता कि वह दबाव के बारे में बहुत अधिक सोचता होगा। आईपीएल में हमने देखा कि वह निडर होकर खेलता है हालांकि भारतीय टीम के लिए खेलना एक बिलकुल अलग अनुभव है, और वह उन विदेशी दौरों पर जा रहा है जहां की पिचें काफी हमारे यहां से काफी अलग होंगी।' गांगुली का मानना है कि वैभव में अपार प्रतिभा है पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की शुरुआत में उनसे तुरंत चमत्कारी प्रदर्शन की उम्मीद नहीं करनी चाहिये। उन्होंने जोर देकर कहा, 'उसे बस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने पैर जमाने का अवसर दें। भारत में कई अन्य खिलाड़ियों की तरह उसके पास भी जबरदस्त प्रतिभा है, इसलिए उम्मीदों का बोझ डालकर उसे परेशान न करें।' वैभव के लिए असली परीक्षा अब शुरू होगी। भारतीय टीम को 26 और 28 जून को आयरलैंड में दो टी20 मैच खेलने हैं, जिसके तुरंत बाद 1 जुलाई से 11 जुलाई के बीच इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज होनी है। आईपीएल की सपाट और बल्लेबाजी के अनुकूल पिचों पर छक्के उड़ाना अलग बात है पर इंग्लैंड में यूनाइटेड तेज और उछल भरी पिचों पर अपने को साबित करना बिल्कुल अलग चुनौती होगी।



## संन्यास के सवाल पर भड़कीं हरमनप्रीत

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम इस समय टी20 विश्वकप खेलने के लिए लंदन गयी हुई है। इसी दौरान सभी कप्तानों के लिए आयोजित एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में संन्यास को लेकर पूछे गये सवाल पर भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर भड़क गयीं। हरमनप्रीत ने उल्टे उस रिपोर्टर से ही पूछ लिया कि वह इस प्रकार के सवाल क्यों पूछ रहा है। इस बातचीत का एक वीडियो भी। सोशल मीडिया पर आया है। इसमें दिख रहा है कि हर पत्रकार वार्ता में रिपोर्टर बारी-बारी से हर कप्तान से सवाल पूछे जा रहे थे। जब भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर की बारी आई, तो एक रिपोर्टर ने उनसे सीधा सवाल किया, क्या यह आपका आखिरी विश्व कप है? आप इस पर क्या कहना चाहेंगी? इस सवाल पर हरमनप्रीत ने उलटे रिपोर्टर से ही पूछ लिया। उन्होंने कहा, यह मेरा आखिरी विश्व कप क्यों? क्या आप चाहते हैं कि मैं सन्यास ले लूं? हरमनप्रीत के इस तीखे जवाब से रिपोर्टर झेंप गया। उसने तुरंत



अपनी बात संभालते हुए कहा, नहीं, मैं बस जानना चाह रहा था। मुझे यह सुनकर अच्छा लगा कि यह आपका आखिरी विश्व कप नहीं है। रिपोर्टर के इस जवाब पर भी हरमनप्रीत ने अपनी बात पूरी करते हुए पूछा, फिर आप ऐसा पूछ क्यों रहे हैं? हरमनप्रीत के इस अंदाज से पता चलता है कि वह बेहद स्पष्टवादी हैं।

गौरतलब है कि महिला टी20 विश्व कप 2026 का शुरुआती मैच मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच 12 जून को खेला जाएगा। वहीं, भारतीय टीम अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत 14 जून को परंपरागत-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगी। ये मुकाबला रोमांचक होना तय है। लीग स्टेज में भारत को कुल पांच मैच खेलने हैं। पाकिस्तान के बाद, भारतीय टीम का अगला मुकाबला 17 जून को नीदरलैंड्स से होगा। इसके बाद, 21 जून को भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी। भारतीय टीम अपना अपना चौथा लीग मैच 25 जून को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। वहीं अपना अंतिम मुकाबला 28 जून को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी। विश्वकप में कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं, जिन्हें छह-छह टीमों के दो ग्रुप, ग्रुप ए और ग्रुप बी में बांटा गया है। भारतीय टीम को ग्रुप ए में रखा गया है, जिसमें कुछ बेहद मजबूत टीमें भीशामिल हैं। इसी को लेकर हरमनप्रीत ने कहा कि टीम किसी भी प्रकार के मुकाबले के लिए तैयार है।

## ब्राजील ने चोटिल वेस्ली की जगह अपनी विश्वकप टीम में एडरसन को किया शामिल



ब्रासीलिया । ब्राजील के मुख्य कोच कार्लो एंसेलोटी ने चोटिल डिफेंडर वेस्ली की जगह अपनी विश्वकप टीम में मिडफील्डर एडरसन को शामिल किया है। मिस्र के खिलाफ शनिवार को ब्राजील की 2-1 से मैत्री जीत में खेलने वाले वेस्ली को बाएं पैर की जांघ की मांसपेशी में खिंचाव के कारण बाहर होना पड़ा। बाद में मेडिकल टेस्ट से पुष्टि हुई कि इस चोट के कारण रोमा के विंग-बैक खिलाड़ी टूर्नामेंट से बाहर हो जाएंगे। ब्राजीलियन फुटबॉल परिसंघ (CBF) ने जारी एक बयान में कहा कि वेस्ली 'टीम के बहुत चहेते' हैं और वर्ल्ड कप में न खेल पाने के बावजूद उन्हें टीम की भविष्य की योजनाओं का हिस्सा माना जाएगा। ब्राजील के मुख्य कोच कार्लो एंसेलोटी ने पुष्टि की है कि अंतिम मंजूरी मिलने के बाद अटलांटा के एडरसन को 26 खिलाड़ियों वाली टीम में उनकी जगह बुलाया जाएगा। उम्मीद है कि एडरसन सोमवार को न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी में राष्ट्रीय टीम के ट्रेनिंग कैंप में शामिल होंगे। 26 वर्षीय एडरसन ब्राजील की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के लिए तीन बार सीनियर स्तर पर खेल चुके हैं, जिसमें लगभग दो साल पहले मैक्सिको के खिलाफ एक मैत्री मैच में शुरुआती लाइन-अप में शामिल होना भी शामिल है। वह कनाडा, मैक्सिको और अमेरिका में होने वाले विश्वकप में खेलने वाले 60 से अधिक सीरी-ए खिलाड़ियों में से एक हैं। ब्राजील अपने विश्व कप ग्रुप सी अभियान की शुरुआत 13 जून को मोरक्को के खिलाफ करेगा, इसके बाद 19 जून को हैती और 24 जून को स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच होंगे।

## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड कर सकता है कोच और कप्तान में बदलाव, सरफराज और शान होंगे बाहर




लाहौर । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में पाक टीम की करारी हार से बेहद नाराज है। पीसीबी अब कोच और कप्तान में बदलाव करने जा रहा है। इसी के तहत ही पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी टीम के मुख्य कोच सरफराज खान और कप्तान शान मसूद को उनके पदों से हटाकर नये कोच और कप्तान नियुक्त करने जा रहे हैं। पीसीबी पूर्व क्रिकेटर यूनिस खान को कोच जबकि मोहम्मद हफीज को नया कप्तान बनाना चाहता है। बांग्लादेश ने हाल ही में समाप्त हुई दो टेस्ट मैचों की सीरीज में पाक को 2-0 से हरा दिया था। इसी को देखते हुए पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी के सलाहकारों ने टेस्ट टीम में बदलाव की सलाह दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पीसीबी इस समय यूनिस और ऑलराउंडर हफीज के साथ लगातार बातचीत कर रहा है। बोर्ड चाहता है कि ये दोनों दिग्गज राष्ट्रीय टीम में मुख्य भूमिकाएं संभालें। यूनिस और हफीज दोनों की ही पीसीबी अधिकारियों के साथ बोर्ड में प्रमुख पदों पर शामिल होने को लेकर बात हुई है, हालांकि, अभी तक चीजों को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। वहीं मुख्य कोच सरफ़राज़ खान को हटाकर बोर्ड उन्हें वापस नेशनल अंडर-19 और 'ए' टीमों के प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपना चाहता है पर सरफराज को तभी हटाया जा सकता है जब पीसीबी पूर्व कप्तान यूनिस खान के साथ किसी समझौते पर पहुंच जाएगा। वहीं यूनिस ने पीसीबी में कोई भी पद स्वीकार करने के लिए बेहद कड़ी शर्तें रखी हैं, जिन पर अभी बात चल रही है। वहीं लगातार हार के बाद मसूद की टेस्ट कप्तानी भी जाना तय है। बोर्ड उन्हें कप्तान पद से हटाने पर विचार कर रहा है, लेकिन मसूद ने बोर्ड से कुछ और समय की मांग की है। शान मसूद चाहते हैं कि आगामी वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली विदेशी टेस्ट सीरीज में उन्हें टीम का नेतृत्व करने का एक और मौका दिया जाए। पाकिस्तान को वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच 25 जुलाई से ब्रायन लारा क्रिकेट एकेडमी में खेलना है, जो मसूद के भविष्य के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। दूसरी ओर, मोहम्मद हफीज को मुख्य चयनकर्ता और 'हेड ऑफ इंटरनेशनल क्रिकेट' जैसे बड़े पदों के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है।

## फ्लोरेंटिनो पेरेज चुनाव जीते, साल 2030 तक रियल मैड्रिड के प्रेसिडेंट बने रहेंगे

मैड्रिड रियल मैड्रिड के प्रेसिडेंट फ्लोरेंटिनो पेरेज को एक बार फिर चुनावों में जीत हासिल हुई। दो दशक के बाद हुए इन चुनावों के बाद अब वह साल 2030 तक के लिए रियल के प्रेसिडेंट बने रहेंगे। 79 वर्षीय पेरेज को अब अगले चार साल तक क्लब संभालने की जिम्मेदारी मिल गयी है। वहीं क्लब के इलेक्टोरल बोर्ड द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पेरेज को कुल वोटों में से 65 फीसदी हासिल किये। उन्हें 21,741 सोसियोस (क्लब के सदस्य-मालिक) के वोट मिले। वहीं उनके विरोधी 37 वर्षीय रिन्यूएबल एनर्जी एंटरप्रेन्योर एनरिक रिक्वेल्मे को केवल 11,814 वोट ही मिले, जो कुल वोटों का 35 फीसदी था। रियल मैड्रिड के इलेक्टोरल बोर्ड ने 100 फीसदी इन-पर्सन और मेल-इन वोटों की गिनती के बाद घोषणा की कि पेरेज की टीम ने रियल मैड्रिड के प्रेसिडेंट और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के चुनाव जीत लिए हैं। रियल मैड्रिड सिटी बास्केटबॉल पवेलियन में कुल 33,555 सदस्यों ने इन-पर्सन और मेल-इन बैलेट के जरिए मतदान किया। दोबारा चुने जाने के बाद, पेरेज ने अपनी जीत को एक बहुत अच्छा परिणाम बताया। उन्होंने कहा, हम चुनाव जीत गए हैं और खिताब जीतते रहने के लिए काम करते रहेंगे। हमने सभी पोलिंग स्टेशन पर जीत हासिल की है और रियल मैड्रिड के चुनावों के इतिहास में दूसरा सबसे बेहतरीन परिणाम दर्ज किया है। फ्लोरेंटिनो पेरेज की इस जीत के साथ ही रियल मैड्रिड में अब बड़े बदलाव की तैयारी है। उनकी वापसी का मतलब है कि सोमवार को जोस मोरिन्हो को क्लब का नया मैनेजर आधिकारिक रूप से घोषित किया जा सकता है। रिपोर्टों के अनुसार, मोरिन्हो को टीम में वापस लाने के लिए रियल मैड्रिड पुर्तगाली क्लब बेनफिका को 1.5 करोड़ यूरो (15 मिलियन यूरो) की रिलीज फीस का भुगतान करेगा।

## ऑस्ट्रेलिया ओपन:सिंधू की निगाह खिताब पर, पुरुष वर्ग में आयुष करेंगे अगुवाई

**सिडनी (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मंगलवार से यहां शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे खिताब के सूखे को खत्म करने की कोशिश करेंगी, जबकि उभरते सितारे आयुष शेट्टी पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल जीतने के बाद से अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीतने की कवायद में हैं।

पूर्व विश्व चैंपियन का इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जनवरी में मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचना रहा है। सिंधू को यहां अनुकूल ड्रॉ मिला है। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी का पहला मैच पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो से होगा। इस मैच में जीत दर्ज करने के बाद उनका सामना हमवतन इशारानी बरुआ और चीन की हान कियान शी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। सिंधू पिछले सप्ताह इंडोनेशिया ओपन में राउंड-ऑफ-16 में पहुंची थी जहां उन्हें विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से-यंग से हार का सामना करना पड़ा था।

अगर सिंधू सेमीफाइनल तक पहुंचती है तो वहां उनका सामना जापान की विश्व में तीसरे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से हो सकता है। फाइनल में उनका मुकाबला थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से हो सकता है। महिला एकल ड्रॉ में ही तन्वी शर्मा का सामना चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त चियू पिन-चियान से, जबकि मालविका बंसोड़ का मुकाबला मलेशिया की गोह जिन वेई से होगा।

अनमोल खरब को जापान की पूर्व विश्व चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त नोजोमी ओकुहारा के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। आकर्षी कश्यप का मुकाबला मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से, जबकि तान्या हेमंत का अमेरिका की इशिका जायसवाल से होगा। पुरुष एकल में विश्व के 20वें नंबर के खिलाड़ी और यहां छठी वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी अपना पहला मैच क्वालीफायर के खिलाफ खेलेंगे। एचएस प्रणय का मुकाबला इंडोनेशिया के मोहम्मद जाकी उबा से होगा, जबकि किरण जॉर्ज पहले दौर में मलेशिया के जस्टिन होह का सामना करेंगे।

पुरुष युगल में इंडोनेशिया ओपन में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले हरिहरन अमसाकरुनन और एमआर अर्जुन को पहले दौर



में चीनी ताइपे के ली फांग-चिह और ली फांग-जेन की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। अच्युतादित्य राव डोड्डावारापू और पोचना अर्जुन रेड्डी का मुकाबला चीन के हुआंग डि और लियू यांग से होगा। महिला युगल के मुख्य ड्रॉ में कोई भी भारतीय जोड़ी भाग नहीं ले रही है। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी हांगकांग के चान यिन चक और एनजी त्स यौ के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी।

